4 | रायपुर संभाग
जनपद पंचायत धमतरी में हुआ प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत...

6 | अभिमत
भारतीय अर्थव्यवस्था प्रगति के पथ पर

09 | विविध
गौरव पथ में भ्रष्टाचार, अघोषित बिजली कटौती...

10 | संस्कारधानी
अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम सिर्फ एक तमगा...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 29 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-307 मूल्य 3.00 ₹

त्वरित न्यूज

हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले

रांची। झारखंड में जमीन घोटाला के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उच्च न्यायालय से

जमानत मिलने के बाद वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर आ गए। जमानत याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय ने ही अपना फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय ने हेमंत सोरेन को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। इसके बाद कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद सोरेन जेल से बाहर आ गए।

दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत ढही, एक की मौत, छह घायल

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 (टी1) की छत का हिस्सा ढह गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारियों से बात की और एक्स पर सुबह सात बजे अपनी पोस्ट में लिखा, टर्मिनल-1 दिल्ली हवाई अड्डे पर छत गिरने की घटना की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं।

जल भराव से निपटने के लिए केजरीवाल सरकार गंभीर : आतिशी

नयी दिल्ली। दिल्ली की लोक निर्माण विभाग की मंत्री आतिशी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार

दिल्ली में जल भराव से निपटने के लिए बेहद गंभीर है। आतिशी ने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ आपात बैठक के बाद शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में मानसून की पहली बारिश हुई है जिसमें पिछले 24 घंटे में दिल्ली में 228 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वर्ष 1936 के बाद पहली बार दिल्ली में एक दिन में इतनी बारिश हुई है।

लोकसभा में नीट मुद्दे पर विपक्ष का जोरदार हंगामा, कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में मेडिकल शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के मुद्दे विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे भी इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गयी थी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एस के नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कहा कि अपने दल के सदस्यों को समझायें कि उन्हें कब खड़े होना है, और कब नहीं। इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीचोबीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्य कह रहे थे कि विद्यार्थियों के साथ न्याय होना चाहिए। वे नारे लगा रहे थे, विद्यार्थियों को न्याय दो, न्याय दो। उनका कहना था कि इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा करायी जानी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी-अपनी सीट पर जाने के कई बार कहा, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने सदस्यों को नारेबाजी करने के लिये चुनकर यहां नहीं भेजा है। सदन और सड़क में अंतर होना चाहिए। अध्यक्ष ने हंगामे के बीच ही कुछ विधायी कार्य संपन्न करवाया। इसी बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिये तैयार है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होने के बाद किसी भी मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस तरह हंगामा नहीं करना चाहिये।

राज्यसभा में प्रदर्शन के दौरान बेहोश हुईं फूलोदेवी नेताम, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। संसद के विशेष सत्र के दौरान शुक्रवार को नीट मामले को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। इस हंगामे के दौरान छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम की तबियत बिगड़ गई और वे सदन में बेहोश होकर गिर गईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। दरअसल शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा प्रस्तावित थी, लेकिन दोनों सदनों में विपक्ष नीट मामले पर चर्चा को लेकर विपक्ष का हंगामा चल रहा था। इस दौरान फूलो देवी भी सदन में प्रदर्शन कर रही थीं। वह नारेबाजी करती हुईं सदन के वेल तक पहुंच गईं। अचानक वह लड़खड़ाकर वेल में ही गिर गईं। इसके बाद उन्हें एम्बुलेंस में ले जाया गया। फूलो देवी भी विरोध प्रदर्शन में विपक्षी सांसदों के साथ प्रदर्शन में शामिल थीं। इसी दौरान उनकी अचानक तबीयत खराब हो जाती है और वह लड़खड़ाकर गिर जाती है। वहां मौजूद अन्य सांसदों ने फूलो देवी को संभाला। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस से आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक में माओवादी समस्या के समूल उन्मूलन पर दिया गया जोर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में माओवादी गतिविधियों में निरन्तर कमी आ रही है। राज्य में केन्द्रीय सुरक्षा बलों और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बेहतर तालमेल के साथ माओवादियों के विरूद्ध सफलतापूर्वक चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के कारण यह संभव हो सका है। माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के साथ-साथ शासन की नवीन ''नियद नेल्लानार योजना'' के तहत विकास कार्यों में भी तेजी लायी जा रही है, जिससे आम जनता का शासन व प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री साय ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सुचारू आवागमन हेतु सड़क, पुल-पुलियों एवं अन्य शासकीय निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में संचालित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किये जाने हेतु आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के भी निर्देश मुख्यमंत्री साय द्वारा दिये गये। बैठक में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाये जाने तथा स्थानीय ग्रामीणों को विश्वास में लेकर माओवाद के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। साथ ही माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात केन्द्रीय और राज्य के सुरक्षा बलों के जवानों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई तथा सुरक्षा बलों के कैम्पों में जवानों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्यों विशेषतः महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश और उड़ीसा के साथ बेहतर समन्वय, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त कार्यवाही, सम्पर्क मार्गों पर सुरक्षा बलों द्वारा सतत निगरानी के निर्देश दिये गये और सीमावर्ती राज्यों के साथ सूचनाओं को साझा किये जाने पर भी जोर दिया गया।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने दो पटवारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो भ्रष्ट पटवारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी ने खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में एक भ्रष्ट पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पटवारी विवेक परगनिया, जो टोलागांव के किसान किशोर दास साहू से जमीन के कागजात में त्रुटि सुधार के नाम पर 4,000 रुपये की रिश्वत मांग रहा था, को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पटवारी को अदालत में पेश किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पटवारी विवेक परगनिया, प्रकाशपुर हल्का नंबर 11 में पदस्थ था और किसान किशोर दास साहू से रिश्वत की मांग कर रहा था। जब किसान ने रिश्वत देने से इंकार किया तो पटवारी उसे लगातार चक्कर लगवा रहा था। परेशान किसान ने रायपुर स्थित एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के सत्यापन के बाद, एसीबी की आठ सदस्यीय टीम ने खैरागढ़ पहुंचकर ग्राम प्रकाशपुर में कार्रवाई की और पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी पटवारी, जो रायपुर के ममता नगर का निवासी है, को खैरागढ़ व्यवहार न्यायालय में पेश किया जाएगा। दूसरे मामले में, ग्राम पनगांव, तहसील पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा के निवासी संजय कुमार खुंटे ने एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। संजय कुमार ने बताया कि वह ग्राम पनगांव में स्थित 25 डिसमिल जमीन का नक्शा कटवाने के लिए पटवारी विजय लहरे से संपर्क कर रहा था, जिसने 3,500 रुपये रिश्वत की मांग की थी। संजय कुमार ने रिश्वत देने की बजाय एसीबी को सूचना दी और योजना बनाकर पटवारी विजय लहरे को उसके कार्यालय में 3,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि दोनों गांवों के ग्रामवासी भ्रष्ट पटवारियों से परेशान थे और एसीबी की इस कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है। भारी संख्या में ग्रामवासी एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर अपने समर्थन और आभार व्यक्त कर रहे थे। एंटी करप्शन ब्यूरो की यह त्वरित कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे आम जनता में विश्वास बढ़ेगा। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से अन्य भ्रष्ट अधिकारियों को भी सबक मिलेगा।

विक्रम मिसरी होंगे अगले विदेश सचिव

नयी दिल्ली/वार्ता। राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार और भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी देश के अगले विदेश सचिव होंगे। मंत्रिमंडल की

नियुक्ति संबंधी समिति के निर्णय के अनुसार विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के अक्टूबर अंत तक विस्तारित कार्यकाल को छोटा कर दिया गया है और अब उनका कार्यकाल 14 जुलाई को समाप्त हो जायेगा और उसके बाद मिसरी विदेश सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के शुक्रवार को जारी एक अधिशासी आदेश के अनुसार मिसरी की नियुक्त 15 जुलाई से प्रभावी होगी। सरकार ने क्वात्रा (आईएफएस 1988) को 12 मार्च को विदेश सचिव के पद पर 30 अप्रैल 2024 से आगे छह माह के लिए 31 अक्टूबर 2024 की अवधि के लिए सेवा विस्तार दिया था। सरकार ने उस आदेश में संशोधन करते हुए उनकी विस्तार की अवधि को 14 जुलाई तक सीमित किया है। वर्ष1989 बैच के आईएफएस अधिकारी मिसरी एक जनवरी 2022 से राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में राष्ट्रीय उपसलाहकार के पद पर कार्यरत थे। सात नबंबर 1964 को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में हिन्दू परिवार में जन्मे मिसरी दिल्ली के हिन्दू कॉलेज से स्नातक और जमशेदपुर से जेवियर प्रबंधन संस्थान से एमबीए हैं।

कैट से सुधीर अग्रवाल को निराशा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सात अफसरों को किनारे करके व्ही श्रीनिवास राव को जब हेड ऑफ फॉरेस्ट बनाया गया तो चारों ओर इसका विरोध हुआ। सीनियर आईएफएस सुधीर अग्रवाल इस निर्णय के खिलाफ कैट तक पहुंच गए। लेकिन सुधीर को कैट में भी निराशा हासिल हुई। तर्क यह दिया गया कि विशेष चयन समिति ने प्रतिवादी संख्या 4 यानि की वर्तमान हेड ऑफ फॉरेस्ट व्ही श्रीनिवास का चयन पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट एसीआर ग्रेटिंग के आधार पर किया है। यह भी कहा गया कि प्रतिवादी संख्या 4 पिछले पांच वर्षों के सेवा रिकार्ड के अनुसार आवेदक की तुलना में अधिक मेधावी रहा है। वहीं आवेदक की पांच वर्षों की एसीआर ग्रेटिंग प्रतिवादी संख्या 4 से कम है। व्ही श्रीनिवास राव का कुल औसत एपीएआर ग्रेड 50 में से 49.62 थे, जबकि आवेदक यानि की सुधीर अग्रवाल का एपीएआर ग्रेड 50 में से 48 था। कैट ने यह भी कहा कि आवेदक ने गलत आशंका जताई कि प्रतिवादी संख्या 4 को गलत तरीके पदोन्नत किया गया है। दरअसल में यह मामला चयन पर नियुक्ति का है, पदोन्नति का नहीं। इसलिए मापदंड योग्यता पर आधारित है, वरिष्ठता पर नहीं। यह भी कहा गया कि आवेदक की केवल यह आशंका है कि प्रतिवादी संख्या 4 को उसके स्थान पर गलत तरीके से पदोन्नत किया गया है। बहरहाल अब कैट का भी निर्णय सामने आ चुका है, इसके बाद सुधीर आगे क्या कदम उठाते हैं, यह निकट भविष्य में ही स्पष्ट हो सकेगा।

कर्नाटक में वैन खड़ी ट्रक से टकरायी, 13 की मौत

वार्ता ➤ हावेरी
www.dailypioneer.com

कर्नाटक में हावेरी जिले के गुंडेनहल्ली में एक वैन के खड़ी ट्रक से टकरा जाने से 13 लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना करीब 03:45 बजे उस समय हुई , जब एक वैन राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गयी। दुर्घटना में वैन में सवार 17 यात्रियों में से 11 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी अनुसार घायलों को हावेरी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें दो गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को आईसीयू में रख गया है।

CMYK PRINTECH LTD, an established media house invites applications from prospective **Franchisee Partners** for its expansion at 16+locations across **Bharat**.

PROPOSED LOCATIONS:	EXISTING LOCATIONS:
(1) AHMEDABAD	(1) LUCKNOW (UP) ENGLISH & HINDI
(2) NAGPUR	(2) DEHRADUN (UTTARAKHAND) ENGLISH
(3) MUMBAI	(3) CHANDIGARH (UT) ENGLISH
(4) PUNE	(4) BHOPAL (MP) ENGLISH
(5) JAIPUR	(5) RAIPUR (CHHATTISGARH) ENGLISH & HINDI
(6) BENGALURU	(6) RANCHI (JHARKHAND) ENGLISH
(7) FARIDABAD	(7) BHUBANESHWAR (ODISHA) ENGLISH
	(8) VIJAYWADA (AP) ENGLISH
	(9) HYDERABAD (TELANGANA) ENGLISH

The offer brings opportunity to be part of a renowned and reputed media group, **The Pioneer** newspaper being published since 1864. Interested parties, with sound financial background and zeal to make a mark for themselves in the exciting media sector are welcome to come onboard and join **The Pioneer's** journey of credible journalism

FOR DETAILS, CONTACT:
CMYK PRINTECH LTD
2ND FLOOR, 5 PRATAP BHAWAN,
BAHADUR SHAH ZAFAR MARG, NEW DELHI-110002
MOB: 98184 78173, 98184 03768
e-mail: rp.cmyk@gmail.com

बड़े पैमाने पर रोजगार का होगा सृजन

दो हजार करोड़ से यूपी में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

पायनियर संवाददाता ➤ लखनऊ
www.dailypioneer.com

बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में जुटी योगी सरकार प्रदेश में दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुम्भी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये हैं। इस पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां ने केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा। बायो प्लास्टिक एक प्रकार का प्लास्टिक होता है जो प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है। बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं। इस पार्क में प्लास्टिक से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों का विकास और अध्ययन भी किया जाएगा। पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकियों का अध्ययन किया जाएगा।

राज्यसभा में नेता विपक्ष ने की संसदीय परंपरा की अवहेलना : जगदीप धनखड़

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में विपक्ष के नेता ने कार्यवाही में व्यवधान डालने वाले सदस्यों के साथ आसन के निकट आकर संसदीय परंपराओं की घोर अवेहलना की है और संसद के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जब चर्चा हो रही थी और भारतीय जनता पार्टी के सुधांशु त्रिवेदी अपनी बात रख रहे थे तो करीब करीब सभी विपक्षी दलों के सदस्य मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश से संबंधित परीक्षा नीट के पेपर लीक होने के मुद्दे पर चर्चा नहीं कराये जाने के विरोध में आसन के निकट आकर शोर शराबा कर रहे थे। सभापति ने कहा, नेता प्रतिपक्ष स्वयं भी आसन के निकट आ गये हैं और मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि संसद के इतिहास में संसदीय परंपरा इससे पहले कभी इतनी नीचे नहीं गिरी कि स्वयं नेता प्रतिपक्ष और उप नेता भी शोर शराबा करने वाले विपक्षी सदस्यों के साथ आसन के निकट आ गये। इससे पहले नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर कतई गंभीर नहीं है और उसका मकसद केवल सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालना है। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं की मौजूदगी में हुई बैठक में यह तय हुआ था कि धन्यवाद प्रस्ताव पर 21 घंटे की चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले इसके लिए कभी इतना समय आवंटित नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस चर्चा को लेकर गंभीर नहीं है।

आरडीए के ऑन लाईन पेमेन्ट की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर विकास प्राधिकरण के इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 के फ्लैट्स के निवासी अब जलशुल्क का भुगतान ऑनलाईन कर सकेगें। आवास एवं पर्यावरण की सचिव आर. संगीता की उपस्थिति में इसका प्राधिकरण कार्यालय में शुभारंभ किया गया। इससे अब इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 के फ्लैट्स के निवासियों को जलशुल्क जमा करने के लिए प्राधिकरण कार्यालय आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसका भुगतान रायपुर विकास प्राधिकरण के रिकॉर्ड अनुसार दिए गए मोबाइल नंबर से ओटीपी प्राप्त कर लॉगिन करने के उपरांत किया जा सकेगा। राशि का भुगतान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई से किया जा सकेगा। रायपुर विकास प्राधिकरण में आज संचालक मंडल की बैठक हुई। इसमें देवेन्द्रनगर स्थित सिटी सेन्टर मॉल के पीछे एकता मॉल निर्माण के लिए निविदित दर स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के सेक्टर 1, 2, 8ए, 8बी, 10, 11बी, 14ए एवं 14बी में 253 दो बीएचके ईडब्लूएस फ्लैट्स तथा रो हाऊस निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार का कार्य निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्ट (डीबार) करने का निर्देश दिया गया। बैठक में ठेकेदार की रिस्क एंड कॉस्ट पर शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए न्यूनतम निविदा राशि 14.125 करोड़ रुपए की स्वीकृति देते हुए नई निर्माण एजेंसी को नियुक्त करने का अनुमोदन किया गया। प्राधिकरण कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता रायपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव आर. संगीता ने की । बैठक में जिस पीएम एक्ता माल के निर्माण एजेंसी की नियुक्ति को स्वीकृति दी गई वह देवेन्द्रनगर के छत्तीसगढ़ हॉट के स्थान पर निर्मित होगा। पीएम एकता मॉल में सभी राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानें होगीं तथा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानें होगीं। पीएम एकता मॉल का सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 4,73,392 वर्गफुट तथा निर्माण लागत रुपए 150.70 लाख रुपए होगी। एक अन्य प्रस्ताव में संचालक मंडल को जानकारी दी गई कि राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो व्दारा पूर्व के एक प्रकरण क्रमांक 17/95 में वाद दायर करने के कारण शैलेंद्र नगर योजना के 178 भूखंडधारियों की नस्तियों जप्त की गई थी। ऐसे प्रभावित गत 25 वर्षों से अपनी आवंटित संपत्तियों को विक्रय, हस्तांतरित नही कर पा रहे थे। राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो के प्रकरण का न्यायालय में खात्मा होने के बाद अब प्रभावित भूखंडधारियों को फ्रीहोल्ड व विक्रय अनुमति को दी जा सकेगा। इससे प्रभावित लोगों का काफी राहत मिलेगी। संचालक मंडल की बैठक में वित्त विभाग के संयुक्त सचिव सीताराम तिवारी, आवास एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त संचिव सी तिर्की, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अपर संचालक संदीप बागड़े, कलेक्टोरेट के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, नगर पालिक निगम के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश से सहायक संचालक ऐश्वर्य जायसवाल, लोक निर्माण विभाग से कार्यपालन अभियंता यू.डी.मेश्राम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अधीक्षण अभियंता एस. के. गौड़, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी रायपुर से कार्यपालन अभियंता आशीष अग्निहोत्री, वन विभाग रायपुर से मुख्य वन संरक्षक राकेश चौबे तथा रायपुर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थी।

तीसरी बार भाजपा सरकार को केन्द्र से मिला सिर्फ एक राज्यमंत्री

रायपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य से 3 तीसरी बार से लोकसभा अच्छी सीट देने के बावजूद छत्तीसगढ़ को सिर्फ एक राज्यमंत्री ही मिला है। छत्तीसगढ़ राज्य को कम से कम एक केन्द्रीयमंत्री का दर्जा मिलना चाहिए था। जो मिला नहीं। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को एक डमी वाली सरकार को हटा कर नए तेजतर्रार मुख्यमंत्री की आवश्कयता है। भाजपा की साय सरकार का छत्तीसगढ़ की जनता ने बलौदाबाजार में हुए घटना देख ही लिया है जो एक कमजोर सरकार का नतीजा है। आगे कहा कि साय सरकार की नाकामी के कारण छत्तीसगढ़ की जनता भुगत रही है केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के विश्वास को अनदेखा कर रहा है। लगातार तीसरी बार से लोकसभा अच्छी सीट देने के बावजूद एक राज्यमंत्री ही छत्तीसगढ़ को मिला है। जो कमजोर सरकार का नतीजा है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार डमी सरकार बनकर रह गई है जिसे हटाकर तेजतर्रार सीएम की आवश्कयता है।

माओवादियो द्वारा छिपाये राशन, सोलर प्लेट सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

माओवादियों की आपूर्ति पर धमतरी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही व माओवादी डरा-धमकाकर ग्रामीणों से लेवी एवं राशन की वसूली कर रहे है व माओवादियों द्वारा एकत्र एवं छिपाये हुए 3 डम्प बरामद व डम्प में राशन चायपत्ती सोलर प्लेट एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री व डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ 211 की संयुक्त कार्यवाही। जिला धमतरी में वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली कि माओवादियों द्वारा ग्रामीणों को डरा-धमकाकर लेवी एवं राशन को इकट्ठा किया गया है और इसको गड्ढा व सुरंग खोदकर डम्प किया है। यह सूचना मिलने पर डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ 211वी वाहिनी को विशेष नक्सल सर्च अभियान पर 22.06.2024 को रवाना किया गया। 05 दिवस तक चले इस अभियान में तीन अलग-अलग जगह यथा टापरापानी कोण्डागांव-धमतरी सीमा, एकावरी थाना बोरई एवं मुंहकोट थाना खल्लारी के जंगलों से माओवादियों द्वारा डम्प की हुई राशन एवं खाद्य सामग्री इलेक्ट्रिकल उपकरण एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। यह सामग्री माओवादियों द्वारा बडे-बडे गड्ढे एवं सुरंग का निर्माण कर पत्तों से ढककर छिपाई गई थी।

सूत्रों से ऐसा ज्ञात हुआ है कि यह सामग्री रावस समन्वय कमेटी के माओवादियों द्वारा डम्प की गई थी और इसका उपयोग माओवादियों द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान किया जाता। माओवादियों के डम्प से बरामद सामग्रियों में सोलर प्लेट मय तार 1 नग, चांवल 120 किलो, दाल 11 किलो, शक्कर 6 किलो, चायपत्ती 28 पैकेट, हल्दी पाउडर 15 पैकेट, तेल 16 लीटर, चप्पल 4 जोडी, अन्तवस्त्र 14 नग, गमछा 3 नग, शिलाजीत 5 डिब्बा आदि।

दुर्गम इलाकों में बाईक एम्बुलेंस सुविधा बनी वरदान जरूरतमंदो को तुरंत पहुंचाया जा रहा अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के सुदूर पहुंचविहीन गांवों में जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई बाईक एम्बुलेंस ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है। कलेक्टर अवनीश शरण की विशेष पहल पर कोटा ब्लॉक के गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार लाने बाईक एम्बुलेंस संगवारी एक्सप्रेस की सुविधा शुरू की गई है। वर्तमान में 4 बाईक एम्बुलेंस के जरिए जरूरतमंदों को अस्पतालों तक पहुंचाया जा रहा है। यह सुविधा चौबीसों घंटे ग्रामीणों को मिल रही है। कोटा ब्लॉक के एक बड़े हिस्से में विषम भौगोलिक परिस्थिति के चलते सड़क मार्ग से पहुंच पाना संभव नहीं होता है। ग्रामीणों को आपातकाल स्थिति में घर से अस्पताल आने-जाने के लिए बाईक एम्बुलेंस निःशुल्क परिवहन का एक अच्छा माध्यम बन गया है। संगवारी एक्सप्रेस बाईक में बनाई गई एक मिनी एंबुलेंस की तरह है, जिसमें एक मरीज को बिना असुविधा के अस्पताल तक पहुंचाया जा सकता है। राज्य शासन द्वारा जन स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही अन्य एम्बुलेंस की तरह यह भी एक बिलकुल निःशुल्क सुविधा है। कोटा ब्लॉक के सुदूर वनांचलों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं सहित अन्य लोगों के लिए बाईक एम्बुलेंस वरदान साबित हो रही है। विकासखण्ड कोटा में बाईक एम्बुलेंस की सेवाएं शुरू होने से अब तक 1 हजार 339 मरीजों को इसका सीधा लाभ मिला है। इनमें सभी वर्ग के मरीज शामिल है। शिवतराई पीएचसी में 385, बेलगहना पीएचसी में 322, केंदा पीएचसी में 366 और आमागांव में 266 मरीजों को बाईक एम्बुलेंस की सुविधा मिली। बाईक एम्बुलेंस के जरिए वनांचल क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए केन्द्र तक लाया जाता है और शिशुवती माताओं को प्रसव के बाद सुरक्षित घर भी पहुंचाया जाता है। बाईक एम्बुलेंस गर्भवती माताओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों के टीकाकरण एवं मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए भी उपयोग में लाया जाता है। ग्रामीण इस बाईक एम्बुलेंस की सुविधा के लिए शासन को धन्यवाद देते हैं। वे कहते है कि पहले यातायात सुविधा न होने के कारण हम लोगों केा इलाज के लिए काफी दिककते होती थी लेकिन अब बाईक एम्बुलेंस शुरू होने से उन सभी परेशानियों से राहत मिली है। बगधरा गांव की रोशनी ने बताया कि उन्हें प्रसव के लिए बाइक एंबुलेंस से ही अस्पताल ले जाया गया। यह सुविधा वाकई ग्रामीणों के लिए काफी फायदेमंद है। मोहली गांव की ईश्वरी गोंड ने बाइक एंबुलेंस के लिए आभार जताते हुए बताया कि यह सुविधा लोगों के लिए जीवनदायनी साबित हो रही है। रात में 11 बजे उन्हें प्रसव के लिए बाइक एंबुलेंस के जरिए आमागोहन सरकारी अस्पताल में लाया गया।

जल जीवन मिशन के कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं होने, दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता पर हटाए पर गए ईई

प्रमुख अभियंता द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता को हटा दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक में बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में वांछित प्रगति नहीं होने तथा लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने में कठिनाई पाए जाने पर विभाग ने वहां के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। प्रमुख अभियंता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विगत 20 जून को हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह परिलक्षित हुआ है कि बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन का कार्य संतोषजनक नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जल जीवन मिशन के लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए वांछित गति नहीं दिए जाने से बलरामपुर जिले में मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप वांछित प्रगति प्राप्त करने में कठिनाई आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को आगामी आदेश तक बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके स्थान पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंडल अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता सुशील कुमार सिन्हा को बलरामपुर खंड के कार्यपालन अभियंता का प्रभार सौंपा गया है।

बस्तर की काजू, कॉफी, मिर्च और सिसल के उत्पादन को दिया जाए बढ़ावा : सचिव डॉ.सी आर प्रसन्ना

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने कहा कि बस्तर में उत्पादित काजू, कॉफी, मिर्च और सिसल की अन्य मार्केट में अधिक मांग को देखते हुए इन उत्पाद का उत्पादन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इनके उत्पादन में सहकारिता विभाग के द्वारा दी जा रही सब्सिडी का उपयोग कर ग्रामीणों को रोजगार और आर्थिक विकास के लिए पहल की जा सकती है। सचिव प्रसन्ना जगदलपुर में जिला पंचायत के सभाकक्ष में एनआरएलएम, सहकारिता, नाबार्ड, वन सहित अन्य विभाग से संबद्ध समूहों- समितियों के सदस्यों के आर्थिक विकास और स्थानीय कृषि उत्पाद हेतु कार्ययोजनाओं पर की चर्चा कर रहे थे। इस अवसर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बताया कि जिले के बस्तर, बकावंड विकासखंड क्षेत्र में मिर्च, काजू और सिसल का तथा दरभा इलाके में कॉफी का अच्छा उत्पादन होता है। इस पर विभागों के द्वारा व्यापक कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सचिव प्रसन्ना ने कहा कि सहकारिता के साथ जिला के प्रमुख उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए पहला स्तर का प्रोसेसिंग प्लांट की पहल की जा सकती है। इसके बाद बाय प्रोडक्ट की ओर बढ़ा जा सकता है। बस्तर की काजू से फेनी बनाने के लिए गोआ के व्यवसाईयों से और सिसल के रस्सी की मांग बड़े-बड़े पोत निर्माताओं को होती है तो उनसे संपर्क कर उत्पाद का विक्रय बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से काजू और सिसल का प्लांटेशन बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रेशम धागे हेतु कोकून संग्रहण को भी बढ़ावा देने कहा। इसके अलावा एनआरएलएम, सहकारिता, नाबार्ड, वन विभाग से संबद्ध समूहों- समितियों के कार्यों के संबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, राष्ट्रीय सहकारिता विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके उपरांत सचिव ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए धान का उठाव, लेखा मिलान, खाद्य-बीज की भण्डारण-वितरण की स्थिति की बस्तर, नारायणपुर, बीजापुर, कोंडागांव, कांकेर के प्रभारियों से की।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक सम्पन्न

धमतरी। टीआर जगदल्हे जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त के निर्देशन तथा विनोद पाण्डेय जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता व डीके साहू जिला सचिव के नेतृत्व मे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के जिला संघ कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आहूत की गई। बैठक का शुभारंभ डीके साहू जिला सचिव के द्वारा ईश प्रार्थना से किया गया । तत्पश्चात जिला सचिव के द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक कार्य योजना को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वार्षिक कार्य योजना अनुसार 28 जून 2024 से 28 जुलाई 2024 तक जिला संघ सदस्यता कार्यक्रम संवर्गवार अंतिम प्रकाशन माह जुलाई में तृतीय सोपान परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विकासखंड कुरूद में आवासीय, 7 जुलाई 2024 को जिला, विकासखंड एवं विद्यालय स्तर पर वृहद वृक्षारोपण, बैज परीक्षक एवं प्रशिक्षक की बैठक,अप्रशिक्षित स्काउटर गाइडर के लिए रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन, विकासखंड स्तर पर दल पंजीयन, नवीनीकरण, अंशदान, ओ वाईएमएस ऑनलाइन पंजीयन हेतु कार्यशाला का आयोजन, माह अगस्त में विकासखंड स्तर पर द्वितीय सोपान परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एवं 22 अगस्त को जिला संघ निर्वाचन, राज्यपाल पुरस्कार हेतु लॉग बुक का परीक्षण, माह सितंबर में अप्रशिक्षित स्काउटर गाइडर हेतु बेसिक प्रशिक्षण का आयोजन, माह अक्टूबर मे गांधी जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन तथा गंगरेल एवं अंगार मोती माता मंदिर में सेवा कार्य का आयोजन, माह नवंबर में जिला स्तरीय स्काउटर. गाइडर हेतु हाईक जगन्नाथ पुरी उड़ीसा, स्काउट गाइड स्थापना दिवस अलंकरण समारोह का आयोजन जिसमें प्रत्येक विकासखंड के उत्कृष्ट एक स्काउटर व एक गाइडर को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

तीन नए आपराधिक कानून लागू करने कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

1 जुलाई से देश भर में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं जिसके बाद आईपीसी और सीआरपीसी की छुट्टी हो जायेगी। इसे लेकर जिला पुलिस एवं जिला प्रशासन एम सी बी के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित की गई थी जिसमे प्रमुख रूप से कलेक्टर डी राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, एडिशनल एसपी अशोक वाड़ेकर, एस डी एम लिंगराज, सहित अन्य उपस्थित लोगों को इस नए कानून से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब किसी भी पुलिस थाने में आधे घण्टे के भीतर पीड़ित की सुनवाई होगी यदि ज्यादा देर तक पीड़ित को बैठाकर रखा जाता है और सुनवाई नहीं होती हैं तथा इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचती हैं तो थाने के संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही निश्चित है. उन्होंने कहा कि न्याय देने की प्रकिया वर्तमान में काफी जटिल है. इसे ध्यान में रख कर कानून बनाया गया है ताकि न्याय सुगम हो सके, और लोगों को त्वरित न्याय मिल सके. यदि कोई भी थाने में शिकायत लेकर आता है तो एस डी ओ पी 24 घंटे में कार्यवाही करेंगे. थानेदार को 14दिन में अपराध दर्ज करना ही होगा. देश के कई राज्यों में एफआई आर कराना युद्ध जीतने के जैसा है लेकिन नये कानून में अब ऐसा नहीं होगा. अब ई एफ आई आर भी दर्ज करवाई जा सकती है. लेकिन 3दिन के अंदर थाने में आकर कार्यवाही पूर्ण करवानी होगी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर डी राहुल वेंकट ने बताया कि प्रदेश और देश भर में यह कार्यशाला चल रही है. यह जागरूकता के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है. राजस्व विभाग के अधिकारी विशेष रूप से ध्यान देंगे. किसी भी समस्या के निराकरण के लिए हमें स्थल तक जाना पड़ेगा. आने वाले समय में पत्रकार, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र, आमजनों के लिए अलग अलग कार्यशाला आयोजित की जायेगी. इन कानूनों के प्रभावी करण के लिए हम सभी को पहल करनी होगी. तभी इन कानूनों का लाभ आमजनों को मिल सकेगा. इस अवसर पर अमित कुमार कौशिक थाना प्रभारी चिरमिरी ने नये कानून से अवगत कराया।

जिले में चलाये गये जल जगार उत्सव के सार्थक परिणाम अब आने लगे नजर

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत् चलाये जा रहे जल जगार उत्सव के सार्थक परिणाम अब नजर आने लगे है। जिले में हुई पहली बारिश से ही जल संरक्षण हेतु बनायी गयी संरचनाओं में मंशानुरूप पानी धरातल से रसातल में समाने लगा है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में प्रतिदिन गिरते भूजल स्तर पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए जल संरक्षण हेतु कुशल रणनीति बनाकर काम करना शुरू किया। उनकी पहल पर जिले में जल संरक्षण हेतु अभियान चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य रैन वाटर हार्वेस्टिग, रूफटर्फ वाटर और वेस्ट वाटर मेनेजमेंट के माध्यम से शुद्ध पानी को भूमि के अंदर भेजना है। अभियान अंतर्गत जिले के 4 विकासखंडों के 5-5 ऐसे गांव, जिनमें पानी की वृहद समस्या रहती थी, उनका चिन्हांकन कर जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा गांव में रैन वाटर हार्वेस्टिंग, बोर वाटर रिचार्ज,रूफ वाटर स्ट्रक्चर और वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि निर्मित किये गये।

कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन

प्रथम चरण में कलेक्टर नम्रता गांधी ने जल की महत्ता को समझाते हुए भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय के विशेषज्ञों के सहयोग से जिला स्तरीय अधिकारियों हेतु 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें लोक स्वास्थ्या यांत्रिकी, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उद्यानिकी, जल संसाधन सहित अन्य विभागों को शामिल कर जल संरक्षण हेतु किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। जल शक्ति मंत्रालय के विशेषज्ञों ने भू जल मुद्दों से निपटने की तकनीको के बारे में विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय चरण में जिले में संचालित सभी निजी स्कूलों, अस्पताल, रेस्टोरेंट सहित ऐसे भवन जिनका आकार बडा है, उन्हें अनिवार्य रूप से अपने भवन के समीप रेन वाटर हार्वेस्टिंग और रूफटॉप स्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिये गये।

कुरूद विकाखंड के नवागांव थुहा से जल जगार की हुई शुरूआत, यहीं दिखा परिणाम

धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम नवागांव थुहा से जल जगार उत्सव की शुरूआत की गयी, जहां ग्रामीणों ने एक स्वर में जल संरक्षण की शपथ ली थी। इसी कार्यक्रम में वाटर हीरो जल प्रहरी नीरज वानखेड़े ने गांव के ही खराब बोरवेल में बोर वाटर रिचार्ज सिस्टम बनाकर लोगों को इसकी जानकारी दी। पहली बारिश में वर्षा का पानी इस रिचार्ज सिस्टम में समाहित होकर भूमिगत हो गया तथा भूजल स्तर में वृद्धि हुई।

वाटर हीरो जल प्रहरी नीरज वानखेडे ने बताया जल संरक्षण के उपाय

जल संरक्षण की दिशा में बीते कई वर्षों से कार्य करने वाले नीरज वानखेडे को भारत सरकार ने वाटर हीरो जल प्रहरी की पदवी से सम्मानित किया है। बीते दिनों उन्होंने जिले में पानी की कमी से जूझने वाले गांवों में जाकर जल जगार कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को पानी की महत्ता को भलीभांति समझाया। वानखेडे ने मौके पर ही रेन वाटर हार्वेस्टिंगए रूफटॉप स्ट्रक्चर और वेस्ट वाटर मेनेजमेंट की तकनीक भी जानकारी दी थीए जिसे लेकर ग्रामीणों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता निर्मित हुई।

तालाबों में जल संरक्षण हेतु गाद निकालनेए समुचित सफाई करने टीम द्वारा किया गया सर्वे

जिले के नगरीय निकायों.नगरनिगम धमतरी सहित नगर पंचायत क्षेत्र आमदी, भखारा, नगरी, मगरलोड एवं कुरूद में विभिन्न तालाबों में गाद जमा है जिसके कारण तालाबों के पानी की गुणवत्ता एवं भंडारण क्षमता प्रभावित हो रही है। इन्हें साफ करने हेतु रायपुर की एनआईटी टीम द्वारा सर्वे किया जायेगा।

शहर के जल भराव की समस्या की निवारण हेतु टीम ने किया सर्वे

एनआईटी द्वारा धमतरी शहर के संपूर्ण 40 वार्डों से निस्तारी गंदे पानी एवं वर्षा जल की समुचित निकासी हेतु ड्रेनेज सिस्टम का संपूर्ण मूल्यांकन और मानचित्रण के माध्यम से धमतरी शहर में जल भराव वाले हॉटस्पॉट की पहचान करनेए जल निकासी की बुनियादी ढांचे और स्टॉर्म वॉटर में सुधार के लिए एवं बाढ की स्थिति को कम करने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार करने हेतु टीम द्वारा सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी है। जिसके आधार पर निगम द्वारा उचित कार्यवाही की जा रही है।

सामाजिक संगठनों का मिला भरपूर सहयोग

कलेक्टर नम्रता गांधी की इस पहल को जिले के सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनां का पूरा सहयोग मिला। भारतीय जैन संघटना द्वारा कुरूद ब्लॉक के ग्राम मडेली तथा जी जामगांव में तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण का कार्य किया गया। तालाबों से निकली मिट्टी को खेतों की उर्वरक क्षमता बढाने के लिए खेतों में डाला जा रहा है। भारतीय जैन संघटना शाखा धमतरी द्वारा जल निकायों का पुनरूद्धार के तहत ग्राम पंचायत जी जामगांव के उल्हाही खार तालाब में बीते 14 मई से 28 मई तक कार्य किया गया। इसमें लगभग चार हजार ट्रेक्टर मिट्टी निकाला गया।

जल जगार उत्सव से प्रेरित होकर औद्योगिकी इकाईयों में किया जा रहा सघन जल संरक्षण कार्य

जिले में संचालित सभी औद्योगिक इकाईयां जैसे.अरवा, उसना, राईस मिल, कोल्ड स्टोरेज, फ्लाई एश ब्रिक्स सहितं अन्य औद्योगिक संस्थाओं में केन्द्रीय भूजल बोर्ड के मानकों के अनुपालन हेतु आयोजित कार्याशाला में दिये गये निर्देश के परिपालन में जिले में अब तक कुल 225 इकाईयों का पंजीयन किया गया है। औद्योगिक इकाईयों में वर्षा जल संरक्षण के लिए संरचनाओं का निर्माण द्रुतगति से संचालित है। साथ ही मिलों में वाटर फ्लोमीटर भी लगाये जा रहे है।

36 कमार परिवार जल संरक्षण हेतु बना रहे तालाब, डबरी और डाईक

जल जगार उत्सव से प्रेरित होकर जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड के ग्राम पीपरहीभर्री के 36 कमार परिवारों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें मिले जमीन पर जल संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में तीन कमार आदिवासी परिवार तालाब बनाए हैं, वहीं बारिश के पानी को रोकने के लिए 10 डबरियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

जल संरक्षण हेतु बनायी गयी संरचनाओं में मंशानुरूप पानी धरातल से रसातल में लगा समाने

एनएसयूआई ने जड़ा एनटीए दफ्तर में ताला

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

देश में लगातार परीक्षाओं में हो रही धांधली और पेपर लीक के मामलों को लेकर अब आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है जिसको लेकर पूरे देश से अनोखे विरोध की तस्वीरें सामने आ रही हैं। कांग्रेस छात्र इकाई एनएसयूआई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में सैंकड़ों छात्रों और कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के ओखला में स्थित एनटीए हेड ऑफिस में घुसकर तालाबंदी कर दी, जिसमें एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन भी साथियों के साथ मौजूद रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए लगातार पेपर लीक कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नीट परीक्षा के आयोजन में प्रश्नपत्र लीक का एक बडा घोटाला बेनकाब हुआ। जिससे 24 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए हैं जिसके लिए एनटीए जिम्मेदार है लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस बड़े घोटाले को मामूली बताकर रफा-दफा करने की कोशिश कर रहे हैं। एनएसयूआई लगातार इस भ्रष्टाचारी एजेंसी को बैन करने की मांग भाजपा सरकार से कर रही है परंतु सरकार हमारी बातों को अनसुना कर एनटीए पर कार्यवाही करने से बच रही है। जिसके खिलाफ एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में सैंकड़ों छात्रों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एनटीए के मुख्य दफ्तर में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया और एनटीए को तत्काल प्रभाव से भंग करने व एनटीए के अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की। देवांगन ने आगे कहा कि एनटीए की इस धांधली के बाद जो काम केंद्र की मोदी सरकार को करना चाहिए था एनएसयूआई उस काम को अपने हाथों में लेकर एनटीए जैसी भ्रष्ट एजेसी के ऑफिस में ताला लगा रही है ताकि ये एनटीए अन्य पेपरों में भी धांधली कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करे। विरोध प्रदर्शन में राजा देवांगन के साथ पारसमनी साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, अरविन्द यादव, नोमेश सिन्हा, शैलेश मण्डवी, सुदीप सिन्हा, तेज प्रताप साहू, तेज प्रकाश साहू, जय श्रीवास्तव, अजय देवांगन, चैतन्य साहू, ललित, मोनू सिन्हा, प्रभात साहू, राजा खान, उदय गुरू, राशिद सिन्हा, पिंटू समेत कई कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़ गारकापाल में शाला प्रवेशोत्सव सह न्यौता भोज का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़ गारकापाल, संकुल-बाखरा, विकासखंड-कोंडागांव, जिला-कोंडागांव में शाला प्रवेशोत्सव-2024 सह न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन में प्राथमिक शाला कुकाड़गारकापाल, प्राथमिक शाला नवीन कुकाड़, प्राथमिक शाला नया पारा कुकाड़, उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़गारकापाल सम्मिलित हुए जिसमें उक्त कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा करवा कर निःशुल्क पाठयपुस्तक एवं निःशुल्क गणवेश प्रदाय कर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। सरपंच कुकाड़ गारकापाल ने नए शिक्षा सत्र में सभी बच्चों को अच्छे अध्ययन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी, प्रधान अध्यापक शंकर लाल बोध ने भी नवप्रवेशी बच्चों को आशीर्वाद वचन स्वरूप बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं पालकों से अपील की शिक्षा के महत्व को समझकर बच्चों को नियमित शाला भेजें। इस अवसर पर कार्यक्रम अतिथियों द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया, साथ ही साथ न्यौता भोज भी रखा गया, न्यौता भोज के नोडल अधिकारी के रूप में ललिता लकड़ा सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग जिला कोंडागांव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों, ग्रामीणजनों, अतिथियों एवं शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सोनसू नेताम, उप सरपंच शोभा राम यादव, पंच सोमन यादव, पंच फूलसिंह पोयाम, पंच धनमती नेताम,पंच सरादी बाई बघेल,पंच नीरो पांडे, राजू राम दीवान संकुल समन्वयक बाखरा, शंकर लाल बोध प्रधान अध्यापक उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़ गारकापाल,वेदप्रकाश ठाकुर प्रधान अध्यापक प्रा.शाला कुकाड़गारकापाल, सुखदेव नेताम प्रधान अध्यापक प्रा.शाला नवीन कुकाड़, रायसिंह ठाकुर शिक्षक, गेंदलाल पोयाम, शिक्षक चुमेन ध्रुव सहायक, शिक्षक ईश्वरी रावटे सहायकशिक्षक प्रणय शोरी सहायक शिक्षक, विमला भारती सहायक शिक्षक दीपिका सिदार सहायक शिक्षक, मितानिन नीला पांडे शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बुधनाथ भंडारी ग्राम कोतवाल कंवल दास मानिकपुरी, कंवल सिंह यादव, सामनाथ यादव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

भाजपा नेता सरकार का डर और भय दिखाकर कांग्रेस पार्षदों को अपहरण करने की कोशिश में लगे हैं : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा और प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से बीजापुर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की मनमानी अपने चरम पर है और भाजपा नेता जनमत का अपमान करने का काम कर रहे है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बस्तर संभाग में भाजपा ने एक नई परिपाटी की शुरुआत की है नगर पंचायत भैरमगढ़ में कांग्रेस समर्थित पार्षदों की पूर्णबहुमत की अध्यक्ष है लेकिन बीते गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता ने कांग्रेस पार्षद दुरुपसाय कुपाल को पूजा-पाट करने के नाम से उन्हें उनके घर से ले जाते है और फिर उन्हें ज़बरदस्ती बड़ी गाड़ी में बैठाकर उनका मोबाइल छीनते है और उनका मोबाइल बंद कर देते है और कहीं बाहर ले जाते है वे किसी तरह वहाँ से भाग कर वापस भैरमगढ़ आते है। एक अन्य पार्षद सियाराम नेगी को जगदलपुर की भाजपा नेत्री द्वारा बारसूर में उसके परिवार के सदस्य की तबीयत खराब होने की बात कह कर बारसूर ले जाया गया जहां पर उसे पता चला कि उसे जगदलपुर और रायपुर जाना होगा। वह किसी तरह छुपते-छुपाते पिछले दरवाजे से भाग कर भैरमगढ़ आया। एक अन्य पार्षद सरिता कश्यप को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू ने नगर पंचायत में भाजपा का समर्थन देने के लिए धमकाया गया इन सारी घटनाओं से भैरमगढ़ के पार्षद बुरी तरह से डरे और सहमे हुए हैं। इस पूरे घटना से यही प्रतीत होता है कि भाजपा को चुनाव लड़ने से जूयादा जनमत का अपहरण करने में अधिक विश्वास है जो लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा के जनमत अपहरण करने की घटना से पूरा देश वाकिफहै। गुरुवार को भैरमगढ़ में भाजपाई गुंडों और शासकीय कर्मचारियों ने मिलकर सरकारी और पारिवारिक कार्यक्रम के नाम से वहां के पार्षदों के अपहरण करने की कोशिश की गई। इससे पहले कभी पूरे बस्तर में राजनीतिक अपहरण की घटना नहीं हुई है। यह चिंता का विषय है कि डबल इंजन और अपने आप को जन हितैसी बताने वाली विष्णु देव साय की भाजपा सरकार में गुंडे और बदमाशों के हौसले बुलंद है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने प्रेसवार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता महेश गगड़ा और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलीयार को यह बताना चाहिए कि यह सब किसके कहने पर किया जा रहा था, गुंडागर्दी और डरा-धमकाकर जनमत को हासिल नहीं किया जा सकता भाजपा को चाहिए कि वे अपने चुनावी वादों पर काम करे और सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों को दिलाये भाजपा को यह समझना चाहिए कि जनता का जनादेश डराने, धमकाने और गुंडागर्दी करके हासिल नहीं किया जा सकता बल्कि जनता के मत से हासिल किया जाता है यही हमारा लोकतंत्र है।

बारिश हवा के कारण घर के ऊपर गिरी पेड़, दो लोग हुए चोटिल

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में तेज हवा चलने के साथ हो रहीं बारिश कारण शुक्रवार सुबह रिंग रोड नम्बर 04 ठेकेदार पारा में लेन दास नामक घर के ऊपर पेड़ गिर गई।बता दें घटना आज सुबह करीब 06 बजे की हैं जब घर के सभी सदस्य सो रहें थे।घर के ऊपर पेड़ गिरने से 60 वर्षीय लेन दास के कमर में काफी चोट आई एवं उनकी पुत्री 28 वर्षीय पुत्री दंतेश्वरी को मामूली चोट आई तथा घर की एडवेस्टर सीट टूट गई एवं घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।लेन दास को काफी चोट आने के वजह से उन्हें परियोजना अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनका ईलाज जारी हैं। मौके पर पटवारी पुलक देवनाथ पहुंचें उन्होंने बताया घटना स्थल का मुआयना कर प्रकरण तहसील कार्यालय भेजा जाएगा।

लागू होने वाले नए कानून के संबंध में लोगों को किया जा रहा जागरूक

कोंडागांव। 1 जुलाई से देश में लागू हो रहे नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जानकारी प्रदान करने एवं जागरूक करने हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन पर कोंडागांव पुलिस द्वार थाना क्षेत्र के ग्राम संबलपुर और बम्हनी स्कूलों में जाकर अध्यापक व विद्यार्थियों एवं बम्हनी संकुल के शिक्षकों का कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय ने नवीन कानून, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के विषय में जानकारी प्रदान किया।

पूर्व सैनिकों ने मनाया फील्ड मार्शल सैम मानेकश का पुण्यतिथि

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का पुण्यतिथि मनाया गया। पूर्व सैनिकों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के छायाचित्र पर चंदन वंदन के साथ पुष्पमाला अर्पित किया और दीप प्रज्वलित कर विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए पुण्यतिथि मनाया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने जानकारी दिया कि, सैम हॉरमुसजी फे मजी जमशेदजी मानेकशॉ को सैम बहादुर के नाम से भी जाना जाता हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना के सेनाध्यक्ष थे और फील्ड मार्शल का पद धारण करने वाले पहले भारतीय सैन्य अधिकारी रहें। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ 1969 में सातवें सेना प्रमुख बने। उनकी कमान के तहत, भारतीय सेनाओं ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ विजयी अभियान चलाया, जिसके कारण दिसंबर 1971 में बांग्लादेश का निर्माण हुआ। उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ अमर रहें। भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय जवान-जय किसान, राष्ट्र का एक कोना-हर घर में होना, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जय नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, पूर्व सैनिक ढालेश साहू, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले 250 प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहें।

1 करोड़ 44 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों की मिली स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन मद तथा एन.एम. डी.सी. परिक्षेत्र विकास निधि (सी.एस.आर.) मद से 1 करोड़ 44 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से कोंडागांव जिले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 94 लाख रुपए के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। यह कार्य नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव जिला कोण्डागांव एवं कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहलई, करनपुर, बनियागांव, बड़ेकनेरा, बनजुगानी, चिलपुटी, दहिकोंगा, चिपावण्ड, माक़ड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत राकसबेड़ा, बेलोण्डी, माकड़ी, कोकोड़ी, सोड़सिवनी में संपादित किए जाएंगे। इसी प्रकार एन.एम.डी.सी. परिक्षेत्र विकास निधि (सी.एस.आर.) मद अन्तर्गत 10 देवगुड़ी-मातागुड़ी का निर्माण के लिए 50.00 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। देवगुड़ी मातागुड़ियों का निर्माण कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत कोगेरा, मालाकोट, घोड़ागांव, माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिव करण्डी, देवउरबाल फरसगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत चिंगनार, पावड़ा, चांदाबेड़ा व केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत खालेमुरवेंड, रावबेड़ा में किया जाएगा।

राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के लिएशिविर का आयोजन

कांकेर। कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सभी राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण हेतु सभी एसडीएम और तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर अरुण कुमार द्वारा नगर पंचायत नरहरपुर के सभागार में वार्ड परिसीमन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजस्व विभाग के कर्मचारी, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद उपस्थित रहे। इसी प्रकार तहसील कांकेर में किसानों के नामांतरण, बंटवारा, खसरा बी-वन में त्रुटि सुधार एवं अन्य समस्याओं के निराकरण करने के लिए तहसील कार्यालय में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 51 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 23 नामांतरण, 02 बंटवारा एवं 26 त्रुटि सुधार के प्रकरण भी शामिल हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर द्वारा बताया गया कि किसानों को कृषि लोन, खाद-बीज आदि के लिए राजस्व रिकार्ड हेतु भटकना न पड़े, इसके लिए कांकेर, नरहरपुर और सरोना तहसील में राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

सहकारिता सचिव डॉ. प्रसन्ना ने की मक्का प्रसंस्करण संयंत्र के प्रगति की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने कोकोड़ी में निमार्णाधीन मक्का प्रसंस्करण संयंत्र के प्रगति की समीक्षा की। जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में संयंत्र के विभिन्न इकाइयों के प्रगति की जानकारी ली और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत भी उपस्थित रहें। डॉ. प्रसन्ना ने संयंत्र के संचालन हेतु आवश्यक सभी विधिक अनुमतियां प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही मक्के की खरीदी एवं उसके भंडारण की व्यवस्था तथा मानव संसाधन की उपलब्धता के संबंध में भी चर्चा की। किसानों को अधिक से अधिक लाभ के लिए बेहतर मॉडल के साथ संयंत्र के संचालन के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने संयंत्र के संचालन हेतु विद्युत सहित आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के संबंध में भी समीक्षा की। इसके साथ ही संयंत्र से उत्पादित अन्य अवयवों के उचित निस्तारण की योजना के संबंध में भी जानकारी ली।कलेक्टर दुदावत ने इस अवसर पर बताया कि, शीघ्र ही साईलो के भराव का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि, मक्का खरीदी हेतु सीधे संयंत्र में व्यवस्था करने के साथ ही समितियों के माध्यम से भी मक्का खरीदी की कार्ययोजना तैयार की जा रही है तथा मक्का भंडारण के लिए गोदामों का निर्माण भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय हैं कि, कोकोड़ी में मक्का प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण अंतिम चरणों में है व कुछ इकाइयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जिसकी टेस्टिंग का कार्य शेष है। इस संयंत्र के माध्यम से प्रतिदिन 80 हजार लीटर एथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा, जिसके लिए लगभग 200 मीट्रिक टन मक्का की आवश्यकता होगी।

चलित थाना के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया

ग्राम अड़ेंगा में ग्रामीणों को दी गई विधिक सेवा की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अड़ेंगा स्थित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण केशकाल एवं थाना केशकाल की संयुक्त टीम के द्वारा चलित थाना के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केशकाल थाना प्रभारी निरी विकास बघेल के द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नए कानून, महिला एवं बालिकाओं से सम्बंधित अपराधों, पॉक्सो एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देकर जागरूक किया।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षिण विकास बघेल ने बताया कि, हमारे भारत देश में ब्रिटिश शासन काल से ही कानून व्यवस्था चलती आ रही है। इस व्यवस्था को और बेहतर एवं सरल करने के लिए केंद्र सरकार ने कुछ संशोधन किया है। आगामी 1 जुलाई 2024 से तीन नए कानून समूचे देश मे लागू हो जाएंगे, जिसके सम्बंध में हम अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि, नए कानून में जीरो एफआइआर की शुरुआत की गई है। पीड़ित किसी भी थाना क्षेत्र में अपनी एफआइआर दर्ज करा सकता है। पीड़ित को एफआइआर की निशुल्क कॉपी भी मिलेगी। महिलाओं को सुरक्षा को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अभिव्यक्ति ऐप एप्लीकेशन जारी किया गया है। जिसमें आपको किसी प्रकार का खतरा महसूस होता है, तो उसे एप्लीकेशन पर मैसेज या कॉल कर सकते हैं, आपको पुलिस के द्वारा सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान रिटेनर अधिवक्ता मनीषा तिवारी के द्वारा बताया गया कि, जिला विधिक प्राधिकरण लोगों की सहायता के लिए बनाया गया है। जिसमें आप लोग भरपूर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जैसे कि, निशुल्क अधिवक्ता कानून से संबंधित जानकारी पीड़ित क्षतिपूर्ति थाना से संबंधित और अन्य जानकारी जिला विधिक प्राधिकरण के द्वारा दिया जाता है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण, या पोक्सो (संशोधन) विधेयक 2019 बच्चों के खिलाफ यौन अपराध करने वालों को कड़ी सजा देने, गंभीर यौन हमले के मामलों में मृत्युदंड के अलावा जुर्माना और कारावास का प्रावधान करता है। और आगामी में लगने वाले नेशनल लोक अदालत से संबंधित जानकारी बताया कि सभी न्यायालयों में 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत आयोजन होगा। जिसमें राजी नामा प्रकरण का निराकरण तत्काल किया जाएगा निराकरण होने के बाद अपील नहीं की जा सकती इस प्रकार से विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान केशकाल थाना एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य मौजूद रहे।

1 करोड़ 44 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों की मिली स्वीकृति

■ देवगुड़ी मातागुड़ी सहित विभिन्न अधोसंरचनाओं का होगा निर्माण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन मद और एन.एम.डी.सी. परिक्षेत्र विकास निधि (सी.एस.आर.) मद से 1 करोड़ 44 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से कोंडागांव जिले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 94 लाख रुपए के कार्यों की स्वीकृति प्रदान करतेकी गई हैं। यह कार्य नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव जिला कोंडागांव एवं कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहलई, करनपुर, बनियागांव, बड़ेकनेरा, बनजुगानी, चिलपुटी, दहिकोंगा, चिपावण्ड, माक़ड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत राकसबेड़ा, बेलोण्डी, माकड़ी, कोकोड़ी, सोड़सिवनी में संपादित किए जाएंगे। इसी प्रकार एन.एम.डी.सी. परिक्षेत्र विकास निधि (सी.एस.आर.) मद अन्तर्गत 10 देवगुड़ी-मातागुड़ी का निर्माण के लिए 50.00 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। देवगुड़ी मातागुड़ियों का निर्माण कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत कोगेरा, मालाकोट, घोड़ागांव, माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिव करण्डी, देवउरबाल फरसगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत चिंगनार, पावड़ा, चांदाबेड़ा व केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत खालेमुरवेंड, रावबेड़ा में किया जाएगा।

जनपद पंचायत धमतरी में हुआ प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक ठाकुर की उपस्थिति में जनपद पंचायत सभा कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सह समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनके उद्देश्य, चयन का आधार, वित्तीय सहायता, आवास की रूपरेखा का क्षेत्रफल कम से कम होना आवश्यक है। आवास निर्माण के समय यह भी ध्यान देने योग्य बातें जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ताकि निकट भविष्य में प्रधानमंत्री आवास को समयावधि में लक्ष्य सहित पूर्ण की जाके। इसके लिए ग्रामीणजन प्राथमिकता के साथ समय में प्राप्त होने वाले वृहद लक्ष्य को भी पूर्ण कर सके। इस हेतु कार्य योजना जैसे ग्राम पंचायत स्तर पर हितग्राहीवार मिस्त्रियों की जानकारी की पंजी संधारित करना, नियमित तौर पर निगरानी करना , भविष्य में प्रस्तावित स्थल में परिवर्तन ना हो इसके लिए चिन्हांकित जमीन का हितग्राही द्वारा स्वप्रमाणित दस्तावेज सहित संधारण करना, इसके अतिरिक्त सामग्रियों की उपलब्धता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दिया गया। आवास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न विभागों से उप अभियंता, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत तकनीकी सहायक तथा ग्राम पंचायत रोजगार सहायक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत धमतरी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मण साहू सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सरकार के अवैध कमाई का जरिया बना आहाता : विनोद चंद्राकर

आहातों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं, शराब प्रेमियों से हो रही वसूली

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि सरकार शराब के माध्यम से राजस्व बढ़ाने आहाता पॉलिसी लेकर आई। लेकिन, इन आहतों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। अहातो में नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से सिक्योरिटी गार्ड, पीने के लिए शुद्ध आरओ वाटर, खाने की व्यवस्था, कूलर, पंखा, आवश्यक पड़ने ए.सी., बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था तथा शौचालय, सफाई की विशेष ध्यान रखा जाना है। लेकिन, आहतों को उपरोक्त सुविधाओं के बिना आधे-अधूरे तैयारियों के साथ चलाया जा रहा है। सफाई के अभाव आहातो में गंदगी पसरी हुई है। मदिरा प्रेमियों को स्वच्छ जल नहीं मिलने पर यदि वे स्वयं अन्यत्र स्थान से पानी बॉटल ले जा रहे हैं, तो उन्हें फाइन वसूला जा रहा है। और फाइन देने से मना करने पर आहता संचालकों द्वारा लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करने उतारू हो रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि असल में सरकार की नीयत शराब प्रेमियों को सुविधा देने की थी ही नहीं। सरकार की मंसूबे केवल आहातों के माध्यम से पैसा कमाना था। आहातों के आबंटन से सरकार को करोड़ों रूपए प्राप्त हुए। अब इन आहातों की निगरानी, देखरेख में सरकार की रूचि नहीं। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में नई-नई शराब दुकानें खोलकर तथा आहाता के माध्यम से कमाई का जरिया बनाने वाले भाजपा सरकार में भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता मौन हैं। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान यही नेता शराबबंदी की मांग को लेकर छाती पीट रहे थे। जनता के समक्ष शराब विरोधी होने का दिखावा करने वाले ये सभी भाजपा सरकार के काले कारनामों का हिस्सेदार बन गए हैं। आहाते बनाकर शराब बिक्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगो को चिन्हांकित कर आहाते आंबटित किये गये है। प्रभावशाली भाजपा नेताओं के अनुशंसा पर आहाते आबंटित किये गये है। इनके राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गयी है। शराब दुकानों से 200 रु. प्रति पेटी अतिरिक्त देकर कोचिये गली मोहल्ले में शराब बेच रहे हैं, और इन्हें सत्ता पक्ष के नेताओं का विशेष संरक्षण मिला हुआ है।

नाकामियों को छुपाने विधायक का अनशन : सरला कोसरिया

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधायक के आमरण अनसन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद का बिजली कटौती और गौरव पथ को लेकर अनसन पर बैठना अपनी और विगत पांच साल के कांग्रेस सरकार की नाकामियों को छुपाना है। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी के 15 साल के कार्यकाल में सरप्लस 24 घंटे बिजली मिलती थी परंतु जब 2018 में कांग्रेस की भूपेश सरकार में आने के बाद बिजली बिल हाफका नारा दिया गया परन्तु बिजली बिल हाफन होकर बिजली को ही हाफकर दिया यहाँ तक एकल बत्ती कनेक्शन धारी ग्राहकों को भी भारी भरकम बिजली का बिल थमा दिया गया और बिजली बिल नही पटाये जाने पर पूरे गांव का ही कई दिनों तक बिजली काट दिया गया। भूपेश सरकार के पांच साल में न ट्रांसफार्मर लगे और न ही स्थायी कनेक्शन दिया गया है। इनके सरकार के कार्यकाल के समय न अधिकारी और न ही कोई जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार थे। गरीबी दुखियों को उनके हाल में धकेल कर अंधेरे में रहने को मजबूर कर दिया गया था। छत्तीसगढ़ की बिजली, कोयला और प्राकृतिक संसाधनों को बड़े बड़े उद्योगपति, मिलर्स और अन्य राज्य को बिजली बेंचकर मोटी कमाई अपने जेब मे भरती थी। कोसरिया ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन है कांग्रेस सरकार के द्वारा फैलाई गई अव्यस्थाओं को ठीक करेगी। विधायक को आमरण अनसन करने के बजाय क्षेत्र की जनता के समस्याओं से रूबरू होकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए परंतु विधायक के द्वारा क्षेत्र की जनता की चिंता को छोड़कर अपनी चिंता में लगी हुई है और अपना चलने चलाने को लेकर साथ ही अपनी निष्क्रियता और नाकामियों को छुपाने के लिए अनसन पर बैठी है।

मुख्यमंत्री निवास रायपुर में रामसेवकों की टोली का सम्मान समारोह एवं रात्रि भोज का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में रामसेवकों की टोली के सम्मान में सम्मान समारोह एवं रात्रि भोज का आयोजन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास में किया। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित नेताओं ने रामसेवकों से मुलाकात की व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी उनके सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में विपरीत परिस्थितियों में सेवा के लिए हमारे पास एक मजबूत टीम तैयार हो गई है जो देश के किसी भी हिस्से में सेवा के लिए तैयार है। इस दौरान अयोध्या धाम दर्शन कार्यक्रम संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया और मुख्यमंत्री को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए सफलतापूर्वक संचालन की सभी ने सराहना की। इस दौरान अयोध्या धाम दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर एक समिति बनाई गई थी इसके संयोजक धरमलाल कौशिक, सह संयोजक लक्ष्मी वर्मा, लखनलाल पैकरा, वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं डॉ ललित माखीजा के मार्गदर्शन में रामसेवकों की प्रथम टोली पखवरी महीने में अयोध्या धाम गई थी जहां देश भर से रामलला के दर्शन हेतु देश भर से पहुंचने वाले रामभक्तों के सहयोग के लिए छत्तीसगढ़ से रामसेवक के रूप में पहुंचे अरुण साहू, करुणाकर उपाध्याय, सूरज शर्मा, वंश गोपाल सिन्हा एवं गुलशन सिन्हा का सम्मान वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सेवा कार्यों की सराहना की गई । वही रामसेवक करुणाकर उपाध्याय ने भी इस पुनीत कार्य में सहभागिता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश भाजपा संगठन सहित अयोध्या धाम दर्शन टोली का आभार व्यक्त करते हुए सदैव संगठन के निर्देशन पर खरा उतरने प्रतिबद्धता जताई है।

स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे हॉस्पिटल

30 बेड हॉस्पिटल के कार्य को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी ने सिमगा नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। उन्होंने इस दौरान ओपीडी पंजीयन रजिस्टर, हमर लैब, महिला एवं पुरूष वार्ड, ऑपरेशन कक्ष, प्रधानमंत्री जन औषधि स्टोर, ट्रॉमा यूनिट, डेंटल एवं आयुष्मान रजिस्ट्रेशन क्लैम रजिस्टर का अवलोकन कर जायजा लिया। इसके साथ उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर व्यस्थाओं के बारे में जानकारी हासिल की। भर्ती हुए मरीजो ने कलेक्टर को समय पर भोजन एवं डाक्टरों द्वारा नियत समय में जांच करने की बात बताई गई। कलेक्टर ने हॉस्पिटल में और अधिक सुधार के निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही सीजीएमएससी के द्वारा निर्माणधीन 30 बेड अस्पताल एवं ऑफिस भवन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए काम में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा, सीएचएमओ डॉ.महिस्वर, डीपीएम सृष्टि मिश्रा, सीईओ, सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

शराब की अवैध तस्करी में लिप्त दो महिलाएं गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 26जून को थाना लवन से म.प्र.आर. सुमित्रा जाटवर के कुशल नेतृत्व में व हमराह स्टाफकी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मरदा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगण से कुल 11 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2200 जप्त किया गया है। आरोपीगण के विरूद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है। आरोपीयां तिलबाई उम्र 42 साल सा. ग्राम मरदा थाना लवन, सीमा उम्र 23 साल सा. ग्राम मरदा थाना लवन शामिल हैं।

शाला प्रवेशोत्सव को लेकर बच्चों में दिखा जबरदस्त उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन के लम्बी अवकाश 65 दिनों के बाद अंततः बुधवार 26 जून को स्कूलों में नए शिक्षा सत्र का आगाज हो ही गया ।स्कूल का पहले दिन को लेकर बच्चों में अलग उत्साह बच्चों के चेहरे पर साफ झलकता हुआ नजर आया है, बच्चों का स्वागत शिक्षकों, पालकों, एस एम सी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गुलाल तिलक एवं मिठाई खिलाकर किये।स्कूल का पहला दिन बच्चों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकते हैं कि उनके लिए पहला दिन मानो किसी बड़े उपलब्धि से कम नहीं है, पहला दिन अगली कक्षा ,नए अध्याय सभी की जिज्ञासापन लिए बच्चों के चेहरों पर खुशी की अद्भुत क्षण हर किसी को आनंदित कर रहा था। खास रिपोर्ट के लिए पायनियर संवाददाता ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा स्थित शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं डोंगरा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुँचकर जमीन हकीकत ग्राउंड रिपोर्ट के लिए पहुंचे और पहला दिन स्कूल पहुंचे बच्चों सहित प्रधान पाठक से खास बातचीत किये ।स्कूल के पहले दिन की रिपोर्ट पर एक खास अंश आपके बीच प्रस्तुत है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रभारी प्राचार्य योगेश कुमार साहू,प्रधान पाठक भूपेंद्र पटेल, शिक्षिकाओ में कविता शर्मा, दिव्या पाण्डेय, तिल्दा प्रधान पाठक राजनारायण पटेल, मीडिल प्रधान पाठक हरि प्रसाद पटेल, सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थित रहा।

विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श शिविर, बच्चो के सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान हेतु निशुल्क जांच एवम परामर्श का आयोजन 30 जून रविवार को नगर स्थित केसरवानी मंगल भवन में सुबह 10 बजे से 4बजे तक किया जा रहा है । प्रदत जानकारी के अनुसार केशरवानी समाज बलौदा बाज़ार एवम सुप्रसिद्ध गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल रायपुर के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित निशुल्क जांच एवम परामर्श में डॉक्टर अशोक भट्टर, मृणाली कलमकार, प्राची भट्टर , रमण श्रीवास्तव, शीला वर्मा, शशिभूषण, अंकित शर्मा, पारुल खरे, शगुफ्ता इमित्याज, भगवती साहू, अभिलाषा, संजय शर्मा, समीर गांगुली शिशु रोग, बच्चो की स्पीच थेरेपी, आहार रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, फिज्योथेरिपी सहित अन्य समस्या साथ ही त्वचा एवं चर्म रोग की जांच एवम परामर्श देंगे। मरीज की जांच रिपोर्ट पश्चात समस्या होने पर निशुल्क इलाज भी बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल द्वारा किया जाएगा। जांच एवम परामर्श हेतु पंजीयन केशरवानी समाज के आयोजक सदस्यों द्वार किया जा रहा है।

विधानसभा कोर ग्रुप व प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ संजय श्रीवास्तव ने ली लोकसभा समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव एवम जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्राही के द्वारा विधानसभा स्तरीय लोकसभा चुनाव की समीक्षा एवम पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में बैठक सिमरन पैलेस में हुई। जिसमे सरायपाली विधानसभा कोर ग्रुप के समस्त सदस्य, विधानसभा प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व विधायक राम लाल चौहान, कार्यकरी जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, भाजपा नेता छत्तर सिंह नायक, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेज, नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक,विजय प्रधान, मंत्री प्रधान,मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू,संजय डडसेना, विद्या चौधरी, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा,गुंजन अग्रवाल, बंशी चंद्रा, प्रमोद सागर, आशीष दास,रविंद्र पंडा, अख्तर,मुरली नायक मीडिया प्रभारी विदित धनानियां शामिल रहे।

शासकीय प्राथमिक शाला बेलसोंडा मे किया गया वृक्षारोपण

बेलसोंडा/महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला बेलसोंडा मे आज वृक्षारोपण किया गया है जिसमे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व अद्यक्ष सोहनलाल यादव, भोलाराम चंद्राकर, शिव कुमार यादव सहित संस्था के प्रधान पाठक रेखा चंद्राकर, शिक्षिका -शीतल शर्मा, नेहा चंद्राकर, लीना चंद्राकर, चित्ररेखा गहरवार, लीना चंद्राकर सहित ग्रामीण महिला मीना धीवर, पुत्रि यादव, चंदा चंद्राकर, कीर्ति चंद्राकर, चमेली साहू, यशोदा साहू ने प्राथमिक शाला प्रांगण मे वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अतिथियो द्वारा रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया।

बारनवापारा अभ्यारण्य एवं सीमावर्ती वनक्षेत्र में बाघ की सुरक्षा को लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रसिद्ध बाघ संरक्षण विशेषज्ञ एवं पन्ना टाइगर रिजर्व में फील्ड डायरेक्टर रहे सेवानिवृत आईएफएस श्रीनिवास मूर्ति ने बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र का भ्रमण कर लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य एवं सीमावर्ती वनक्षेत्र में 7 मार्च 2024 से 27 जून 2024 तक बाघ विचरण कर रहे बाघ के संरक्षण तथा संवर्धन कार्यों के समीक्षा की गई। बाघ के सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग के कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं बाघ की सुरक्षा हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक के विशेष आग्रह पर बाघ के सुरक्षा हेतु आईएफएस. (सेवा निवृत्त) आर.श्रीनिवास मूर्ति को बारनवापारा अभ्यारण्य आमंत्रित किया गया था। उन्होंने आमंत्रण स्वीकार करते हुए वनमण्डल बलौदाबाजार के अंतर्गत बारनवापारा अभ्यारण्य में 26 जून 2024 एवं 27 जून 2024 के दौरा प्रवास में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं सीमावर्ती वन परिक्षेत्रों के अंतर्गत वर्तमान में विचरण कर रहे 1 बाघ की निगरानी तथा सुरक्षा हेतु अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर चर्चा किया गया

तथा भविष्य हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। आर.श्रीनिवास मूर्ति द्वारा बाघ विचरण क्षेत्र का सूक्ष्म भ्रमण कर, उनके द्वारा आगामी कार्ययोजना हेतु बाघ में ''रेडियो कालर'' लगाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। वर्तमान में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं आस-पास के वनक्षेत्र बाघ के रहवास के लिए उपयुक्त है एवं क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रे-बेस तथा वाटरबॉडी (पेय जल स्थान) एवं बाघ रहवास क्षेत्र है, जिसमें बाघ आसानी से रहवास/विचरण कर सकते है। बाघ की मॉनिटरिंग हेतु आर.श्रीनिवास मूर्ति के द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य, बलौदाबाजार, देवपुर एवं परिक्षेत्र बल्दाकछार के समस्त स्टाफ को बाघ संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। वर्तमान में वनमण्डल, बलौदाबाजार के अंतर्गत बाघ के संबंध में किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई, तथा जन मानस एवं बाघ के सुरक्षा हेतु 4 नग कुमकी हाथी को बारनवापारा अभ्यारण्य वनमण्डल बलौदाबाजार लाया जाना एवं निगरानी करने हेतु सुझाव दिया गया। बाघ के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यशाला में प्रमुख रूप से सुधीर कुमार अग्रवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक रायपुर छ.ग. विश्वेश कुमार झॉ,मुख्य वन संरक्षक, (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदन्ती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर छ.ग. मयंक अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार, वरूण जैन उपनिदेशक उदन्ती-सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद छ.ग.अक्षय दिनकर भोसले, प्रशिक्षु आई.एफएस. प्रभारी उपवनमंडलाधिकरी कसडोल, विपुल अग्रवाल, प्रशिक्षु आई.एफएस. प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी, आनंद कुदरया अधीक्षक, बारनवापारा अभ्यारण्य, डॉ. पी.के. चन्दन, वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी कानन पेण्डारी जू-बिलासपुर छ.ग. डॉ. राकेश वर्मा, वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी, जंगल सफारी नवा रायपुर छ.ग. जीवन लाल साहू, परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी, पुष्पेन्द्र साहू, परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर, अनिल वर्मा परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार एवं बारनवापारा अभ्यारण्य, देवपुर तथा परिक्षेत्र बल्दाकछार के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। आर.श्रीनिवास मूर्ति प्रसिद्ध बाघ संरक्षण विशेषज्ञ एवं पन्ना टायगर रिजर्व में फील्ड डायरेक्टर रहे सेवानिवृत आईएफएस अधिकारी है। श्रीनिवास पन्ना टाइगर रिजर्व में लगातार 2009 से 2015 तक फील्ड डायरेक्टर रहकर बाघ की संख्या 0 से 32 किया गया। वर्तमान में पन्ना टाइगर रिजर्व में लगभग 90 टाइगर है। टाइगर की संरक्षण एवं संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है।

1 जुलाई से लागू होंगे 3 नए क्रिमिनल लॉ निगम परिसर में दिया गया प्रशिक्षण

- नवीन आपराधिक कानूनों के माध्यम से अपराधियों पर काबू पाने की पहल
- एनसीआरबी संकलन ऑफ क्रिमिनल लॉ ऐप एक व्यापक मार्गदर्शक

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम दुर्ग परिसर मोतीलाल वोरा सभागार में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु इनके लागू किए जाने के पूर्व पुलिस विभाग के द्वारा जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। भारत सरकार द्वारा विगत दिनों तीन नवीन आपराधिक कानूनों का प्रकाशन राजपत्र में किया गया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) को भारतीय न्याय संहिता से बदल दिया गया है। तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत देश के अपराधियों पर काबू पाने की पहल की गयी है। ब्रिटिश काल में बनाए गए भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह इन तीनों नए प्रावधानों को लाया गया है। उक्त तीनों नवीन कानूनों को आगामी 01 जुलाई 2024 से लागू किया जाना है। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा नवीन आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने प्रशिक्षण अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार एवं लोक अभियोजक से समन्वय स्थापित कर उपरोक्त नवीन कानून के संबंध में तिथिवार चिन्हित स्थान के साथ-साथ, शिक्षण संस्थानों, हाट-बाजारों या अन्य महत्वपूर्ण स्थान जहाँ पर लोगों को अधिक से अधिक नवीन कानून की जानकारी दिया जा सकता है, ऐसे स्थानों में कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता/प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करने कहा गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की जानकारी देते हुए बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को लागू किया गया है। जिसे 20 दिसंबर 2023 को लोकसभा द्वारा एवं 21 दिसंबर 2023 को राज्यसभा द्वारा पारित किया गया एवं 25 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त हुई जिसके पश्चात् भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया। प्रदान किया। इसके अतिरिक्त भी पुलिसकर्मियों को रेंज एवं जिला स्तर पर नवीन कानूनों के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक/प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक/पुलिस अनुविभागीय अधिकारी/उप पुलिस अधीक्षक को अपने-अपने अनुविभाग के थाना क्षेत्र में उस क्षेत्र के

आपदा प्रबंधन के साथ-साथ हेल्थ व हाइजीन के बारे में 600 कैडेट ने लिया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में अतिथि व्याख्यान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शबा कुरैशी बोरई व प्रिया कश्यप चंगोरी ने एनसीसी कैडेट को हेल्थ व हाईजिन के बारे में विस्तार से बताया। द्वय अतिथियों ने सबसे पहले हाथ की सफाई के साथ-साथ हमारे रसोई, स्नानागार, टॉयलेट व भोजन कक्ष की स्वच्छता का महत्व बताया और छात्राओं से मानसिक तनाव, स्वास्थ्य व मासिक धर्म में होने वाली समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। साथ ही साथ सिरदर्द व माइग्रेन के कारण प्रकार एवं उनके रोकथाम पर चर्चा की। कैडेटों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए व एनीमिया से बचने के लिए संतुलित आहार, फल, हरी सब्जियों का भरपूर उपयोग, पर्याप्त मात्रा में पानी के सेवन पर जोर दिया और जंकफूड से दूर रहते हुए प्रतिदिन योग व प्राणायाम करने कहा। शिविर के द्वितीय सत्र में जिला आपदा प्रबंधन की टीम ने आपदा के प्रकार, आग बुझाने के उपाय, आग बुझाते समय रखी जाने वाली सावधानियां के बारे में बताते हुए प्रत्येक स्थिति का डेमो भी कैडेटों को दिखाया। आपदा प्रबंधन में एनसीसी कैडेट किस प्रकार अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की व कैडेटों के प्रश्नों का समाधान किया। कैंप कमांडेड करनाल मकसूद अली खान ने विषय विशेषज्ञों का स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर भूपति थापा, कैंप एडुजेंट कैप्टन कृष्ण मंडल, क्वार्टर मास्टर लेफ्टिनेंट हरीश कुमार कश्यप व कॉलेज/स्कूल के एनसीसी अधिकारी रोमन चंद जागड़े, ममता ध्रुव, प्रदीप शुक्ला, अल्का मेढे, अनुराधा, फुलेश्वरी, अंजुल राय, सरस्वती बंजारे व पुजा अवस्थी तेनु सही स्टाफवह 600 कैडेट उपस्थित रहे।

भिलाई-चरौदा निगम महापौर ने बैठक में विभाग प्रमुख अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा महापौर निर्मल कोसरे के द्वारा गुरूवार को निगम द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। महापौर कक्ष में आयोजित बैठक में विधि, सामान्य प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित एमआईसी सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित करते हुए महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण निगम क्षेत्र में सफाई कार्य जारी रखे। साथ ही बड़े नालों की सफाई कर दवा का छिड़काव करना सुनिश्चित करें। सामान्य प्रशासन विभाग के कामकाज में लेखा शाखा एवं स्थापना शाखा प्रभारी द्वारा महापौर कोसरे को विभागीय जानकारी से अवगत कराया गया।

जिसके पश्चात कोसरे ने निगम की वित्तीय स्थिति को लेकर सहायक लेखाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये तथा स्थापना प्रभारी अधिकारी को कर्मचारियों के पदोन्नति संबंधी कार्यो को समय सीमा में पूर्ण किये जाने निर्देश प्रदान किये। बैठक में महापौर परिषद की सदस्य सह स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग प्रभारी देवकुमारी भलावी, राजस्व एवं बाजार विभाग प्रभारी सदस्य मोहन साहू एवं विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी एस. वेंकट रमान मौजूद रहे। इसके अलावा निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहायक राजस्व अधिकारी अरुणिमा दुबे, स्थापना प्रभारी तारणी वर्मा, सहायक ग्रेड-03 अविनाश चन्द्राकर, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, लेखपाल रामनिवास पाल जानकारी सहित उपस्थित रहे।

ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित भूमि से अतिक्रमण हटाया

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

जोन क्रमांक 4 अंतर्गत हल्का औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में ग्रीन बेल्ट हेतु आरक्षित भूमि पर देवांगन होटल के संचालक द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था।

आयुक्त नगर निगम भिलाई के पास मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा पत्र प्राप्त हुआ था। जोन के राजस्व अधिकारी तोड़फोड़ दस्ते के साथ मौके पर पहुंच कर देवांगन होटल को खाली कराकर जगह को रिक्त किया गया। कार्यवाही के दौरान होटल के संचालक के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसे थाना जामुल प्रभारी के साथ पुलिस बल द्वारा हटाया गया। पत्र के माध्यम से सूचना मिली थी कि मेसर्स पॉलीब्रान्ड इंसुलेशन प्राईवेट लिमिटेड प्लाट क्रं 37/ए-बी-सी के आस पास की ग्रीन बेल्ट हेतु आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण किया गया था।

आस पास के व्यापारी प्रतिष्ठानो द्वारा भी धीरे धीरे अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। वहां पर अलग से शेड व रूम बनाकर जगह को घेर लिए थे। जिसे नगर निगम का तोड़ू दस्ता पुलिस के मौजुदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इसी दौरान शिकायत मिली थी कि जोन क्रमांक 3 अंतर्गत सियान सदन के बगल के हिस्से में नवउदय विद्यालय द्वारा दरवाजा खोल कर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था, उसे भी हटाया गया।

कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी छावनी, थाना प्रभारी जामुल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के अधिकारी एवं, भिलाई निगम के जोन 4 राजस्व अधिकारी बाल कृष्ण नायडू, जोन 3 के राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता सहित दल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच करने किया जा रहा सर्वे

सब इंजीनियर देंगे अपने-अपने वार्ड की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

कैच द रैन अभियान के तहत सर्वे करने रिसाली निगम ने 32 दल गठन किया है। दल में शामिल सद्स्य डोर-टू-डोर जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करेंगे। सर्वे रिपार्ट प्रभारी सब इंजीनियर को सत्यापित कर देना होगा। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा ने 7 दिवस का समय दी है। नगर पालिक निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि 150 वर्ग मीटर से अधिक जमीन पर बनाए घर में वाटर हार्वेस्टिंग का होना आवश्यक है। कई ऐसे है जो केवल सोख पीट की तरह गड्ढा कर खानापूर्ति कर रहें है। आयुक्त ने कहा है कि ऐसे घरों को वो पहले चिन्हित करेंगी। सर्वे के आधार पर नियमतः रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बनाने सब इंजीनियर गाइड करेंगे। आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र में बने बड़े व्यवसायिक परिसर और सामाजिक भवनों के अलावा मांगलिक भवनों में सिस्टम बना है कि उसे जांच करने का निर्देश दिया गया है।

अपार्टमेंट पर फोकस-रिसाली निगम क्षेत्र में अपार्टमेंट और कालोनाइजर द्वारा तैयार कालोनी अधिक है। निर्माण समय पूर्ण होने पर बी.सी.सी. लेने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत किया जाता है। सिस्टम सही है कि नहीं अथवा वास्तव में पानी जमीन के अंदर जा रहा है कि नहीं इसकी जांच नहीं होती। निगम के सब इंजीनियर अपार्टमेंट व कालोनी में बनाए हार्वेस्टिंग सिस्टम को अपनी उपस्थिति में चेक कराना होगा।

सिकल संगवारी पहलः एबिस पहल, संगवारी और जिला प्रशासन का एक सामूहिक प्रयास

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विश्व सिकल सेल दिवस (राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन) के अवसर पर जिला चिकित्सालय दुर्ग में जिला स्तरीय कार्यक्रम में सिकल संगवारी पहल की शुरूआत की गई। सिकल सेल एक अनुवंशिक रक्त विकार है जो लाल रक्त कोशिकाओं के आकर को प्रभावित करता है तथा रक्त प्रवाह में समस्या पैदा कर विभिन्न अंगों को नुकसान पहुँचाता है। इस रोग की गंभीरता को समझते हुए एबीस सी.एस.आर. पहल, संगवारी और जिला प्रशासन द्वारा एक सामुहिक प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन से जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल मरीजों के उचित उपचार एवं देखभाल हेतु एक ईलाज पुस्तिका का विमोचन व सिकल संगवारी पहल कक्ष का उदघाटन जिला चिकित्सालय दुर्ग किया जा रहा है। इससे मरीजों कों सरकारी योजनाओं का काफी फायदा होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में सिकल सेल वाहक व बीमार लोगों को उचित मार्गदार्शन एवं कॉउसिंलिग के लिए तीन लोगों की संगवारी टीम का गठन किया गया। इससे मरीजों को चिकित्सीय परामर्श आसानी से मिलेगा। सिकल संगवारी पहल की ओर एक ही स्थान पर उचित मार्गदर्शन, काउंसलिंग व दवाई मिलेगी जिससे अनेक लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

इलेक्ट्रिकल कंप्यूटर एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी पर छठवां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन समारोह संपन्न

- भिलाई के छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन, दिग्गज शिक्षाविदों की रही उपस्थिति

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू), भिलाई में 26 जून, 2024 को छठवें आईईईई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऑन इलेक्ट्रिकल कंप्यूटर एंड और कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीईसीसीटी)-2024 के उद्घाटन समारोह का एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित आयोजन हुआ। इस समारोह में विभिन्न सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति रही। जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में वीर सुरेन्द्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वीएसएसयूटी) ओडिशा के कुलपति प्रो. बंसीधर माझी शामिल थे। समारोह में विद्युत विनियामक आयोग (सीएसईआरसी) के अध्यक्ष हेमंत वर्मा और आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अध्यक्ष प्रो. गीतम सिंह तोमर की उपस्थिति ने भी समारोह को गौरवान्वित किया। प्रो. साद मेखिलेफ, प्रोफेसर इलेक्ट्रीकल रिनीवेबल एनर्जी, स्वीन बर्न युनिवर्सीटी आफ टेक्नोलॉजी आस्ट्रेलिया तथा भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के प्रभारी निदेशक अनिरबन दासगुप्ता की गरीमामयी उपस्थिति रही। इस सम्मेलन की अध्यक्षता सीएसवीटीयू, भिलाई के कुलपति प्रो. एम. के. वर्मा द्वारा की गई। उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत यूटीडी सीएसवीटीयू, भिलाई के निदेशक प्रो. पी. के. घोष के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिवादन किया। इसके बाद सीएसवीटीयू-फोर्टे के निदेशक डॉ. आर. एन. पटेल ने उपस्थित लोगों का हार्दिक स्वागत किया। डॉ. पटेल ने सम्मेलन के महत्व पर जोर दिया और कार्यशालाओं, प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं, एक प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन जैसी गतिविधियों की रूपरेखा से अवगत कराया।

शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में 26 जून 2024 को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सोनल कुमार गुप्ता सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर, समाजसेवी एस गुम्मा, विशेष अतिथि विवेक शर्मा सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जिला दुर्ग, शाला विकास समिति के सदस्य एवं पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं शालेय प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन कर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। शाला की छात्राओं कु. अंजली मेहता एवं कु.सुमन द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना का गायन किया गया। शालेय प्राचार्य असीमा चटर्जी एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के. रघुनाथ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा शाला प्रवेश हेतु कक्षा 6वीं एवं 9वीं के नवप्रवेशी छात्र/छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा गणवेश वितरण कर किया गया। मंच संचालन शाला की व्याख्याता मती कुसुम वर्मा द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से किया गया। कु. अंजली मेहता द्वारा बहुत ही सुंदर एवं शिक्षाप्रद बालिकाओं पर आधारित कविता का वाचन किया गया जिससे प्रभावित होकर मुख्य अतिथि द्वारा छात्रा को पुष्प गुच्छ एवं पौधे से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। व्याख्याता मती कुसुम वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नवा शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रारंभ संबंधित संदेश का वाचन किया गया।

जेआईटीएफ इन्फ्रालॉजिस्टिक्स लिमिटेड
सीआईएन - L60231CT2008PLC016434
पंजीकृत कार्यालयः ए–11(7), उदया सोसाइटी, सेक्टर–3, टाटीबंध, रायपुर–492099, धरसीवा, छत्तीसगढ़, भारत
वेबसाइटः www.jindalinfralogistics.com, ई–मेलः contactus@jindalinfralogistics.com

17वीं वार्षिक आम बैठक के लिए सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 17वीं वार्षिक आम बैठक सोमवार, 22 जुलाई 2024 को दोपहर बाद 12.30 बजे होटल ग्रैंड राजपुताना, तेलघानी नाका चौक, स्टेशन रोड, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़ में कथित वार्षिक आम बैठक में दी गई सूचना के कार्यों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना उन सदस्यों को ईमेल द्वारा भेज दी गई है, जिनके पास रिकॉर्ड तिथि, यानी 21 जून 2024 तक शेयर हैं, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है और अन्य सभी सदस्यों को भौतिक प्रति भेज दी गई है। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.jindalinfralogistics.com पर भी देखे जा सकते हैं।

एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी के विनियम 42 (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताए) विनियम 2015 के अनुपालन में, कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियां 16 जुलाई 2024 से 22 जुलाई 2024 तक (दोनों दिन शामिल) तक वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताएं) 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में कंपनी अपने सदस्यों को दूरस्थ ई – वोटिंग की सुविधा प्रदान करती है जिससे वे कंपनी की 17वीं वार्षिक आम बैठक में पारित संकल्पों पर अपने वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से दे सकें।

सदस्य कृपया निम्नलिखित नोट करें :

क. दूरस्थ ई–वोटिंग शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024 को सुबह 9.00 बजे आरंभ होगी और रविवार, 21 जुलाई 2024 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी।

ख. दूरस्थ ई–वोटिंग रविवार, 21 जुलाई 2024 को शाम 5.00 बजे के बाद उपलब्ध नहीं होगी।

ग. दूरस्थ ई–वोटिंग और मतदान के लिए वोटिंग हेतु सदस्यों की पात्रता के निर्धारण की कट ऑफ तिथि 16 जुलाई 2024 है।

घ. कोई व्यक्ति जो बैठक की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और उसके पास कट आफॅ तिथि 16 जुलाई 2024 को शेयर धारिता है तो वे आरसीएमसी शेयर रजिस्ट्री (प्र.) लि., कंपनी के आर एण्ड टी एजेंट बी–25/1, ओखला इंडस्टियल एरिया, फेज 2, नई दिल्ली–110020, फोन 011–26387320–21, फैक्सः 011–26387322, ई–मेल : evoting.services@rcmcdelhi.com से संपर्क द्वारा अपने यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

ड. दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा वोट देने वाले सभी सदस्य वार्षिक आम बैठक में भाग भी ले सकते हैं, किंतु उन्हें वार्षिक आम बैठक में अपना वोट देने की अनुमति नहीं होगी।

च. मतदान के माध्यम से वोटिंग की सुविधा वार्षिक आम बैठक में केवल उन सदस्यों के लिए होगी जिन्हानें दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नही दिया है।

छ. सदस्य वार्षिक आमसभा की सूचना में बताए गए ई–वोटिंग के अनुदेश पढ़ें या https://evoting.nsdl.com देखें और किसी पूछताछ के लिए आप सदस्यों के लिए बार बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) को देख सकते हैं और https://evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में सदस्यों के लिए ई–वोटिंग प्रयोक्ता मैनुअल उपलब्ध है।

जेआईटीएफ इन्फ्रालॉजिस्टिक्स लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
आलोक कुमार
कम्पनी सचिव
एसीएस–19819

स्थानः नई दिल्ली
तिथि : 28.06.2024

पुलिस विभाग द्वारा नगर निगम भिलाई के अधिकारी एवं कर्मचारियो को प्रशिक्षण दिया गया

भारतीय दण्ड संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता से संबोधन होगा

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में 1 जुलाई से नये कानूनो को लेकर जानकारी दी गई। अपराधिक कानूनो को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नगर निगम भिलाई के अधिकारी एवं कर्मचारियो को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कुछ व्यवहारिक रूप से जो कानून में बदलाव किये गये है उसके बारे में बताया गया। भारतीय दण्ड संहिता आई.पी.सी. को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जायेगा। तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत देश के कानूनो का परिपालन किया जायेगा। व्यवहारिक रूप से आम जनता को जानने वाली प्रमुख जानकारी बताते हुए पुलगांव थाना टी.आई. पुष्पेन्द्र भटट ने बताया कि हिट एण्ड रन केस में मानवीय पहलू को जोड़ते हुए संशोधन किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति के वाहन से दुर्घटना हो जाती है व्यक्ति घायल सड़क पर पड़ा है, दुर्घटनाकर्ता को डर लगता है कि रूक कर मदद करूंगा तो पब्लिक हमे मारेगी। वह वहां से भागकर वह निकटतम थाने में जाकर सूचित कर देता है कि मेरे द्वारा दुर्घटना हो गई है। प्रथम सूचना थाने में देता है तो मानवीय दृष्टि से उसे सजा में कम हो सकती है। यदि दुर्घटना करके वह सीधे भाग जाता है तो अपराध बड़ा होगा। पुलिस के समक्ष यदि कोई अपराधी या नागरिक बयान देता है तो उसकी वीडियो रिकार्डिंग होगी, जो मान्य होगा। यदि ब्यान देने वाला न्यायालय में जाकर मुकर जाता है तो पुलिस के समक्ष पूर्व वीडियो के रूप में दर्ज ब्यान को ब्यान के आधार पर आगे की कार्यवाही निर्धारित होगी। पूर्व ब्यान से अब वह मुकर नहीं पायेगा। पुलिस एवं न्यायालय को भी समय सीमा निर्धारित की गई है। सबकी जवाबदेही तय की गई है। पदमनाभपुर थाना टी.आई. अम्बर सिंह भरद्वावज विधिक परिवर्तन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले एफआई.आर. दर्ज करते समय एफआई.आर. कर्ता को थाने में जाकर एफआई.आर. दर्ज करवाना पड़ता था। अब वह कहीं से भी ऑनलाईन मेल के द्वारा अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। शर्ते यह होगी कि तीन दिन के अंदर व्यक्ति स्वयं थाने में आकर उपस्थित होना पड़ेगा। किसी भी केस में गवाही वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हो पायेगी, जो मान्य होगा। संबंध तामिली के लिए अब ब्यानकर्ता के पास जाने के बजाय वीडियो कान्फ्रेसिंग से लिया गया बयान मान्य होगा।

एफआई.आर. कर्ता थाने में दर्ज अपनी शिकायत (एफ.आई.आर) में की गई कार्यवाही के बारे में पुलिस से जानकारी प्राप्त कर सकता है कि मेरे केश में क्या प्रगति हुई। सुपेला थाने से उपनिरीक्षक मनीष बाजपाई ने नये कानूनो के संबंध में नगर निगम भिलाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा पुराने दण्ड संहिता के बदले नये न्याय संहिता से होने वाले परिवर्तनो के बारे में जानकारी प्राप्त की। जो सबके लिए बहुत लाभ दायक रही।

संपादकीय

भारतीय अर्थव्यवस्था प्रगति के पथ पर

भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार प्रगति के पथ पर बढ़ रही है। अपने दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को 'पांच ट्रिलियन डालर को अर्थव्यवस्था' बनाने का आह्वान किया था। हालांकि, अभी यह सपना पूरा होने में समय लगेगा, पर उन्होंने भारत के उद्यमियों तथा अन्य हितधारकों को दिशा और उम्मीद दे दी है। हर लक्ष्य प्राप्त करने का एक मार्ग होता है जिस पर चलना जरूरी होता है। वास्तव में, दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था भारत लगातार वैश्विक निवेशकों और अर्थशास्त्रियों को समान रूप से आकर्षित कर रहा है। भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक प्रमुख पक्ष है। लेकिन यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अनेक बाधायें दूर करनी होंगी। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत वर्तमान वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर प्राप्त करेगा। नीतिगत दृष्टिकोण तथा विभिन्न आयामों पर नजर डालने से यह दावा महत्वपूर्ण और आशावादी दृष्टिकोण का परिचायक है। निसंदेह भारत की अर्थव्यवस्था ने विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए मजबूती प्रदर्शित की है जिनमें कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। अनेक आर्थिक संकेतक एक मिश्रित, लेकिन आशावादी तस्वीर पेश करते हैं। हालिया वर्षों में दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की प्रशंसा हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने हालिया वर्षों में शानदार वृद्धि प्रदर्शित करते हुए महामारी से पैदा स्थिति से निपटने में सफलता पाई है। 2023-24 की पहली तिमाही में उसकी जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी जो मजबूत आर्थिक गतिशीलता प्रदर्शित करती है।



लेकिन मूल्यवृद्धि व मुद्रास्फीति चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई मई, 2024 में 4.6 प्रतिशत पर था जो आरबीआई द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत में 2 प्रतिशत अधिक या कम की सहनशील सीमा में था। इसे प्रगति का सकारात्मक संकेत कहा जा सकता है। अर्थव्यवस्था का एक और चिन्ताजनक क्षेत्र बेरोजगारी है। जून, 2024 में शहरी बेरोजगारी 7.8 प्रतिशत तथा ग्रामीण बेरोजगारी 7.4 प्रतिशत थी जो चिन्ताजनक है। सुधारों के बावजूद महत्वपूर्ण विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन अधिक नहीं हो रहा है। टिकाऊ वृद्धि के लिए रोजगार जरूरी है और यह आर्थिक वृद्धि के लिए 'लाल संकेत' है। इस विभीषिका से निपटने के प्रयास किए जाने चाहिए क्योंकि इससे सभी सकारात्मक संकेतक प्रभवित हो सकते हैं। सकारात्मक रूप से भारत भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई आकर्षित कर रहा है जो 2024 के पहली छमाही में कुल 55.3 बिलियन डालर था। इसके साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था की प्रगति ने बिजनेस सुगमता पर अच्छा असर डाला है। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और 2025 में इसके 1 ट्रिलियन डालर पहुंचने की आशा है। इसमें भारत की युवा जनसंख्या का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है जो हमारा 'जनसंख्या लाभांश' है। भारत की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 25 वर्ष से कम है। इससे भारत बड़े व जीवन्त कार्यबल वाला देश है जो उपभोग और खोज को बढ़ावा देता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा इस साल 7.2 प्रतिशत वृद्धि दर प्राप्त करने का विश्वास भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और संभावनायें प्रकट करता है। लेकिन यह वृद्धि दर प्राप्त करने के लिए हमें मुद्रास्फीति, वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितताओं तथा जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा समस्याओं का मुकाबला करना होगा। इससे ही टिकाऊ व समावेशी वृद्धि सुनिश्चित होगी।

मोदी सरकार : अवसर व चुनौतियां

सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में व्यवधान न आए और उसकी ब्लैक मार्केटिंग कतई न हो तभी हम महंगाई दर को एक सीमा के अंदर रखने में कामयाब होंगे।

विवेक सिंह
(लेखक, अर्थशास्त्री हैं)

18 वीं लोकसभा का प्रथम सत्र 24 जून से शुरू हो गया है। सत्र की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार बनी तीसरी सरकार की चुनौतियों की भी शुरुआत हुई है। चुनौतियों को ठीक से साधा गया तो ये अवसर भी बन सकती हैं। इस बार विपक्ष मजबूत स्थिति में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष जहां 91 सीटों पर सीमित था वहीं इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष यानी इंडिया गठबंधन 234 सीटों के साथ मजबूत स्थिति में है। एनडीए ने अपना अध्यक्ष बनाने में सफलता प्राप्त की है। ज्यादा संभावना यह है कि डिप्टी स्पीकर पद एनडीए के घटक दलों में से किसी एक को मिल सकता है। मोदी की तीसरी सरकार के लिए आर्थिक विकास, कल्याणकारी योजनाएं और सब्सिडी में लाखों करोड़ रुपए के व्यय को एक साथ साधना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है।

प्रश्न वरीयता का है। समावेशी एवं समग्र विकास के लिए सरकार को गरीबों के प्रति अत्यंत संवेदनशील रहना होगा, साथ ही साथ आर्थिक विकास की गति को भी तेज करने का उत्तरदायित्व होगा। इसकी झलक आगामी जुलाई महीने के पूर्ण बजट में परिलक्षित होगा। आने वाले 23 वर्षों, 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखने की प्रतिबद्धता सरकार ने जाहिर की है जो सच होती दिख रही है। चुनौतियों के बावजूद देश इसी प्रकार प्रगति पथ पर बढ़ता रहा तो 2047 के पहले ही भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो सकता है। पिछले तीन सालों से लगातार जीडीपी ग्रोथ रेट 7 से 8.5 प्रतिशत के बीच में है जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत थी। भारत सरकार का वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर एक्सपोर्ट का लक्ष्य है। कुछ वर्षों में भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अनुमानत: वर्ष 2026 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो सकता है। समान नागरिक संहिता का मुद्दा 1950 से ही भाजपा के एजेंडे में शामिल रहा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी समान नागरिक संहिता भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल थी। कई प्रदेशों सरकारों ने इस पर कार्य आरंभ कर दिया है। यह संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब एनडीए के आंतरिक घटकों में सामंजस्य स्थापित होने के साथ ही साथ विपक्षी दलों में भी इसको लेकर आपसी सहमति बने। समान नागरिक संहिता देश में लागू हो जाती है तो यह सरकार, बीजेपी और एनडीए के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

एक राष्ट्र एक चुनाव अवधारणा के अंतर्गत लोकसभा और सभी विधान सभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव है। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार चुनावी भाषणों में एक राष्ट्र एक चुनाव के संकल्प को दोहराते हुए स्पष्ट किया था कि सरकार बनने पर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सरकार काम करेगी। संविधान संशोधन के जरिए ही एक राष्ट्र एक चुनाव को सुनिश्चित किया जा सकता है जिसके लिए सभी पार्टियों में आम सहमति का होना आवश्यक है। एक राष्ट्र एक चुनाव के अनेकों फायदे हैं। एक अनुमान के मुताबिक यदि लोकसभा के साथ सभी विधानसभा चुनाव भी हो जाएं तो देश के लगभग 5 लाख करोड़ रुपए बचाए जा सकते हैं। इससे चुनावी मशीनरी के समय और पैसे की बर्बादी रुकेगी। आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। देश के विकास के लिए समावेशी, संतुलित, विकासोन्मुख बजट आवश्यक है। 140 करोड़ लोगों के विकास के साथ देश का विकास जुड़ा है। इस समय समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुख बजट देश की अनिवार्यता है। एक तरफ जहां देश की आय में वृद्धि जरूरी है वहीं दूसरी तरफ खर्चों पर अंकुश लगाना अनिवार्य है। मोदी सरकार 2.0 में निर्मला सीतारमण का वित्त मंत्री के रूप में कार्य बेहतर और सराहनीय था। उम्मीद यही है कि मोदी सरकार 3.0 में भी निर्मला सीतारमण का वित्त मंत्री के रूप में कार्य बेहतरीन होगा। अगले महीने जुलाई में पूर्ण बजट आएगा जो 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। बजट गरीबों के आशा आकांक्षाओं पर खरा उतरने के साथ ही आर्थिक विकास को गति को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए। किसानों की आय में वृद्धि मोदी सरकार के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में किसानों के आय में वृद्धि हुई है परंतु यह आशा के अनुरूप नहीं है। किसानों को उनकी फसल का वास्तविक मूल्य मिलना चाहिए, इसके लिए बिचौलियों पर नकेल रखना बहुत आवश्यक है। वर्तमान समय में अनेक प्रयासों के बावजूद जो पैसा किसानों को पहुंचना चाहिए वह बिचौलियों को पहुंच रहा है। बिचौलिए मालामाल हैं और किसान बेहाल हैं। किसान सम्मान निधि सरकार की एक बेहतरीन योजना है जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है और किसानों के जीवन स्तर में अनुकूल सुधार आया है। कृषि कानूनों में आवश्यक सुधार कर जल्द से जल्द लागू करना चाहिए ताकि किसानों की आय में आशा के अनुरूप वृद्धि हो।

महंगाई एवम बेरोजगारी पर लगाम जरूरी है। 2024 के आम चुनाव में महंगाई एक प्रमुख मुद्दा था जिसे विपक्ष द्वारा लगातार उठाया गया। पिछले 10 वर्षों के महंगाई के आंकड़ों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कुछ वर्षों को छोड़कर ज्यादातर महंगाई दर नियंत्रण में ही रही है। 3 से 5 प्रतिशत तक महंगाई दर किसी भी अर्थव्यवस्था में होना लाभकारी है। मई 2024 मे महंगाई दर 4.75 प्रतिशत थी जो कि पूर्णरूपेण नियंत्रित है।

सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में व्यवधान न आए और उसकी ब्लैक मार्केटिंग कतई न हो तभी हम महंगाई दर को एक सीमा के अंदर रखने में कामयाब होंगे। भारत में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है इसका मुख्य कारण सरकारी नौकरी की चाहत और जरूरी स्किल का न होना है। नई शिक्षा नीति लागू होने के उपरांत हमें बेरोजगारी दर में काफी कमी देखने को मिलेगी। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हम दुनिया में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान निर्यात में आशा के अनुरूप वृद्धि दर्ज हुई है। इस वर्ष कुल निर्यात 778 बिलियन डॉलर है जो की अगले वर्ष 900 बिलियन डालर होने की पूरी संभावना है। भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर एक्सपोर्ट का लक्ष्य रखा है जो बिलकुल संभव दिखता है। पिछले 10 वर्षों में रक्षा निर्यात में लगभग 2300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। सरकार पिछले 10 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले कैपिटल एक्सपेंडिचर में 540त्न की वृद्धि हुई है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 45 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं परिणाम स्वरूप आज इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार हुआ है। इस सुधार को आगे और ले जाने की आवश्यकता है ताकि देश की इंफ्रास्ट्रक्चर व्यवस्था विश्वस्तरीय हो सके।

भारत में आज सबसे बड़ी समस्या सांस्कृतिक मूल्य सहित रोजगार उन्मुख शिक्षा व्यवस्था की है। ज्यादातर भारतीय विद्यार्थी डिग्री के बावजूद ज्ञान और कौशलहीन हैं। शिक्षा भारतीय शिक्षा प्रणाली पर आधारित होनी चाहिए जिसमें भारतीय भाषाओं खासकर हिंदी और संस्कृत पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इंजीनियरिंग हो या मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी हो या विज्ञान इनका पाठ्यक्रम और मीडियम आफ इंस्ट्रक्शन अंग्रेजी के बजाय हिंदी होने से विद्यार्थी व्यापकता में सीखेंगे। भारतीय परंपरा में धर्मांतरण जैसी विषय वस्तु है ही नहीं। भारतीय संस्कृति कन्वर्जन नहीं अपितु कन्वर्सेशन और करेक्शन पर आधारित है। देश में लगातार धर्मांतरण की खबरें आती रहती हैं जो कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में उचित नहीं है। केंद्र सरकार को सख्त धर्मांतरण विरोधी कनून लाना चाहिए ताकि देश और देशवासियों को सांस्कृतिक सुरक्षा मिल सके। मोदी सरकार को अपनी विदेश नीति मजबूत करने पर और अधिक ध्यान देना होगा विदेश नीति और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का एक रिश्ता है।

दूसरे देशों के साथ देश के रिश्ते अच्छे होंगे या खराब यह विदेश नीति पर निर्भर करती है। पिछले 10 वर्षों में भारत की विदेश नीति सार्थक रही है। भारत के सामरिक एवं व्यापारिक रिश्ते दुनिया के लगभग सभी देशों के साथ अच्छे हैं। परिणाम स्वरूप विदेशी व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होने का एक प्रमुख कारण सफल विदेश नीति को जाता है।

ईश्वर शरणागति से लाभ

ईश्वर की शरण में जाने से हम आसानी से जटिलताओं से निपट सकते हैं।

अजीत कुमार विश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

हम सब आनन्ददायक जीवन चाहते हैं, पर उसका तरीका नहीं जानते हैं। हम अनेक प्रयास करते हैं, पर कुछ न कुछ गलत हो जाता है। यह सपना असंभव लगता है, पर ऐसा नहीं है। परम दयालु ईश्वर ने इसका रास्ता बताया है। भगवान कृष्ण ने कहा था, 'मेरी माया ईश्वरीय है जिससे पार पाना बहुत कठिन है। केवल मेरी शरण में आने वाले ही इस माया से मुक्ति पा सकते हैं।' हम बार-बार स्वाभाविक रूप से हानिकारक विषयों के संपर्क में आते हैं। लाभदायक संवेदनायें उचित हैं, पर इनका पता लगाना कठिन है। ईश्वर हमें यह बुद्धि प्रदान करता है। जैसे माता अपने छोटे बच्चे को स्वयं को नुकसान पहुंचाने से रोकती है, उसी तरह ईश्वर अपने शरणागत की रक्षा करता है। ईश्वर हम सबके लिए माता के समान है। भगवान कृष्ण ने कहा, 'अनेक जन्मों के प्रयास के बाद अंतत: योगी विवेकवान बन कर मेरी शरण में आता है। इस प्रकार भगवान वासुदेव को सब कुछ मानने वाली महान आत्मा विरल होती है।'

हम इस यात्रा की शुरुआत अभी कर सकते हैं जिसमें ईश्वर हमारी रक्षा करता है। हमें भगवान कृष्ण की यह सलाह मानने के लिए कुछ समय निकालना चाहिए, 'योग में दृढ़ रहने वाले लोग मुझे गौरवान्वित करते हैं। वे दृढ़ प्रतिज्ञा के साथ मेरी भक्ति करते हैं तथा उनको मुक्ति मिलती है।'

ईश्वर ने वादा किया है कि 'जो लोग एकात्म भाव से मेरी उपासना करते हैं, मेरा ध्यान करते हैं, ऐसे योग अनुरागियों की मैं सहायता करता हूं। उसे प्राप्त चीजों की सुरक्षा करता हूं तथा उसे अप्राप्त चीजें देता हूं।' हमें भगवान के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। भगवान कृष्ण कहते हैं, 'अपना मन केवल मुझ पर केन्द्रित करो,

अपनी बुद्धि मुझ में एकाग्र करो और इस प्रकार निसंदेह केवल मुझमें ही स्थित रहो।' इस प्रकार हमें ईश्वर में ही एकाग्र रहना चाहिए। इसका क्या अर्थ है? ईश्वर हमारी माता की तरह हमारा ध्यान रखता है। वह हमारे जीवन का लघु-प्रबंधन करता है। इससे कोई भी व्यक्ति इतना लाभान्वित होता है जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। इस प्रकार ईश्वर हमारे जैसे असहाय लोगों की माता की तरह सहायता करता है। हालांकि, कभी-कभी हमारी अंतश्चेतना बदल सकती है जिसका संकेत भगवान कृष्ण ने दिया है। उन्होंने कहा है, 'सचेतन रूप से अपनी सभी गतिविधियां मुझ में अर्पित करो, बुद्धि-योग का व्यवहार करो। मेरी शरण में आने पर तुम सचेतन रूप से हमेशा मुझ में ही वास करोगे।' इस प्रकार हमेशा भौतिक वस्तुओं में रत हमारी चेतना ईश्वर के प्रति चेतना में बदल जाती है और इस मार्ग पर चल कर वह आध्यात्मिक हो जाती है। ऐसा होने पर हमारे जीवन में व्यापक परिवर्तन आता है, जैसा कि भगवान कृष्ण ने कहा है, 'मेरी चेतना में समाहित होकर तुम मेरी कृपा या आशीर्वाद प्राप्त करने की सभी बाधाओं से मुक्त हो जाओगे।' इसी श्लोक में भगवान कृष्ण कहते हैं कि 'यदि तुम स्वयं कर्ता के भाव से मुक्त हो जाओ तो संपूर्ण मुक्ति प्राप्त कर लोगे।' आमतौर से ऐसा सभी मनुष्यों के साथ होता है। हमें अपनी इच्छाओं का दमन करना चाहिए क्योंकि ईश्वर और इच्छायें एकसाथ नहीं रह सकते हैं।

क्या आप अपनी उस विशिष्ट स्थिति की कल्पना कर सकते हैं, जब ईश्वर के दिशानिर्देशों पर चल कर हम सब कुछ प्राप्त कर लें? इसके बाद जीवन सहज हो जाएगा। हमें पूरे मन से ईश्वर के निर्देशानुसार उसकी शरण में जाना चाहिए। सभी प्रकार से हमें केवल ईश्वर की शरण में रहना चाहिए। ईश्वर की शरण में जाने से इनकार करने पर अपनी अनन्त यात्रा में हमें कभी शांति या मुक्ति नहीं प्राप्त हो सकती है। इसे सोचते हुए हमें ईश्वर की शरण में जाना चाहिए। हम ऐसा कब करेंगे? हम ईश्वर के निर्देशों का पालन कब करेंगे? भगवान कृष्ण ने कहा है, 'मेरी चेतना प्राप्त करो, मेरे भक्त बनो, मुझे अपने बलिदान अर्पित करो और मेरी शरणागति प्राप्त करो। ऐसा करके ही तुम मुझे प्राप्त कर सकोगे। मैं तुमसे इसका सच्चा वादा करता हूं क्योंकि मैं तुमसे प्रेम करता हूं।'

भगवान कृष्ण के वचन सबके लिए अत्यन्त लाभकारी हैं। भगवान ने वादा किया है, 'केवल मेरी शरण में आओ, चिन्ता न करो, मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूंगा।' सवाल है कि हम बार-बार मुसीबतों में क्यों फंसते हैं? हम हमेशा चिन्तित क्यों रहते हैं? इसका कारण हमारे बुरे कर्मों के फल हैं। ईश्वर की शरणागति से ईश्वर हमें क्षमा कर देगा तथा हमें और मुसीबतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

यह उस मुक्ति के समान है जब हम अपने भौतिक- सांसारिक शरीरों से मुक्ति पाते हैं। यह अविश्वसनीय लगता है, लेनि इस पर विचार करना चाहिए। हमें सुविधाजनक रूप से यथासंभव अधिकाधिक समय तक ईश्वर की शरण में रहना चाहिए।

आप की बात

स्वागत योग्य निर्णय

मध्य प्रदेश में अब मंत्रियों को अपना आयकर खुद भरना पड़ेगा। प्रदेश सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। हमारे देश के सभी राज्यों में इसे लागू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सरकारी खजाने पर बोझ बनने वाली मंत्रियों की अन्य सुविधाओं पर भी लगाम लगाई जानी चाहिए। मंत्रियों के भारी-भरकम टेलीफोन व बिजली बिलों का भुगतान बंद किया जाना चाहिए। मंत्रियों को रहने के लिए बंगले, सरकारी वाहन तथा सिक्योरिटी के साथ-साथ लाखों रुपए महीना तनख्वाह मिलती है। इसके साथ ही उनको आजीवन भारी भरकम पेंशन मिलती है। इन सब में कटौती की जाए तो पहले से ही करोड़पति हमारे मंत्री-विधायकों को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। मगर इससे प्रदेश का बहुत सारा धन अन्य अच्छे कार्यों में लग सकेगा। अब मंत्री व विधायकों के वेतन भत्ते स्वयं बढ़ाने के नियम को भी खत्म करके देशभर के लिए एक जैसी राशि निर्धारित की जानी चाहिए। अभी हालत यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को पगार प्रधानमंत्री से भी ज्यादा है। विधायकों व मंत्रियों के वेतन और भत्तों की तुलना सरकारी अधिकारियों से की जानी चाहिए और इनके बीच एक संतुलन बनाया जाना चाहिए। यह विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

-सुभाष बुड़वन वाला, रतलाम

कर्नाटक में नाटक

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार में नया नाटक उभर रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से अनेक मंत्री मांग कर रहे हैं कि प्रदेश में तीन और उप-मुख्यमंत्री बनाये जाएं। फिलहाल एक उप-मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार हैं। शायद स्वयं सिद्धारमैया शिवकुमार का प्रभाव घटाने के लिए ऐसा करना चाहते हैं। कतिपय मंत्री वीरशैव, लिंगायत, एससी, एसटी व अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को उप-मुख्यमंत्री बनाने की वकालत कर रहे हैं। कर्नाटक में विभिन्न समुदायों के उप-मुख्यमंत्री बनाने की यह मांग कांग्रेस की छवि के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। जनता स्वाभाविक रूप से सोच रही है कि अच्छा हुआ केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व की महागठबन्धन सरकार नहीं बनी वरना वहां तो प्रधानमंत्री के बाद उप-प्रधानमंत्री बनाये जाने की मांग काबू से बाहर हो जाती। वैसे भी कांग्रेस की खैरात बांटने की योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली हो रहा है और वह लोकसभा चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने वाला पहला राज्य बन गया है। गरीबों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले बड़े कांग्रेसी नेता राज्य की जनता पर पड़ने वाले इस आर्थिक बोझ पर चुप्पी बनाए हुए हैं।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

मोदी की शैली

18वीं लोकसभा में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की भूमिका में हैं। उनके तेवर व शैली में कोई अंतर नहीं आया है। मोदी ने अपना मनचाहा स्पीकर बनाकर दिखा दिया है। इसी मनचाहे स्पीकर ओम बिड़ला ने इंदिरा सरकार द्वारा थोपी इमरजेंसी को जब लोकतंत्र पर काला धब्बा बताया तो सारे कांग्रेसी हाय-हाय करने लगे। दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिड़ला ने इमरजेंसी के खिलाफ अपना पूरा बयान पढ़ा तथा पूरे सदन ने दो मिनट का मौन भी धारण किया। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव पर पहले तो कांग्रेस ने मोदी सरकार पर दबाव डालने का प्रयास किया, पर बात न बनने पर अपना उम्मीदवार अध्यक्ष पद के लिए खड़ा कर दिया। लेकिन तृणमूल कांग्रेस द्वारा कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन न करने से कांग्रेस को मत-विभाजन की मांग करने की भी हिम्मत नहीं हुई। इस प्रकार लगातारी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी ने अपनी आक्रामक शैली से स्पष्ट कर दिया है कि विपक्ष किसी मुगालते में न रहे। हालांकि, नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सभी दलों में सहमति बनाने का प्रयास करेंगे, पर वे विपक्ष अथवा कांग्रेस के किसी प्रकार से दबाव में आने वाले नहीं हैं। यह भारतीय राजनीति के लिए शुभ संकेत है।

.- मनमोहन राजावत, शाजापुर

असांजे की रिहाई

विकीलीक्स के संस्थापक संपादक जूलियन असांजे की रिहाई के साथ राजकाज में पारदर्शिता की मांग से जुड़ी एक लंबी लड़ाई का पटाक्षेप हो गया। अमेरिका सहित कई देशों के बहुत सारे सरकारी रहस्यों के पर्दाफाश में अहम भूमिका निभाने वाले इस ऑस्ट्रेलियाई हैकर को बारह साल दुनिया से अलग-थलग रहकर बिताने पड़े। असांजे की विकीलीक्स ने दुनिया के कई देशों के राजनेताओं के कच्चे चिट्ठे खोले हैं। जनतंत्र और जनता के लिए काम करने वाले और बड़े राष्ट्रों की निरंकुशता को उजागर करने वाले जूलियन असांजे को 12 वर्ष की सजा भुगतनी पड़ी। दशकों से विश्व के सभी बड़े छोटे राष्ट्रों में शासकों के कच्चे चिट्ठे खोलने वालों को उनके कोप का भाजक होना पड़ा है। कई खोजी पत्रकारों को जेल के भीतर लंबे समय तक रखा गया और कई की हत्या भी करवा दी गई। असांजे को अमेरिका में मृत्यु दंड का खतरा था। लेकिन दुनिया भर की लोकतांत्रिक शक्तियों तथा आम जनता की हमदर्दी के कारण आज वे जीवित हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि अपनी रिहाई के बाद वे फिर सक्रिय होंगे तथा अनेक लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से किया न्यायिक कर्मचारी आवासीय कालोनी का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा न्यायाधीश/पोर्टफोलियों जस्टिस जिला बेमेतरा द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिला बेमेतरा में न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय कालोनी सिंधौरी व तहसील साजा में एवं बेमेतरा जिला न्यायालय परिसर में भारतीय उप डाकघर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणीश चौबे सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, अपर कलेक्टर विभागीय अधिकारी, एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, न्यायालय के कर्मचारीगण, नागरिकगण उपस्थित थे। बेमेतरा के सिंघौरी में न्यायिक कर्मचारी कालोनी में चार ब्लॉक में 22 फैमिली के लिए क्वार्टर बनवाया गया। जिला न्यायालय परिसर के नवीन भारतीय उप डाकघर में प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा सर्वप्रथम खाता खुलवाया गया।

लायन्स क्लब के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लायन्स क्लब बेमेतरा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, एम जे एफ लायन विजय अग्रवाल थे, जो लायन्स इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर फर्स्ट हैं । शपथ अधिकारी थे, एम जे एफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी, जी लायन्स इंटरनेशनल 3323 सी के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सेकंड हैं। रीजन चेयर पर्सन राजेश चौरसिया विशेष थे। एम जे एफलायन सुरेन्द्र छाबड़ा को लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के अध्यक्ष, लायन डॉ विनय ताम्रकार को लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के सचिव और लायन शत्रुहन सिंह लायन्स क्लब बेमेतरा के कोषाध्यक्ष की शपथ दिलाई गई । ला ताराचंद माहेश्वरी और घनश्याम ला अग्रवाल को उपाध्यक्ष, ला लूनकरण गांधी और ला घासीराम वर्मा को सह सचिव, ला कोमल चन्द जैन को सह कोषाध्यक्ष, रीतेश तापड़िया को टेल ट्वीटर, ला दीपक हिरानी को टेमर, ला उत्तमचन्द माहेश्वरी, ला केशव मोटवानी, ला दिनेश पटेल, ला लाल चन्द मोटवानी,ला लालू संतवानी, ला अवधेश पटेल को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की शपथ दिलाई गई। चार्टर क्लब डायरेक्टर ला रश्मि ताम्रकार, पी आर ओ ला संजू जैन, ला प्रकाश शीतलानी, ला पोषण सिंह ठाकुर, ला रवि मोटवानी, ला श्याम सिंह आदि उपस्थित थे। लायन्स क्लब इंटरनेशनल के फाउंडर को माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन करने के बाद अतिथियों का पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के सचिव ला डॉ विनय ताम्रकार ने अपने प्रतिवेदन में लायन्स क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम जे एफलायन विजय अग्रवाल अपने भाषण में परमानेंट प्रोजेक्ट जिला अस्पताल बेमेतरा में जन्म लेने वाले सभी बच्चों को बेबी किट प्रदान करने और जिला अस्पताल बेमेतरा में डायलीसिस मशीन प्रदान करने के कार्य की सराहना किए। डायबिटीज और ब्लडप्रेशर के जांच शिविर को बहुत उपयोगी बताया। आने वाले समय में इन सबके अतिरिक्त विजन जांच कर चश्मा देने या सलाह देने के साथ मोतियाबिंद (कैटारैक्ट) के आपरेशन की व्यवस्था किया जाने के कार्यक्रम की सराहना किए। लायन्स क्लब पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण करती है। प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु कपड़े की थैली का वितरण किया जाता है। ठंड में जरूरत मंद लोगों को शाल और कम्बल दिया जाता है। लोगों को आत्म निर्भर बनाने हेतु कार्यक्रम किया जाता हैं। लायन्स क्लब लोगों की सेवा के लिए ही अनेक कार्य करती है।

नीट पेपर लीक मामले में भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पूरे देश में नीट पेपर लीक और फिर GC-NET परीक्षा रद्द मामले को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस मामले में सियासत भी तेज हो गई है। इसको लेकर भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एंटी पेपर लीक कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ा प्रहार हुआ है। सौरभ लूनिया ने कहा कि आज जो भारत सरकार ने एंटी पेपर लीक कानून बनाया है। इससे हमारे टैलेंट के साथ खिलवाड़ करने वाले जो लोग हैं, उन पर कड़ा प्रहार हुआ है। चुनाव से पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, पेपर लीक के बहुत मामले सामने आ रहे हैं। आगे से ऐसा न हो इसलिए कड़ा कानून बनाऊंगा। आज उस कानून को बना देने का काम हुआ है। बता दें कि भारत सरकार ने एनटीए पेपर लीक कानून बनाया है। इसमें 10 साल की सजा और 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। बिहार का टैलेंट पूरे विश्व में नामी है। उस टैलेंट के साथ कभी भी कोई खिलवाड़ करने का काम करे, तो उन लोगों को संदेश देने का काम करेंगे। एंटी पेपर लीक कानून को नहीं मानेंगे तो जेल के अंदर चले जाएंगे। अगर कतिपय लोग नहीं सुधरे तो जमीन के अंदर चले जाएंगे।

अपराधी को नहीं देंगे जगह

सौरभ लूनिया ने कहा कि पूरे देश में UGC-NET का जो मामला चल रहा है। उस पर हमारी पार्टी ने पहले ही संज्ञान ले लिया है। इसके बाद हमारे विभाग ने उस पर एक केस रजिस्टर किया। उसे सीबीआई ने माना भी और उस केस को दर्ज करने का काम किया है। कहीं से भी हम लोग अपराधी को जगह नहीं देंगे, जो स्टूडेंट की जिंदगी से खिलवाड़ करे।

बिजली की समस्या में सुधार नहीं, होगा बड़ा आंदोलन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा है कि बेमेतरा जिला मुख्यालय तथा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जिस तरीके से बिजली गोल हो जाने की समस्या बनी हुई है उसे न केवल क्षेत्र में किसानी ही प्रभावित हो रही है बल्कि आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है लोगों के घरों में कीमती विद्युत से चलने वाले सामान खराब हो रहे हैं क्षेत्र में लगातार पावर कट की समस्या बनी हुई है इससे बुरी तरीके से लो लोग प्रभावित हो रहे हैं बेमेतरा जिले में ट्रांसफार्मर के अलावा इंसुलेटर एबी केबल और स्विच की उपलब्धता नहीं है विद्युत कनेक्शन के लिए भी उपभोक्ताओं को चक्कर लगाना पड़ रहा है क्षेत्र में किसान लगातार ट्रांसफार्मर जलने और ट्रांसफार्मर की कमी से परेशान है जिससे किसानी प्रभावित हो रही है आज जबकि जून का माह समाप्त होने को आ रहा है क्षेत्र में वैसे भी वर्षा की कमी बनी हुई है जिससे किसान बिजली आधारित विद्युत पंप को चलकर अपनी किसानी को संभालते हैं किंतु बेमेतरा क्षेत्र में पावर कट की समस्या तथा लो वोल्टेज की समस्या ने बेमेतरा क्षेत्र में किसानी को बहुत बुरी तरीके से प्रभावित किया है किसान बार-बार बिजली ऑफिस के चक्कर लगा रहा है लेकिन उनकी समस्याएं हल नहीं हो रही है ऊपर से राज्य के भाजपा सरकार ने विद्युत की दरों में भारी बढ़ोतरी कर दी है ऐसे में लोगों के घर में आ रहे बिजली बिल ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है एक तरफ विद्युत मंडल बिना विद्युत सप्लाई के लोगों के घरों में लगातार भारी भरकम बिजली बिल भेजे जा रहा है ऊपर से उमस भरी गर्मी में लगातार क्षेत्र में बिजली की कटौती की जा रही है ग्रामीण क्षेत्र का तो हाल ही बुरा है बेमेतरा जिला मुख्यालय में भी दिन में कई बार बिजली की कटौती हो रही है इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है लोगों की जेब में अघोषित रूप से डकैती की जा रही है भाजपा की सरकार लोगों को बिजली की सुविधा दे पानी में निकम्मी साबित हो रही है क्षेत्र के लोग परेशान हैं ऐसे में कांग्रेस पार्टी चुप नहीं रह सकती अगर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जल्द ही बेमेतरा जिला मुख्यालय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

दल्लीराजहरा में टाटा मोटर्स सानन्द गुजरात के द्वारा विभिन्न पदों पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 2 जुलाई को

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में टाटा मोटर्स सानन्द गुजरात के द्वारा विभिन्न पदों पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन मंगलवार 02 जुलाई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में 12वीं एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा आवेदक की उम्र 18 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरूष आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में टाटा मोटर्स सानन्द गुजरात एंड डेलफिन्गन इंडिया लिमिटेड चेन्नई के द्वारा बुधवार 03 जुलाई को सुबह 9 बजे विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में आर्ट्स, कॉमर्स एवं विज्ञान संकाय से बारहवीं पास, आई.टी.आई. पास होना चाहिए तथा आवेदक की उम्र 18 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है।

निरन्तर उजड़ रहा है दल्लीराजहरा नगर, लोग पलायन को मजबूर

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में हर गांव हर शहर दिन पर दिन तरक्की कर रहे हैं, लेकिन दल्लीराजहरा नगर निरन्तर उजड़ रहा है लोग यहाँ से पलायन कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है यहाँ के लिए आई हुई कोई भी योजना बालोद क्षेत्र में चली जाती हम सिवाय हाथ मलते रहते हैं एक दूसरे को दोषी ठहराकर चुपचाप तमाशा देखते रहते हैं। पुराना बाजार संघर्ष एवं विकास समिति की ओर से रमेश मित्तल ने कहा कि यहाँ आई हुई सुविधाओं में नवोदय विद्यालय, दुग्ध डेयरी, बीएस केम्प यह सभी दल्लीराजहरा क्षेत्र में खुलनी थी लेकिन बालोद चली गई। अब बालोद के राजनेताओं की नजर केंद्रीय विद्यालय पर लगी हुई है। जो कि दल्लीराजहरा का हक है उसे भी एन केन प्रकारेण दल्लीराजहरा से छीनने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं होने दे सकते है इसके लिए दल्लीराजहरा के भाजपा नेताओं को ही आगे रखकर हमें लड़ाई लड़नी पड़ेगी तभी हमें सफलता मिलेगी क्योंकि केंद्र हो या राज्य इस समय दोनों ही जगह भाजपा की सरकार है। शहर के हित के लिए हम पहले भी एक थे एवं आज भी एक हैं। मित्तल ने कहा कि शहर का एक क्षेत्र पुराना बाजार लगातार उपेक्षा का शिकार होता आया है लेकिन अब यह बर्दाश्त नहीं होगा पुराना बाजार में कोई भी शासन की योजना को लगाने के नाम पर शहर के ही लोग आँख बंद कर लेते हैं लेकिन वहीं चिखलाकसा में खुले तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होती है शहर का विकास तभी सार्थक होगा जब पूरे दल्लीराजहरा क्षेत्र का विकास होगा, आज पूरे शहर में फिल्टर युक्त पानी मिल रहा है लेकिन पुराना बाजार में नही,8 माह से सड़क पर मलबा पड़ा है कोई हटाने को तैयार नहीं था। दल्लीराजहरा शहर की थोक सब्जी मंडी चिखलाकसा चली गई लेकिन पुराना बाजार में करोड़ों रुपए का बना बनाया काम्प्लेक्स में नहीं आ सकी। ऐसे में शहर का विकास नहीं हो सकता। जबकि वार्ड नं 10 से वार्ड नं 19 तक का पूरे क्षेत्र में लौह अयस्क की खदानें है यहां की पहाड़ियों के बदौलत बीएसपी प्रबंधन आज सेल की सबसे बड़ी यूनिट बनी हुई है वहीं शासन को कई करोड़ों रुपये का राजस्व यहीं से मिलता आ रहा है बदले में इन 10 वार्डों की जनता के लिए मूलभूत सुविधा भी नही मिल पा रही हैं सिवाय धूल, कीचड़, प्रदूषित पानी मिल रहा है इसके लिए हमें लड़ना पड़ रहा है यह हमारा दुर्भाग्य ही है। रमेश मित्तल ने कहा कि पुराना बाजार क्षेत्र सहित दल्लीराजहरा नगर को नजर अंदाज करने का कम इसी प्रकार बना रहा तो आने वाले समय में नगर वासियों के बीच का भी आक्रोश पनप सकता है।

किशोर कुमार कराडे को मिला उत्कृष्ट एडवाइजर का सम्मान

दल्लीराजहरा। भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर डिवीजन(छत्तीसगढ़) द्वारा 25 जून को रायपुर में आयोजित उत्कृष्ट एडवाइजर सम्मान समारोह में रायपुर डिवीज़न के मंडल प्रबंधक एवं मार्केटिंग टीम द्वारा जीवन बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए उत्कृष्टता प्रशस्ति पत्र द्वारा सपत्निक सम्मानित होने का अवसर, दल्ली राजहरा के किशोर कुमार कराडे को प्राप्त हुआ। सम्मानित होने पर किशोर कुमार ने कहा कि मैं आप सभी पालिसीधारकों का हृदय की गहराइयों बहुत बहुत आभारी हूँ। वे पिछले 16 वर्षों से निरंतर बीमा व निवेश सलाहकार, भारतीय जीवन बीमा निगम में सेवा रत है।

राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार हेतु आवेदन की तिथि में की गई वृद्धि

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि, डाइट मनी वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु पात्रता रखने वाले खिलाड़ियों/ प्रशिक्षकों/निर्णायकों से 30 जून 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिस पर संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा तिथि में वृद्धि करते हुये 10 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित करने पत्र जारी किया है।

यातायात पुलिस कर्मी को एसपी ने वितरण किया रैन कोट

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा द्वारा गर्मी एवं बरसात से बचने के लिए यातायात पुलिस कर्मियो को टोपी पानी बोतल एवं रेन कोर्ट का किया गया वितरण। रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा द्वारा यातायात बेमेतरा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जो लगातार धूप एवं बरसात में चौक चैराहो में खडे होकर ड्यूटी करते है ऐसे सभी पुलिस कर्मियो के मानवीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए यातायात बेमेतरा के सभी पुलिस कर्मियो को पानी बोतल रेन कोर्ट एवं सफेद गोल टोपी वितरण कर कर्मचारियो को मुस्तैदी से पाईट में तैनात रहकर ड्यूटी करने एवं आम लोगो से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने एवं उनको यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईस दिया गया। इस दौरान ज्योति सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कमल नारायण शर्मा उप पुलिस अधीक्षक (बालक विरूद्ध अपराध) तेजराम पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला उनि परवासी यादव यातायात प्रभारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

नया कानून के संबंध में एसपी ने दिया दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एसपी रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा 27-06-2024 को थाना एवं चौकी के सीसीटीएनएस आरक्षकों को नवीन कानून के संबंध में दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक जिला-बेमेतरा द्वारा भारत सरकार द्वारा 01 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जिला बेमेतरा के थाना एवं चैकी में कार्यरत सीसीटीएनएस आरक्षकों को सीसीटीएनएस अपग्रेड करने नवीन कानून के संबंध में सीसीटीएनएस में प्रथम सूचना पत्र एवं धारा विधिवत दर्ज करने नये कानून के मुख्य धाराओं को पढ़ने एवं समझने विवेचकगण को साक्ष्य मोबाईल से कथन विडियोग्राफी आडियो रिकार्डिग जप्ती वगैरह हार्ड डिस्क में सुरक्षित रखने तथा सभी डाटा को सुरक्षित रखने एवं साक्ष्य माननीय न्यायालय में पेष किया जा सके जिसके संबंध में दिये आवष्यक दिषा निर्देष दिया गया। इस अवसर पर ज्योति सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा राजेष कुमार झा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आरक्षक 166 देवेन्द्र साहू आरक्षक 67 तुकाराम निषाद आरक्षक 209 बलदेव निषाद आरक्षक 210 लोकेष्वर साहू आरक्षक 202 राज आडिल आरक्षक 174 पियुष सिंह आरक्षक 145 खेमलाल निषाद आरक्षक 224 सुनील साहू आरक्षक 72 षिव यादव आरक्षक 189 रामेष्वर पटेल एवं आरक्षक 510 ओंकार निर्मलकर उपस्थित थे।

सभी दस्तावेज संलग्न कर भरे गए थे महतारी वंदन योजना का फार्म

सैकड़ों महिलाएं महतारी वंदन से वंचित, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा शहर के मोहभट्ठा वार्ड क्रमांक 6 के वार्डवासियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन का लाभ नहीं मिलने के कारण नगर पालिका की पार्षद नीतू कोठारी वार्ड 6 के छाया पार्षद लक्ष्मण यादव ने वार्डवासियों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मोहभट्ठा की सभी महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का फार्म आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशनकार्ड, बैंक खाता, परिचय पत्र, विवाह प्रमाण पत्र आदि संलग्न कर निर्धारित 20.02.2024 के पूर्व जमा किये है। आंगनबाड़ी की चस्पा सूची में 176 महिलाओं का नाम नहीं होने पर सम्बंधित आंगनबाड़ी से जानकारी ली गई तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बताया गया कि सभी फार्म नगर पालिका के कर्मचारी लेकर गये है। इस अवसर मे शिव पाटिल, किशोर साहू, रमेन्द्र निषाद, प्रहलाद पाटिल, दीपक देवांगन, राजकुमार निषाद, कृष्णा देवांगन एवं रूखमणी साहू, पुन्नी बाई साहू वार्ड की समस्त महिलाएं उपस्थित रही। नगर पालिका की पार्षद नीतू कोठारी ने बताया कि वार्डवासियों ने महतारी योजना का लाभ नहीं मिलना बताया तो सभी महिलाओं के आधार को वेबसाईट से भुगतान की स्थिति चेक करने पर फार्म अप्राप्त होना बताया। कोठारी ने आगे ये भी कहा कि मामला गंभीर है इस मामले की जांच कर लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारी पर उचित कार्यवाही करते हुये सभी महिलाओं को महतारी योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें।

मोहभट्ठा के पूर्व पार्षद शिव साहू ने बताया कि वार्डवासियों द्वारा महतारी वंदन के आवेदन शिविर में बुलाने पर कांग्रेस पार्षद द्वारा यह कहा जाता रहा की मेरी को जवाबदारी नहीं है इसी तरह वार्ड की प्रत्येक समस्याओं को अवगत कराने पर हमेशा जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आते है। छाया पार्षद लक्ष्मण यादव ने बताया कि जनप्रतिनिधि व विभागों की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है यदि वार्ड के जनप्रतिनिधि ने सक्रियता से महतारी वंदन के आवेदन शिविर में उपस्थित होते तो जनता के साथ खिलवाड़ नहीं होता।

लक्ष्मण यादव

वार्ड की महिलाओं ने बताया कि पार्षद को शिविर में कई बार बुलाया गया वे नहीं आये साथ ही महतारी वंदन की किश्त नहीं आने की जानकारी दी गई तब भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया जिसके कारण हमें महतारी वंदन की किश्तों से वंचित होना पड़ रहा है।

शाला प्रवेशोत्सव : विधायक मोहले और कलेक्टर ने विद्यार्थियों को बांटे पाठ्य सामग्री ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल के पट, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

- बी.आर.साव. शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 26 जून को सभी स्कूल के पट खुल गए। इस दौरान स्कूलों में धूमधाम के साथ शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय स्थित बी.आर.साव. शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर ने नव प्रवेशित बच्चों का पुष्पमाला और गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। वहीं कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा घंटी बजी स्कूल की टन-टन गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथियों का बुके भेंटकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया।

विधायक मोहले ने स्कूल के विकास के लिए 33 लाख रूपए देने की घोषणा - विधायक मोहले ने स्कूल परिसर के लिए 15 लाख रूपए और बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 18 लाख रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब बच्चा पढ़ेगा, तभी किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। पहले पढ़ाई नहीं करने पर बच्चों को शिक्षकों द्वारा कनबुच्ची लगाने और घुटने टेकने की सजा मिलती थी। शिक्षक बच्चों को उनके भविष्य के लिए डांटते है। शिक्षक बच्चों के लिए माता-पिता समान होते हैं। बच्चों की पढ़ाई में अभिभावकों को भी मदद करनी चाहिए।

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता - कलेक्टर - कलेक्टर ने कहा कि यह स्कूल मुंगेली के सबसे पुराने स्कूलों में एक है, अधिकतर लोग जो मुंगेली जिले का विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रहे हैं, उनका कहीं न कही इस स्कूल से ताल्लुक होगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले व उनका सर्वांगीण विकास हो। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदव साय की मंशानुरूप लगातार प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाया जा सकता है, इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद के लिए प्रेरित किया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे ने कहा कि विद्यार्थी, उसके अभिभावक और शिक्षक शिक्षा की तीन मुख्य कड़ी है, इन तीनों के समन्वय से बच्चा आगे बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को माता-पिता और शिक्षक की बात मानने की समझाईश दी। नगर पालिका मुंगेली के उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह ने बच्चों को नए शिक्षा सत्र की बधाई देते हुए कहा कि जैसे पिछले कक्षा को छोड़कर आगे बढ़े है, वैसे ही निरंतर आगे बढ़ते रहे और अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन करें। गणमान्य नागरिक शैलेश पाठक ने कहा कि यह बहुत पुराना स्कूल है, यहां पढ़कर विद्यार्थी बड़े जगहों और बड़े पदों पर पहुंचे है, इसलिए शिक्षा के महत्व को समझते हुए कंपटीशन करें।

1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून के विषय में जैजैपुर में विकासखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नवीन कानून के लिए जागरूकता लाने जिले में विकासखंडवार कार्यशाला आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में जैजैपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई द्य कार्यशाला में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में अपर कलेक्टर द्वारा निर्धारित ट्रेनरों द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि 26 जून को जनपद पंचायत मालखरौदा सभाकक्ष में नए कानून के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई थी। इसी क्रम में 28 जून को सुबह 11 बजे से जनपद पंचायत डभरा के सभाकक्ष में तथा 29 जून को सुबह 11 बजे से सामुदायिक भवन सक्ती में नए कानून के लिए जागरूकता के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगाजनपद पंचायत जैजैपुर के सभाकक्ष में आज आयोजित कार्यशाला में उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया की नवीन भारतीय कानून भारतीय अध्यात्म और भागवत गीता के श्लोक परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम से प्रेरित है, यह व्यक्त करते हुए अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया कि भारतीय अध्यात्म व संस्कृति में प्रारंभ से ही राजसत्ता साधुओं अर्थात सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के कटिबद्ध रहा है तथा शुरू से ही नियम व कानूनों में समयानुकूल परिवर्तन एक नियमित प्रक्रिया हैं। इसलिए उससे सशंकित होने के बजाय उसका अध्ययन कर कानून को जानें तथा उसे आत्मसात कर उसका समुचित परिपालन सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने नवीन कानून के सदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशाला में वक्ता के आसंदी कहा कि हर नई बात या कानून बिना पर्याप्त जानकारी के असहज और कठिन लगती है पर जैसे ही उसका ज्ञान हासिल कर लेते हैं वह उतना ही सहज और सरल प्रतीत होता है अतः हम सब इन नए कानूनों से विचलित अथवा भ्रमित होने के बजाय भलीभांति जानकारी उपरांत परिपालन सुनिश्चित करे, विदित हो कि मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एक जुलाई से प्रवर्तनीय नवीन कानून के प्रचार प्रसार व जागरूकता लाने प्रदेश भर में कार्यशाला आयोजित की जा रही है इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर के निर्देश पर आज जैजैपुर के जनपद पंचायत सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई।

हाथ का छाप बनाकर, मिठाई खिलाकर निशुल्क गणवेश और किताबे वितरण कर नवप्रवेशी बच्चो का किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह विकास खण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव हर्ष के साथ मनाया गया। छह वर्ष के बच्चों को रंगीन कुर्सी पर बैठाकर, तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर व पुस्तक और गणवेश वितरण कर शाला में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए शिक्षक गुलज़ार बरेठ ने सभी नवप्रवेशी बच्चों के हाथों का चार्ट पेपर पर छाप लिया। उसके पश्चात कक्षा पहिली से पांचवी तक प्रथम आने वाले सभी बच्चों को बालेश्वर स्मृति सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही एकलव्य और नवोदय परीक्षा में चयनित और राज्य स्तर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी बालेश्वर स्मृति सम्मान से पुरस्कृत किया गया। कक्षा में प्रथम आने अमन कंवर, प्रवीण साहू, विद्या यादव, भूपेश साहू, प्रियांशु यादव,आस्था यादव स्टूडेंट ऑफ द ईयर के लिए गीत साहू, अंग्रेजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर तक पहुँचने वाले बच्चे लक्ष्मी साहू, आरती साहू, एकलव्य विद्यालय में अब तक चयनित बच्चे प्रियंका सिदार, सौरभ सिदार, अरुण सिदार, रोहन सिदार इसी तरह नवोदय विद्यालय में चयनित कृष्णा बरेठ आदि सभी बच्चो को बालेश्वर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। आपको बता दे कि बालेश्वर शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमोदी का भूतपूर्व एक होनहार और मेधावी छात्र था। उसके याद में हर साल यह पुरस्कार स्कूली बच्चों को दिया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक ओर शिक्षाविद ए आर साहू ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की बात कही। स्कूल के बेहतर संचालन के लिए शिक्षक गुलज़ार बरेठ और रामकुमार केंवट को शुभकामनाएं प्रेषित किये।

नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश

अपर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों और सीएमओ की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन का कार्य शुरू कर दिया गया है। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने गत दिवस जिला कलेक्टोरेट में राजस्व अधिकारियों और नगरीय निकायों के सभी सीएमओ की बैठक लेकर वार्डों के परिसीमन का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत में प्रस्तावित चुनाव के पहले नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन करने का आदेश नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा दिया गया है। संबंधित अधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें। परिसीमन के दौरान प्राप्त दावा-आपत्ति का तत्काल निराकरण करें। बता दें कि नगरपालिका परिषद मुंगेली, नगर पालिका परिषद लोरमी, नगर पंचायत पथरिया, नगर पंचायत सरगांव, नगर पंचायत जरहागांव और नगर पंचायत बरेला में वार्डों का परिसीमन का कार्य शुरू कर दिया गया है। वार्डों के परिसीमन कार्य हेतु प्रत्येक नगरीय निकायों में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल सहित राजस्व अधिकारी और सभी नगरीय निकायों के सीएमओ मौजूद रहे।

कलेक्टर ने ग्राम लौदा में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने बुधवार को पथरिया विकासखण्ड के ग्राम लौदा में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एसएचजी शेड का अवलोकन किया। इसके बाद स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और उन्हें विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधि अपनाकर आत्मनिर्भर बनने प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्राम में शतप्रतिशत हितग्राहियों के घर में शौचालय निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी लेते हुए पात्रतानुसार हितग्राहियों का आवास बनाने कहा। उन्होंने कहा कि आवास योजना का लाभ उन्हीं लोगों को मिले, जो वास्तविक रूप से पात्र हों और जरूरतमंद हों। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने समूह की दीदियों से चर्चा कर गार्बेज कलेक्शन का कार्य करने और ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कचरा कलेक्शन वाले रिक्शा को ठीक कराने कहा। साथ ही ग्राम के सरपंच को इस कार्य में समूह की दीदियों को आवश्यक सहयोग करने, संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी महिला सम्मेलन की संयुक्त बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी के नेतृत्व में शिष्टमंडल की अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई, सर्वप्रथम अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने महिला सम्मेलन की सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस बैठक में दोनों संस्थाओं के परस्पर सहयोग को और दृढ़ करने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। समाज में व्याप्त विसंगतियों जैसे- विवाह समारोह में मद्यपान, प्री-वेडिंग शूट का सार्वजनिक प्रदर्शन आदि को दूर करने में साथ-साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया, राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए भी दोनों प्रतिनिधि मंडल ने अपनी प्रतिबद्धता जताई एवं इस उद्देश्य के लिए साथ-साथ काम करने पर सहमति जताई। आने वाली पीढ़ी को समाज एवं परिवार के संस्कारों से अवगत कराने के लिए लुप्त होते संस्कार-संस्कृति के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। परस्पर सहयोग के साथ कदम उठाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन एवं समाज के हित में कार्यक्रमों में आपसी सहयोग को और दृढ करने के लिए परस्पर संवाद जारी रखने का निर्णय लिया गया, बैठक में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी एवं वित्त उपसमिति के चेयरमैन आत्माराम सोंथलिया उपस्थित थे। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी के साथ राष्ट्रीय महामंत्री निशा मोदी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा लाखोटिया, प्रांतीय अध्यक्ष विनीता अग्रवाल, निवर्तमान पश्चिम बंगाल प्रांतीय अध्यक्ष बबीता बगड़िया एवं भूतपूर्व पश्चिम बंग प्रांतीय अध्यक्ष रेनू अग्रवाल उपस्थित थीं।

सीएसपी ने मां मंगला कॉलेज के नर्सिंग स्टूडेंट्स व टीचर्स को दी नवीन कानून की जानकारी

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com

01 जुलाई से लागू हो रहे नवीन कानून संहिताओं के संबंध में पूरे देश में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में भी प्रशासन व पुलिस नवीन कानून संहिता का प्रचार-प्रसार कर रही है। इसी क्रम में कल नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा मां मंगला नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं और शिक्षकों को नवीन कानून की जानकारी दी गई। आईपीएस अधिकारी आकाश शुक्ला ने बताया कि 01 जुलाई से देश में नये कानून के तहत एफआईआर दर्ज किए जाएंगे। वहीं पुलिस जांच, कार्यवाही नवीन कानून में निहित प्रावधानों के तहत करेगी। यह नवीन कानून त्वरित रूप से न्याय देने वाला सिद्ध होगा। आमजन को भी नवीन कानून का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नये कानून में बच्चों और महिलाओं के प्रति अपराध पर अंकुश लगाने त्वरित न्याय देने जरूरी संशोधन किया गया है और अपराधियों के लिए सजा बढ़ाई गई है। वहीं आमजन के लिए ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। नवीन कानून के तहत फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी का उपयोग, डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को अत्यधिक प्राथमिकता देते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समानुकूल परिवर्तन किए गए हैं। मेडिकल स्टूडेंट्स को उनकी जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम दौरान नर्सिंग छात्राओं ने नवीन कानून के संबंध में जिज्ञासा व्यक्त कर कुछ रोचक सवाल सीएसपी आकाश शुक्ला से पूछा गया जिनका बड़े सरल शब्दों में आकाश शुक्ला द्वारा उत्तर दिया गया। कायक्रम में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे तथा थाना पुसौर स्टाफ, कॉलेज के अध्यापक व छात्राएं मौजूद रही।

नेताओं का गढ कीचडो से शराबोर

पायनियर संवाददाता ≺ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भोथिया में बरसात के दिनों में कीचड का साम्राज्य एवं गर्मी के दिनों में धूल का साम्राज्य देखने को मिलता है । जहां पर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी देवी चंद्रा के साथ में कांग्रेस के छाया विधायक अनिल कुमार चंद्रा के साथ जिला पंचायत सदस्य माधुरी देवी चंद्रा वहीं पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश चंद्रा जो कि अनेको पाटीयों में रहकर कददावर नेता के रूप में जाने जाते है । ग्राम खम्हरिया से कचंदा तक की सड़क की हाल जर्जर हो चुकी है पर इस सड़क के लिए कांग्रेस नेताओं के द्वारा आंदोलन भी किया गया लेकिन अभी भी ग्राम भोथिया की सड़क कीचड़ से भरा हुआ है । जिससे पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों एवं आम यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। कददावर अनेकों नेता इस क्षेत्र में अनेक है । यह खम्हरिया से कचंदा की मुख्य सड़क है जो की बरसात में कीचड़ और गर्मी में धूल के गुब्बारे उड़ते हुए दिखाई देते हैं । यह हाल अभी वर्तमान में बरसात के लगने के साथ ही देखने को ग्राम भोथिया में मिलेगा। इस क्षेत्र में तमाम बड़े नेता हैं कांग्रेस के भाजपा के बसपा के सभी किस्म के नेता होने के उपरांत भी ग्राम भोथिया का सड़क की हालत एकदम दैनिय बनी हुई है । नेता आते हैं और चले जाते हैं लेकिन वहां की कथा अभी भी यह ब्या कर रही है कि इस सड़क को देखने वाले अभी भी कोई नहीं आए हैं ना ही शासन प्रशासन ध्यान दे रहा है ना ही नेता । प्रमुख नेताओं में अनिल चंद्रा,सत्यनारायण चंद्रा ,माधुरी देवी चंद्रा,रमेश चंद्रा,जानकी देवी चंद्रा है।लंबे 10 वर्षों से इस क्षेत्र के माने जाने वाले पूर्व विधायक केशव प्रसाद चंद्रा का दबदबा रहा है उसके उपरांत में भी यह सड़क की हाल जस की तस बनी हुई है।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में इस वर्ष कांग्रेस का विधायक बालेश्वर साहू है अब यह देखेंगे की कांग्रेस के विधायक बालेश्वर साहू क्या इस भोथिया ग्राम पंचायत का विकास कर पाते हैं या वे भी भोथिया ग्राम पंचायत का विकास नही कर पाते हैं या वह भी इसी हालत में छोड़ देते हैं यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा।

रेड डालने पहुंची पुलिस को धमकाना मुन्ना पंडित को पडा महंगा

- कबाड़ व्यवसायी पर जूटमिल पुलिस ने की 151 के तहत प्रतिबंधक कार्रवाई, न्यायालय ने भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को स्थानीय रहवासियों ने जानकारी दिया कि क्षेत्र में काफी संख्या में बाहरी व्यक्तियों द्वारा फेरी कर कबाड़ खरीदी की जा रही है। थाना प्रभारी द्वारा ऐसे फेरी कर कबाड़ खरीदी करने वाले के सत्यापन की आवश्यकता देखते हुए अपने पेट्रोलिंग टीम को क्षेत्र के कबाड़ खरीदी करने वालों को ऐसे व्यक्तियों की जानकारी थाने में उपलब्ध कराने निर्देशित करने रवाना किया गया था। इसी क्रम में जूटमिल पेट्रोलिंग पार्टी सहदेवपाली टुरकुमुडा स्थित कबाड़ खरीदने वाले मुन्ना पंडित के गोदाम में जाकर तस्दीक की गई। जहां व्यवसायी मुन्ना पंडित बेवजह की बातें कर चिल्लाने लगा जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा समझाइश देने पर उग्र हो गया संज्ञेय अपराध की आशंका पर जूटमिल पुलिस द्वारा अनावेदक मुन्ना पंडित पिता सीताराम पंडित उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम मुरगी पोस्ट पिरोई थाना महुआ जिला वैशाली (बिहार) हाल मुकाम आईटीआई अंबेडकर आवास थाना जूटमिल जिला रायगढ़ के विरुद्ध धारा 151 के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	स्थावर सम्पत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख
(ऋण खाता संख्या) L9001060128980944 श्रीमती मंजुलता ब्रह्माद (ऋणी), लक्ष्मी नारायण (सहऋणी)	12-जनवरी-24 ₹ 2,97,301/- दो लाख सतानवे हजार तीन सौ एक रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 557, 369, पीएच नं. 22 बलोदा बाजार, ग्राम पलारी, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर	24-जून-24
(ऋण खाता संख्या) L9001060133870865, विनोद कुमार सूर्यवंशी (ऋणी), मनहारण करियारे (सहऋणी)	13-फरवरी-24 ₹ 16,59,061/- सोलह लाख उनसठ हजार इकसठ रूपये मात्र 12-फरवरी-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर निगम सर्वे नं. 2456-3, पीएच नं. 18, नगर निगम जांजगीर नायला सीमा, ग्राम जांजगीर आर एन नि मान जांजगीर, 2456 भाग 2456 3 जिला जांजगीर, चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 202.34 वर्ग मीटर	26-जून-24

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 28/06/2024
स्थान: छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुंद

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-03 (तृतीय बार) //

क्रमांक/03/निविदा/व.ले.लि./ग्रां.यां.से./2024-25 महासमुन्द दिनांक 27/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रू.) में	आन लाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	155468	मलीय कीचड प्रबंधन (FSM) 3KLW FSTP कार्य तेन्दुकोना, वि.ख. बागबाहरा	24.07 Lacs	06/07/2024
2	155482	मलीय कीचड प्रबंधन (FSM) 3KLW FSTP कार्य सपोंस, वि.ख. पिथौरा	24.07 Lacs	06/07/2024
3	155495	मलीय कीचड प्रबंधन (FSM) 3KLW FSTP कार्य तोरेसिंहा, वि.ख. सरायपाली	24.07 Lacs	06/07/2024

उपरोक्त निर्माण कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईड http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 27/06/2024 से देखी जा सकती है।

G-242500698/4 कार्यपालन अभियंता

गौरव पथ में भ्रष्टाचार, अघोषित बिजली कटौती, अमृत मिशन में लेट लतीफी को लेकर भूख हड़ताल में बैठी विधायक चातुरी नंद

विधायक का ऐलान, 15 दिन में समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर करेंगी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधायक चातुरी नंद नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ निर्माण में की जा रहे गुणवत्ताहीन कार्य, क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती और अमृत जल जीवन मिशन के कार्य में हो रही लेट लतीफी को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल पर रही। विधायक चातुरी नंद आमरण अनशन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में 41 करोड़ रुपए से स्वीकृत ये गौरव पथ आज भ्रष्टाचार पथ बन गया है। ठेकेदार और नगर पालिका के अधिकारियों के मनमानी से पूरा शहर हलाकान है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन गौरव पथ में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर भारी अनियमितता बरती जा रही है, नाली नहीं ढकने से राहगीर और नगरवासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रही है। गौरव पथ के डिवाइडर की ऊंचाई कम करके जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। विधायक नंद ने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मोहनमुड़ा, मोहदा समेत कई गांवों में 8 से 10 दिनों से बिजली बंद है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी नींद में सोए हुए है। उन्होंने कहा कि इसी क्षेत्र की पेयजल संकट को दूर करने कांग्रेस शासनकाल में अमृत जल जीवन मिशन के तहत 126 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है परंतु अब तक काम शुरू नहीं हो पा रहा है जिससे आमजन परेशान है। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लीला कांत पटेल, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, जिला महामंत्री जयंत चौधरी, सरायपाली ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर एन आदित्य, भंवरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, कांग्रेस प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, रिमजी सरपंच साधराम पटेल, अरजुंडा सरपंच चित्रसेन बीसी, गोपाल अग्रवाल, शंभू चौहान, पिंगल गार्डिया, शुरू पाणिग्रही, पार्षद सुरेश भोई, मोहम्मद शाहिद, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष भरत मेश्राम, एनएसयूआई अध्यक्ष भीष्म पटेल, दीपक साहू, पंकज पटेल, पूजा तिवारी, हेमा श्रीवास, तन्मय पंडा, रमेश पटेल, घसिया सिदार, पदमलोचन पटेल, महेंद्र वैष्णव, श्रवण पटेल, संतलाल बारीक, फिरोज खान, श्रीराम मानिकपुरी, तिरिथ बाई मानिकपुरी, क्षमानिधि साहू,, सत्या भोई, नरेंद्र साहू, रामदयाल पटेल, प्रभात पटेल, मनोज पटेल, नीलांबर सोनी, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, कमला साहू, बबलू पटेल, मोहसिन मेमन, करण पटेल, भोजराम साहू, नसीब खान, आरिफ अली पिंकी, केशव अग्रवाल,रोशन नाग एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतलाल बारिक और आभार प्रदर्शन अमृत पटेल ने किया।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

विधायक चातुरी नंद ने मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने गौरव पथ निर्माण की जांच राज्य स्तर की टीम से कराने, अघोषित बिजली कटौती बंद करने और बिगड़े ट्रांसफार्मर को सुधारने, ट्रांसफार्मर लगाने और अमृत जल जीवन मिशन के काम को जल्द शुरू करने का मांग सौंपा है।

चेंबर ऑफकॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया समर्थन

भूख हड़ताल में बैठी क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद का छग चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने भी समर्थन दिया। उन्होंने विधायक के मांगो को जायज बताते हुए जल्द ही उसके निराकरण करने की बात कही।

15 दिवस का अल्टीमेटम

विधायक चातुरी नंद ने शासन प्रशासन को 15 दिवस के भीतर समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन करने का अल्टीमेटम दिया है।

निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग ने पंडरी एलआईसी ऑफिस से लोधी पारा चौक तक 30 अवैध ठेले हटाये

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

जनशिकायत मिलने पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जोन 3 जोन कमिश्नर प्रिती सिंह के निर्देशानुसार जोन नगर निवेश विभाग के सहायक अभियंता सुशील अहीर के नेतृत्व में उपअभियंता रंजीत बारवा की उपस्थिति में राजधानी शहर के पंडरी मुख्य मार्ग में एलआईसी ऑफिस से लोधीपारा चौक तक मार्ग के दोनो ओर अभियान चलाकर मार्ग को जनहित में जनसुविधा हेतु कब्जामुक्त करने की कार्यवाही करते हुए 30 अवैध ठेलो को कडाई के साथ हटाने की कार्यवाही की गई। आगे भी अभियान मॉनिटरिंग करके चलाने एवं मार्ग को जनहित में जनसुविधा हेतु सुगम व सुव्यवस्थित बनाये रखने चलाये जाने के निर्देश जोन 3 नगर निवेश विभाग को दिये गये है।

व्यापम द्वारा आयोजित प्री.बी.एड. एवं प्री.डी.एल.एड.की प्रवेश परीक्षा 30 को

धमतरी। व्यापंम व्दारा रविवार 30 जून 2024 को धमतरी जिला में प्री.बी.एड. की प्रवेश परीक्षा प्रथम पॉली प्रातः 10:00 से 12:15 बजे तक 27 केन्द्रों में कुल 8041 परीक्षार्थी शामिल होंगे इसी प्रकार प्री.डी.एल.एड.की प्रवेश परीक्षा व्दितीय पॉली में दोपहर 2:00 से संध्या 4:15 बजे तक 34 केन्द्रों में कुल 10398 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 9:30 बजे एवं दोपहर 1:30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ अपना प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी परीक्षा केन्द्र में लेकर अवश्य आवें अन्यथा परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नही दी जावेगी। परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रिानिक उपकरण प्रतिबंधित है। प्रातः 10:15 बजे एवं दोपहर 2:15 बजे के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति किसी भी दशा में नही दी जावेगी। उक्त परीक्षा के लिए डॉ.श्रीदेवी चौबे समन्वयक एवं डिप्टी कलेक्टर आर.के.कृपाल को नोडल अधिकारी बनाए गये है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पी.जी.महाविद्यालय, धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है।

शा. पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय दतान (ख) में शाला प्रवेश उत्सव मना

शिक्षको ने बच्चों का गुलाल तिलक से किये स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

पलारी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दतान(ख) स्थित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल तिलक मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाए गए। गर्मियों के लम्बी छुट्टियों के बाद स्कूल का पहला दिन बच्चों के लिए उत्साहित क्षण रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित ग्रामीण व शिक्षकों की उपस्थिति रहा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक राकेश कुमार साहू ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर नए शिक्षा सत्र प्रारंभ 26 जून से प्रारंभ हो चुका है जिसमें बच्चों का स्वागत गुलाल तिलक मिठाई खिलाकर किये हैं इसके अलावा बच्चों को निशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक भी दिये हैं जिससे बच्चों में प्रसन्नता साफ दिखाई दे रहा है। साहू ने पत्रकार को आगे बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच फुलेश्वरी यदु, एस एम सी अध्यक्ष बुधवंतिन, रामायण बाई, सविता सहित शिक्षको में सतीश पटेल, सुखदेव पैकरा, अभिलाष यदु उपस्थित रहे।

नौ साल से अनुपस्थित टीचर के सवाल पर शिक्षा विभाग के अफसर फेल

मामला रामसागरपारा मिडिल स्कूल का

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

9 साल पूरे। दसवां बरस पूरा होने में 3 माह शेष। अनुपस्थित है गणित की पढ़ाई करवाने वाली शिक्षिका सुल्ताना अंसारी। सहज ही जाना जा सकता है कि किन मुश्किलों में इस विषय की पढ़ाई हो पाती होगी। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामसागरपारा भाटापारा। यह उस स्कूल का नाम है, जिसने नया शिक्षा सत्र शुरू होने के दिन ही खंड शिक्षा मुख्यालय को लिखित में सूचना दी है कि उनके स्कूल में पदस्थ शिक्षिका सुल्ताना अंसारी ने उपस्थिति नहीं दी है। अब देखना यह है कि खंड और जिला शिक्षा मुख्यालय क्या कार्रवाई करेगा ?

8 अक्टूबर 2014 से अनुपस्थित

गणित विषय की शिक्षिका सुल्ताना अंसारी 8 अक्टूबर 2014 से लगातार अनुपस्थित हैं। बगैर आवेदन, अनुपस्थिति के 9 साल पूरे हो चुके हैं। दसवां बरस 8 अक्टूबर 2024 को पूरा हो जाएगा। बीते 9 साल से लगातार स्कूल प्रबंधन प्रति माह भेजे जाने वाले प्रतिवेदन में जानकारी दे रहा है लेकिन मामला जस-का-तस है।

ऐसे हो रही पढ़ाई

लगातार पत्राचार और आग्रह पर बीते सत्र से गणित के टीचर मिले। इसके पूर्व के सालों में हिंदी के टीचर की सेवाएं गणित विषय पढ़ाने के लिए भी ली जाती रही। संचालन में बाधा नहीं बने यह स्थिति, इसलिए की गई यह व्यवस्था काम आई लेकिन बड़ा सवाल यह है कि लगातार लिखित सूचना के बावजूद विभाग मौन क्यों है ?

नियमों के अनुसार लगातार 3 साल तक अनुपस्थित शिक्षक को सेवा मुक्त मान लिया जाता है। फिर भी इस मामले को जिला मुख्यालय के पास आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

- रामजी पाल, बीईओ, भाटापारा

संज्ञान में ले रहा हूं। बहुत जल्द आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

- हिमांशु भारती, जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार

बच्चों को शिक्षा और संस्कार दोनो से करें परिपूर्ण

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में शिक्षा सत्र 2024 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर स्कूली बच्चो को टीका लगाकर मिठाई खिलाकर पाठ्य पुस्तक सामग्री देकर स्वागत किया गए। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य बलराज पाल ने सभी अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने और शिक्षकों से बच्चों में अच्छे संस्कार देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा सत्र की शुरुआत हुई है, पालकों से कहा गया है कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। शिक्षा हमारे जीवन का सार है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह था, हमारी कोशिश होगी कि यह उत्साह वर्ष भर बना रहे।

नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत नर्रा में लाखो रुपये की लागत से नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रवेन्द्र कुमार दिवाकर रहे विशिष्ट अतिथि मे कोमाखान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल ,पुर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल सरपंच गोपाल किशन पटेल, आदि के कर कमलो से फीता काटकर उदघाटन किया गया । इस दौरान पटेल ने अपने उदबोधन में कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में नए उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन की मांग की जा रही थी जो आज पूरी हुई।लोगो को अब प्राथमिक उपचार और सामान्य प्रसव के लिए कही दूर जाना नही पड़ेगा संतोष पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ साथ, बीपी,शुगर के मरीजों को अब गांव मे ही इलाज की सुविधा मिलेगी ।कार्यक्रम में वरिष्ट विजय शंकर निगम पीआर यदु दुकालुराम पटेल चन्द्राकर पटेल उषा निगम रूपेन्द्र साहू आशीष गुप्ता सचिव घनश्याम दीवान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोमाखान के आरएमए मोनिका चंद्राकर,आशुतोष बंजारे,सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश साहू,सोनिका दास,आयुष्मान आरोग्य मन्दिर नर्रा के आरएचओ डिलेश्वरी परमार, डिगेन्द्र परमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी,क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,मितानिन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

एटी ज्वेलर्स द्वारा डायमंड क्लब कार्निवल 2024 कल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मध्यभरत का सबसे विश्वसनीय एवं लोकप्रिय ज्वैलरी ब्रांड एटी ज्वेलर्स के सदर बाजार स्थित फ्लैगशिप स्टोर द्वारा कल 30 जून रविवार को साइंस कॉलेज के पास स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 4:00 बजे से डायमंड क्लब कार्निवल 2024 का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रख्यात टेलीविजन अभिनेत्री पूजा गौर शिरकत कर रही है। एसबी बाय एटी ज्वेलर्स द फ्लैगशिप स्टोर के डायरेक्टर सौरभ बरडिया ने बताया कि शोरूम द्वारा संचालित डायमंड क्लब के मेंबर्स के लिए यह एक प्रिविलेज आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्पार्कलिंग ज्वेलरी कलेक्शन एवं ज्वेलरी फैशन शो के साथ म्यूजिकल डांस परफॉर्मेंस, सिंगिंग जिसमे अपने सुरीले अंदाज के लिए मशहूर गायिका ऐश्वर्या पंडित अपने म्यूजिकल बैंड के साथ नए पुराने गीतों से समा बंधेंगी। प्रत्येक मेहमान की कलाई पर एक विशेष लक्की नंबर का बैंड होगा तथा पूरे कार्यक्रम के दौरान विभिन्न लक्की ड्रा के द्वारा ए टी ज्वैलर्स द्वारा कार्यक्रम में आने वालों को सरप्राईज पुरस्कार दिया जाएगा एवं साथ ही मजेदार गेम्स भी आयोजित होंगे साथ ही पूजा गौर से मिलने का मौका भी मिलेगा और मध्यभारत में इस प्रकार का यह पहला ज्वेलरी फैशन शो हो रहा है।

कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर सजग रहने की अपील, बेहतर कार्ययोजना के साथ ग्राम विकास में निभाएं सक्रिय सहभागिता

पर्यावरण संरक्षण एवं नये अमृत सरोवर पर जोर,मैराथन बैठक लेकर पंचायत विभाग के कामकाज की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने सिमगा विकासखंड के अंतर्गत नगरीय निकाय के पार्षदों, अध्यक्षों, जनपद पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों सहित सरपंच, उपसरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनसे रूबरू हुए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आपसी सदभावना को बढ़ाते हुए सजग रहने की अपील की है। उन्होंने ने कहा गांव एवं शहर में किसी भी संदिग्ध गतिविधियां या सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करता है तो उसकी जानकारी अवश्य रूप से जिला कंट्रोल रूम मो.नं. 9479190629 पर अपनी शिकायत एवं सूचना दर्ज करा सकते है। इस दौरान आपका नाम पूर्णता गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे ग्रामवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता से समझें और उनके समाधान के लिए तत्पर रहें साथ ही टैक्स पर ज़ोर देने के निर्देश दिये।

पंचायत विभाग की कामकाज की समीक्षा

कलेक्टर ने इस दौरान पंचायत विभाग से संबधित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं का लाभ समय पर और सही तरीके से जनता तक पहुंचना चाहिए। कलेक्टर ने कहा, शासन की ये योजनाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन योजनाओं का सही तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी इस दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करें। कलेक्टर ने योजनाओं से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जनप्रतिनिधियों और जनता के साथ मिलकर काम करें ताकि किसी भी समस्या का त्वरित समाधान हो सके। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं की सफलता के लिए समुदाय की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अंशुल वर्मा, उपसंचालक पंचायत सुरेश कंवर, एपीओ नरेगा केके साहू, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, सभी तकनीकी सहायक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य संबधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

पीड़ा और आक्रोश मिश्रित स्वर में उठती आवाज, कमेटी गठन के साथ हो सक्रियता का आगाज

राजधानी मे हुई मरीज के मौत की दुखद घटना की चंहुओर निंदा

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर मे चिकित्सीय लापरवाही एवं अज्ञानता के चलते घूटने की परेशानी मे छाती का आपरेशन कर दिए जाने जिसके फ्लस्वरूप मरीज की मृत्यु हो जाने की घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है,भाटापारा मे भी उपरोक्त घटना को लेकर संवेदना निंदा के क्रम के साथ ही इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा का दौर जारी है,कारण एवं निवारण जैसे बिन्दुओं पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तित्वों के मन्तव्य भी प्राप्त हो रहें है।

धन की लोलुपता विकृति की जड़

इसी कड़ी मे छत्तीसगढ सकल दिगंबर जैन समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश मोदी का सीधे तौर पर यही कहना है कि चिकित्सीय क्षेत्र मे आती विकृति एवं समय समय पर घटती विडम्बना पूर्ण दुखद घटनाओं के लिए इस क्षेत्र मे हावी हो रही घोर व्यवसायिकता अहम जिम्मेदार है,धन की लोलुपता से सभी संवेदनाएं ताक पर रखी नजर आ रहीं है,राजधानी मे गलत इलाज की दुखद घटना की निंदा करते हुए उनका कहना है कि इस दिशा मे शासन की सक्रियता नितांत आवश्यक है, एवं ऐसे किसी निगरानी तंत्र के स्थापना की आवश्यकता है जिसके द्वारा चिकित्सीय परिस्थिति पर सतत निगरानी किए जाने की व्यवस्था स्थापित हो सके।

आयुष्मान की प्रभावशीलता दिखती नहीं

सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु द्वारा भी रायपुर की दुखद घटना की निंदा करते हुए इस दिशा ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए चिकित्सीय पहलू की एक और विडम्बना आयुष्मान के समुचित संचालन नहीं होने की पीड़ा व्यक्त करते हुए उनका कहना है कि भले ही सरकार द्वारा यह दावा किया जाता है कि आयुष्मान योजना प्रभावी है एवं मरीज लाभान्वित होते है लेकिन सच्चाई यह है कि मरीज को अस्पताल मे भर्ती होने के पश्चात तत्काल रकम जमा करना पड़ता है योजना के लाभ की शुरुवात बाद मे होती है,इस पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है,रायपुर मे घटित घटना के संबंध मे उनका कहना है कि ऐसी विडम्बना की रोकथाम के लिए सरकार एवं जनता दोनों की सक्रियता आवश्यक है।

शासकीय संस्थान की मजबूती जरुरी

सेवा सुगंधम समिति के प्रमुख टिकेन्द्र उपाध्याय द्वारा भी उपरोक्त घटना की निंदा एवं कार्यवाही की मांग करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के संबंध मे उनका कहना है कि इसके लिए शासकीय संस्थानों को मजबूत करने एवं शासकीय अस्पतालों की भरोसा बहाली नितांत आवश्यक है जिससे निजी उपक्रमों की मनमानी पर रोक लगे।उनका यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत स्तर पर शासकीय अस्पताल मे उपलब्ध सुविधाओं का प्रचार प्रसार होना चाहिए,साथ ही साथ आये दिन घटती चिकित्सीय विडम्बना के संबंध मे उनका कहना है कि ब्लाक स्तर पर समितियों के गठन की आवश्यकता है जो विडम्बनाओ पर निगरानी एवं नियंत्रण रख सके,इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाना चाहिए जिसमें नागरिक अपनी पीड़ा और परेशानी रखी

कमेटी गठन की नितांत आवश्यकता

कमोबेश सभी प्रमुख जनों की एक स्वर मे यही मांग है कि एक निगरानी तंत्र की स्थापना हो जिसके जरिए चिकित्सीय विडम्बना पर नजर रखी जा सके एवं परेशानियों का निराकरण हो,इसी कड़ी मे भाटापारा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल मिश्रा द्वारा भी रायपुर मे घटी दुखद घटना की निंदा करते हुए तथा कार्यवाही की मांग करते हुए कहना है कि इस दिशा मे सतत सक्रियता एवं ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है साथ ही साथ उनका यह भी कहना है कि एक ऐसी कमेटी गठन की आवश्यकता है जिसके जरिए चिकित्सीय परिस्थितियों पर सतत निगरानी हो सके।

एसके फाइनेन्स लिमिटेड
(पूर्व में एस के फिनकॉर्प लिमिटेड)
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालयः जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in
शाखा कार्यालय बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना
सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **रायपुर शाखा** - 'रोशन हाइट्स', प्रथम तल, भाटागांव, रिंग रोड-1, रायपुर, जिला रायपुर-492001 (छत्तीसगढ़) को 29 सितम्बर 2024 की प्रभावी तिथि से बंद कर रहे हैं:-
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे निकटतम शाखा कार्यालय **रायपुर लालपुर शाखा** - ईशान्या टावर, ख.ए. नं.-427/8, तृतीय तल, पी.एच. नं.-114/45, न्यू 70, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, ग्राम - टिकरापुरा, रायपुर, जिला - रायपुर - 492001 (छत्तीसगढ़) के पते पर संपर्क करें।

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कांकेर, वनमण्डल कांकेर

// ईमारती काष्ठ के घोष विक्रय की सूचना //

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, कांकेर वन मण्डल कांकेर के अन्तर्गत आने वाले काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती काष्ठ के निम्न विवरण अनुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय दिवस अथवा नीलाम के समय प्राप्त की जा सकती है।

डिपो का नाम - कांकेर काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 04 जुलाई 2024, गुरुवार
नीलाम प्रारंभ - प्रातः 09.00 बजे से

स. क्र.	प्रजाति	अनुमानित मात्रा - नया काष्ठ		
		काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)
1	2	3	4	5
1	सागौन	288.639	1842	3373
2	साल	4.169	0	0
3	खम्हार	0.000	0	0
4	हल्दू/मुंडी	4.863	14	0
5	बीजा	7.303	0	0
6	सलई/मोयन	0.000	0	0
7	साजा	10.938	111	6
8	शीशम	0.000	0	0
9	तिन्सा	0.000	0	0
10	नीलगिरी	0.000	0	0
11	अन्य	38.069	445	17
	योग :-	353.981	2412	3396
1	सागौन जलाऊ चट्टा		02 चट्टा	

अनुमानित काष्ठ की मात्रा कम या अधिक हो सकता है।

टीपः-(1) वर्ष 2024 का लकड़ी व्यापारी के रूप में पंजीयन एवं जी.एस.टी.नं. का प्रमाण-पत्र अवश्य लावें।
(2) क्रेता नीलाम के पूर्व आयकर से संबंधित पैन कार्ड एवं टेन नम्बर तथा जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में आवश्यक रूप से जमा कराये।

वनमंडलाधिकारी
कांकेर वनमण्डल कांकेर

G-242500669/6

अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम सिर्फ एक तमगा... बदहाली ऐसी कि वार्मअप ग्राउंड में मवेशी चर रहे

एस्ट्रोटर्फ इस्तेमाल के लायक नहीं, खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिल रहीं

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक ओर छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच और दूसरी ओर मवेशियों का चारागाह। ये दोनों तस्वीरें 22 करोड़ों की लागत वाले 9.5 एकड़ में फै ले अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की है। शुक्रवार की सुबह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में ये नजारा आम था।

इस मैदान से खिलाड़ियों की उम्मीदें इसलिए टूटती जा रही हैं कि यहां लगे एस्ट्रोटर्फ की उपयोगिता की अवधि सालों पहले समाप्त हो चुकी है। यहां फ्लड लाईट, गैलरी की जरुरी मांग घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। वर्ष 2014 में अस्तित्व में आने वाले इस स्टेडियम में अंतर्राज्यीय और राष्ट्रीय स्पधार्एं होती रही हैं लेकिन एस्ट्रोटर्फ के रखरखाव और दूसरी अव्यवस्थाओं के चलते इसकी ग्रेडिंग और गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

लगातार टूनार्मेंट हो रहे

एस्ट्रोटर्फ से मिल रही निराशा के बीच हॉकी संघ इस खेल से हॉकी की नर्सरी को जोड़े रखने पूरा जोर लगा रहा है। जून माह में ही यहां एक बाद एक राज्यस्तरीय दो बड़ी स्पधार्एं आयोजित हुई हैं। सब जूनियर बालक बालिका राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच 24 जून को खेला गया। इसके दूसरे दिन यानी 25 जून से छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया। 21 जुलाई से यहां हॉकी इंडिया की 2री जूनियर बालक/बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के मैच खेले जाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरुप नहीं स्टेडियम

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी मैचों के लिए ग्रीन एस्ट्रोटर्फ का इस्तेमाल कई वर्षों पहले ही बंद किया जा चुका है। गौरव पथ स्थित मैदान में यही एस्ट्रोटर्फ लगा है। इसके साथ ही गौरव पथ स्थित हॉकी स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी मैदान नहीं ठहराया जा सकता क्यूंकि मानदंडों के अनुरुप यहां वैसी सुविधाएं और व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं है। हॉकी की नर्सरी के तौर पर देश में पहचान बनाने वाले राजनांदगांव को हॉकी स्टेडियम की सौगात भी अधूरी ही मिली। दिनों-दिन हालात और बुरे हो रहे हैं।

खिलाड़ियों को इंजरी का खतरा

एस्ट्रोटर्फ की स्थिति यह है कि, खिलाड़ियों को इससे इंजरी का खतरा है। युवा खिलाड़ी के लिए एस्ट्रोटर्फ में दौड़ लगाना खतरनाक साबित हो सकता है। किसी तरह की चोट उसका करियर शुरु होने से पहले ही खत्म कर सकती है। हॉकी संघ और वरिष्ठ खिलाड़ी इस ओर शासन-प्रशासन का ध्यान खिंचते रहे हैं लेकिन अब तक इसमें कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। फरवरी माह में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने यहां नए एस्ट्रोटर्फ, फ्लड लाइट सहित दूसरी सुविधाएं मुहैया कराने का वायदा किया था। खिलाड़ी इन घोषणाओं के अमल में आने का इंतजार कर रहे हैं।

मेजबान दोनों फाइनल हारे

जूनियर बालक बालिका राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग में खेले गए फायनल मैच बिलासपुर ने मेजबान राजनांदगांव को 4-0 गोल से पराजित करते हुए खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के फायनल मैच स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने मेजबान टीम राजनांदगांव को 4-1 गोल से शिकस्त देकर जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता अपने नाम की।

राष्ट्रीय स्तर में जौहर दिखा रहा है दिव्यांग क्रिकेटर

- अंचल के प्रतिभावान क्रिकेटर सुविधा का मोहताज
- मध्यांचल के लिए खेलता दिव्यांग क्रिकेटर योगेंद्र

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के सन्निकट ग्राम मोहड़ का एक नवयुवक दिव्यांग होकर भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। युवा क्रिकेटर योगेंद्र देवांगन ना तो सुन सकता है और ना ही बोल सकता है, किंतु उसने अपने आत्मविश्वास और लगन से आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहा है। आगामी 17 से 21 जुलाई के मध्य योगेंद्र मध्यांचल के लिए जम्मू कश्मीर के खिलाफ मैच खेलेगा। इस नवयुवक की वजह से मोहड़ गांव का नाम अब देशभर में विख्यात हो गया है। एक पेशेवर किसान का बेटा राष्ट्रीय पटल पर क्रिकेट के उभरते खिलाड़ी हैं। वे वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर तक अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। वर्तमान में उनका अगला मैच जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में है। इस युवक की अनोखी विशेषता ये है कि सुनने और बोलने में सक्षम नहीं होने से वह अन्य बच्चों के साथ खेलने में काफी असहज महसूस करता है, लेकिन इस कमी को कभी भी उसने आगे आने नहीं दिया और अपने घर पर ही लगातार अभ्यास जारी रखा है। इसी लगन के बलबूते वह बीसीसीआई के अंडर टेकिंग टी 20 में भी अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर चुका है।

धोनी है योगेंद्र के आदर्श क्रिकेटर

विश्वकप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी योगेंद्र के हीरो हैं। वे धोनी को अपना आदर्श मानने हैं। वह घर पर ही छत की हुक में रस्सी के सहारे लटके बॉल से प्रतिदिन घंटों अभ्यास करता है। उनके विशेष प्रतिभा से एक कोच भी मिल गया। अब योगेंद्र अपने कोच के साथ स्टेट और नेशनल खेलना शुरू कर दिया है।

चोरी की मशीन कबाड़ में बेचा, गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्लाईवुड फैक्ट्री से बाट मशीन चोरी कर कबाड़ी में बेचने वाले कर्मचारियों को पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की। वहीं कबाड़ी को भी पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की। 25 जून को प्रार्थी ने लालबाग थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कुतुलबोड भाटागांव में प्लाईवुड फै क्ट्री में काम करने वाले 3 कर्मचारियों द्वारा फै क्ट्री से बाट मशीन कीमती 70 हजार रुपए को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। लालबाग थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में टीम गठित कर माल-मुल्जिम का पता तलाश किया गया। संदेह के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गए बाट मशीन को ममता नगर रोड रफीक कबाड़ी दुकान में बेचना बताया। मशीन को कबाड़ी दुकान से बरामद कर विधिवत जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों में महेन्द्र कुमार तारम (27) कुतुलबोड, ईश्वरी ठाकुर (44) नवागांव, मो. रफी उर्फ मो. रफीक खान (44) स्टेशनपारा द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर 26 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

4 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया पटवारी, एसीबी की कार्रवाई

- केसीजी जिले के प्रकाशपुर से हुई गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को खैरागढ़ जिले में एक पटवारी को रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार किया है। बीते तीन माह के भीतर केसीजी जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो की ये दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले पीएचई के एसडीओ को भी रिश्वत लेते पकड़ा गया था।

शुक्रवार को एसीबी की 8 सदस्यीय टीम ने एक किसान की शिकायत के बाद पटवारी को धरदबोचा। किसान से जमीनी

दस्तावेज में सुधार के लिए पटवारी ने 4 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। खैरागढ़ जिले के प्रकाशपुर हल्का नं. 11 में पदस्थ पटवारी विवेक परगनिया जमीनी कागजात में सुधार के नाम पर किसान प्रकाश साहू से रिश्वत की मांग रहा था। कई दिनों से किसान चक्कर लगा रहा था।

पटवारी द्वारा कार्य करने में हील-हवाला करने के कारण किसान ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार की सुबह पटवारी को एसीबी ने 4 हजार की रकम के साथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। पटवारी को खैरागढ़ के व्यवहार न्यायालय में पेश किए जाने की जानकारी है।

एसडीओ को दबोचा था

4 अप्रैल को छुईखदान पीएचई उप खंड में एसडीओ रमेश मरावी को भी घूसखोरी के मामले में एसीबी ने दबोचा था। बिल भुगतान के एवज में एसडीओ ने ठेकेदार से लाखों का कमीशन मांगा था। क्षेत्र में नल जल योजना के करोडो रुपये के कार्य चल रहे हैं। पीएचई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजेश मरावे को ठेकेदार से बिल का भुगतान करने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था।

पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम कलडबरी एवं मुड़पार का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पटवारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कलडबरी के पटवारी द्वारा अभिलेख उद्यतन नहीं रखने, नक्शा बटांकन नहीं किए जाने तथा मृत व्यक्तियों के नाम खाता में पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुड़पार के पटवारी द्वारा नक्शा बटांकन नहीं किए जाने पर अभिलेख शुद्धिकरण तत्काल पूर्ण करने निर्देशि दिए। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार घुमका को पटवारियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करने कहा तथा 15 दिवस में कार्य में प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अतुल विश्वकर्मा उपस्थित थे।

सहकारी समिति में एक करोड़ का घोटाला किसानों के खाते से कर्ज निकालकर डकार गए

- खैरागढ़ जिले के मुढ़ीपार समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों को हटाया, एफआईआर के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मुढ़ीपार सोसायटी में एक करोड़ रुपए से अधिक की रकम के गबन का मामला सामने आया है। समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने मिलकर किसानों से धोखाधड़ी कर एक करोड़ 9 लाख रुपए की राशि का हेरफेर किया है। इस मामले को लेकर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष के निर्देश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

खरीफ फसल के लिए किसानों के कर्ज लेने पहुंचने के बाद इस घोटाले की जानकारी सामने आई। किसानों ने जब कर्ज के लिए आवेदन दिया, तब कई किसानों को पूर्व में लिए गए कर्ज को जमा नहीं करने की जानकारी दी गई। जबकि किसानों ने ऐसा कोई कर्ज लिया ही नहीं था। उन्हें यह पता भी नहीं चला कि उनके नाम पर कर्ज लिया गया है।

घोटाले में पूरा स्टॉफ शामिल : इस पूरे मामले को लेकर जब जांच की गई तो एक करोड़ 9 लाख रुपए का गबन का खुलासा हुआ। जांच में समिति प्रबंधक धनेश्वर साहू के अलावा ऑपरेटर दीनदयाल सिन्हा, ऑपरेटर के पुत्र लिपिकीय कर्मी अजय सिन्हा, धान खरीदी केंद्र के विक्रेता कृष्णा वर्मा और संतोष कुंजाम की प्रथम दृष्टया संलिप्तता सामने आई। सभी को तत्काल पद से हटा दिया गया है।

एफआईआर के निर्देश दिए हैं : बघेल

बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी समिति प्रबंधक धनेश्वर साहू एक सडक़ हादसे में जख्मी है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। गबन की राशि की वसूली की जाएगी। बताया जा रहा है कि किसानों में इस घोटाले को लेकर आक्रोश है। किसानों के नाम पर लिए गए कर्ज की भरपाई कैसे होगी, इस पर भी प्रबंधन की ओर से स्थिति साफ नहीं की गई है।

छत्तीसगढ़ व्यापमं परीक्षा पारदर्शिता एवं निष्पक्ष तरीके से हो संचालन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने व्यापम परीक्षा आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। आगामी 30 जून को जिले में बीएड और डीएलएड सहित आगामी दिनों में अन्य प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा आयोजित है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निदेशानुसार व्यापम परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्यवेक्षक एवं परीक्षा समन्वयक नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर जयवर्धन ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा संचालन के लिए निर्धारित निदेर्शानुसार परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी का दस्तावेज परीक्षण

सही तरीके से करें, परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान सही तरीके से करें। कोई भी परीक्षार्थी फर्जी तरीके से पेपर ना दिलाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान समय का विशेष ध्यान रखें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना करें। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पत्रक सही तरीके से भरे, परीक्षा संचालन के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। परीक्षा में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी परीक्षा के दिन आपस में समन्वय बनाकर परीक्षा को सफल बनाएं। बैठक में नोडल अधिकारी (व्यापम परीक्षा) अविनाश ठाकुर, परीक्षा पर्यवेक्षकगण, परीक्षा समन्वयकगण सहित संबंधित अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

केज कल्चर के अनुदान में करोड़ों के भ्रष्टाचार पर एक्शन में वक्त लग रहा

अनुदान घोटाले की जांच पर कार्रवाई सचिवालय में अटकी, एफआईआर भी नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नवागांव बांध सिंचाई जलाशय व मोंगरा जलाशय में दीर्घ कालीन मत्स्य पालन हेतु केज कल्चर स्थापना के अनुदान में करोड़ों की गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट मंत्रालय तक पहुंच चुकी है। संचालनालय ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम भोथली निवासी भुवनलाल कंवर की शिकायत के बाद यह जांच शुरु की थी। इस मामले में पुलिस ने भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है।

गौरतलब है कि, राजनांदगांव जिले के मत्स्य विभाग में वर्ष 2020-21 के दौरान केज कल्चर स्थापना हेतु किसानों को दिए जाने वाले अनुदान में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इन आरोपों पर जांच की रिपोर्ट विभाग ने जून के पहले सप्ताह में ही मंत्रालय को सौंप दी है। इसके बाद मुख्यमंत्री इस विभाग की समीक्षा बैठक भी कर चुके हैं। लेकिन अब तक प्रदेश के इस बहुचर्चित मामले में कोई कार्रवाई सामने नहीं है।

आरोप है कि तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए ने अपनी ननद, कार्यालयीन कर्मचारियों के परिजनों और एक लघु मत्स्य पालक के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे करोड़ों की सब्सिडी बटोर ली। इसमें एक

नाबालिग हितग्राही भी शामिल है जो कि मत्स्य विभाग के कर्मी की पुत्री बताई जाती है।

लाभार्थी सरोज मोटघरे, दुर्गेश नंदनी, हेमलता रामटेके और भुवन लाल कंवर के नाम से ये अनुदान लिए गए थे। इनमें से भुवन ने इस मामले की शिकायत आदिम जाति विकास प्राधिकरण, मत्स्य विभाग सहित पुलिस से भी की है। उसने इस प्रकरण में कूटरचना, फर्जी हस्ताक्षर किए जाने और उसके नाम पर शासकीय योजना का अवैध तरीके से लाभ अर्जित किए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है।

दूसरी ओर पुलिस ने अब तक भुवन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की है। वहीं संचालनालय के अधिकारियों ने यहां हितग्राहियों से बयान दर्ज कर, मौके का मुआयना और दस्तावेजों को खंगाल जांच रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय को सौंप दी है।

प्रकरण की जानकारी जुटाई जा रही

चूंकि मामला सहायक संचालक के विरुद्ध है इसलिए आगे की कार्रवाई सचिवालय से ही तय होगी। लेकिन इस प्रक्रिया में काफी वक्त लग रहा है। जून माह में संचालनालय ने यह रिपोर्ट आगे भेज दी थी। सचिवालय के अधिकारियों के मुताबिक इस प्रकरण में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जांच से संबंधित अन्य दस्तावेज और जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

फर्मों को सीधे भुगतान किया गया

नियमतः केज कल्चर की सब्सिडी की राशि हितग्राहियों के खाते में आनी थी। लेकिन तत्कालीन सहायक आयुक्त ने इससे बचने के लिए हितग्राहियों के नाम पर एक फर्जी एनओसी तैयार करवाई और अनुदान की राशि सीधे सप्लायर के खाते में भेज दी गई। कानूनी रुप से भुगतान की यह प्रक्रिया अनुचित है। यह भुगतान मेसर्स स्टार सप्लायर बिलासपुर व एसएस एक्वाफीड्स फर्म रायपुर, एसएस एक्वाकल्चर फिंगेश्वर के खाते में सीधे अंतरित किया गया।

पेयजल की समस्या से जूझ रहे केंकरानारा गांव के ग्रामीण गांव की ढोढी से प्यास बुझाने को मजबूर पंडो जनजाति समुदाय

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पानी के बिना जीवन की कल्पना करना ही व्यर्थ है। मगर धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाला एक ऐसा ग्राम जहाँ के लोग आज भी पेयजल के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं,विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो समुदाय के यहाँ करीब 25 से 35 परिवार निवासरत है, जो पेयजल को लेकर परेशान है गांव में जरूर हैंड पम्प है, लेकिन लोगों का कहना है पानी नाम मात्र के लिए आता है।

यहां के ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग सूखा पड़ा हुआ है वहीं क्रेड़ा विभाग से पेयजल के लिए सोलर टैंक का निर्माण किया गया है लेकिन वह भी मौजूदा समय मे केवल सफेद हाथी साबित हो रहा है पानी का कोई अता पता नही है मजबूरन यहां के लोग विकल्प बतौर ढोढ़ी कुंए से प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामवासियों के मुताबिक शासन प्रशासन इनकी ओर ध्यान नही दे रही हैं तभी तो आज के इस अत्याधुनिक युग मे यहाँ के लोग पाषाण युग जैसे जीवन जीने को मजबूर हैं। ऐसे में पूर्व हो या फिर मौजूदा सरकार सवाल उठना लाजमी हो जाता है। केंकरानारा ग्राम की जमीनी हालात सरकार की तमाम दमदार दावे की हवा निकाल रही है। केंकरानारा ग्रामवासियों का कहना है, जब से हेडपंप को बोर में परिवर्तन कर टंकी से पानी दिया जा रहा है,तब से लेकर आज पानी का समस्या खड़ी हो गई है। और आगे पता नहीं कब तक जायेगी। कुल मिलाकर यूं कहें, तो जल जीवन मिशन यहाँ सब कुछ नमूना मात्र है, ऐसी बात नही की इस भीषण समस्या से क्षेत्र के लोग जनप्रतिनिधि सरपंच,सचिव व स्थानीय प्रशासन को अवगत नही कराए है, उनके मुताबिक कइयों बार शिकायत दोहराया गया है। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने इस संबंध में सचिव रामकुमार राठिया से कहा दृ " पानी बर भारी तकलीफहोवथे सचिव सहाब, पीए बर पानी नई मिलथे! सचिव ने कहा -अभी देखेंगे, सुधार करेंगे। बड़ी विडंबना ग्रामीणों के इस विकट समस्या की ओर ध्यान क्यों नही दिया जा रहा। लोग अभी भी पेयजल के लिए इधर से उधर भटकते नजर आ रहे हैं।इस संबंध में हमने पंचायत सचिव से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि मेरा केंकरानारा अंतर्गत सोहनपुर पंचायत में नवपदस्थ हूं,मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है,अब जब जानकारी मिल रही है, तो समस्या का निवारण करने का प्रयास किया जाएगा।

दो बाईक की सामने-सामने जोरदार भिड़ंत, पति की इलाज के दौरान हुई मौत

रायगढ़। दो बाईक की सामने-सामने भिड़त की घटना में बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त घटना तमनार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमपाली निवासी सच्चिदानंद गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। 26 जून की शाम पौने पांच बजे घर आकर उसकी बहु ने बताया कि मेरे सास ससुर अपने प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एएस 7429 में सवार होकर दोनों तमनार जाने के लिये निकले थे। इस दौरान फोन आया कि बुडिया रोड बागबाडी जाने तिराहा के पास उनका एक्सीडेंट हो गया है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर देखा कि भैया और भाभी को सामने की तरफ से आ रहे स्पेंडर क्रमांक सीजी 13 एटी के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी।

जानें रेल पटरी के बारे में, रोचक तथ्य रेल की पटरियाँ लेती है साँसे

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जी हाँ आपने सही सुना, रेल की पटरियाँ भी लेती है साँसे। रेल पटरी, जिसका नाम अंग्रेजी में रेल है परंतु आमजन इसे रेल पटरी के नाम से ही संबोधित करते है। वैसे तो सम्पूर्ण रेलवे प्रणाली के साथ ही ट्रेन को भी रेल के नाम से संबोधित किया जाता है। रेल पटरी का मुख्य कार्य ट्रेनों के पहियों को चलने के लिए रास्ता प्रदान करना है । रेल पटरी की लंबाई 260 मीटर तक होती है एवं इसे रेल लाइन पर ले जाने के लिए के लिए लंबी लंबी ट्रेन में स्टैक लोडिंग कर ले जाई जाती है। वैसे तो दिखने में कठोर दिखती है रेल की पटरियाँ पर होती बहुत लचीली है। रेल की पटरियाँ साँसे भी लेती है, ठंड के दिनों में पटरियों की लंबाई घटती है एवं गर्मियों में पटरियों की लंबाई अपेक्षाकृत बढ़ जाती है। रेल की पटरियों की लंबाई घटने बढ़ने अर्थात सांस लेने को नापते हैं 'एसईजे' अर्थात स्विच ज्वाइंट द्वारा। एसईजे एक जोड है जो लंबी रेल (लॉन्ग वेल्डेड रेल/एलडबल्यूआर) के प्रत्येक सिरे पर लगा होता है तथा रेल को तापमान परिवर्तन के कारण फैलने और सिकुडने की स्वीकृति देता है। बड़ी बड़ी सवारी गाड़ियों और लंबी लंबी मालगाड़ियों सभी का लोड वहन करने का काम करती है रेल की पटरियाँ। स्टील के बने होने और खुले वातावरण में होने के कारण रेल की पटरियों का औसत तापमान गर्मी के दिनों में अधिक एवं सर्दियों में औसत से कम हो जाता है। गर्मी के दिनों में तापमान के बढ़ने और लोड वहन करने के कारण स्वरूप रेल की पटरियों में तनाव उत्तपन्न होता है और उसकी लंबाई बढ़ जाती है।

ठंड के दिनों में तापमान की कमी के कारण कई बार पटरियों की लंबाई घट जाती है । इसलिए रेल लाइन में तनाव या रेल फैक्चर ना हो, इसके लिए रेल पटरी का इलाज भी किया जाता है । रेल की पटरियों को तनावमुक्त करके अर्थात पटरियों और रेल के बीच लगे हुए पिनों को खोलकर रेल की 'डिस्ट्रेसिंग' की जाती है। रेल की डिस्ट्रेसिंग वह कार्य है जो वांछित/निर्धारित रेल तापमान पर पटरियों में लगने वाले प्रतिबल युक्त दशाओ को रेलटेंसर के साथ सामंजस्य बिठाते हुए पटरी को तनावमुक्त किया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के परिक्षेत्र में ही स्थित भिलाई स्टील प्लांट सबसे लंबी रेलवे ट्रैक (260 मीटर) का भारतीय रेलवे का एक बड़ा सप्लायर है।

भिलाई स्टील प्लांट में यूनिवर्सल रेल प्लांट की शुरुआत की गई है जो कि भारतीय रेल के लिए 260 मीटर लंबी रेल की मांग की आपूर्ति को सुनश्चित कर रही है । एक रोचक तथ्य यह भी हो सकता है यदि यूनिवर्सल रेल प्लांट भिलाई 260 मीटर लंबी रेल का 130 पैनल/प्रतिदिन निर्माण करती है, तो उसे पृथ्वी के डायमीटर लगभग 12756 किलोमीटर पर रेल बिछाने में लगभग 2 वर्ष के समय लगेंगे ।

पॉवर कंपनी से ईडी सरोज तिवारी, जीएम कश्यप एवं सीई श्रीवास्तव की भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से कार्यपालक निदेशक (राजस्व) सरोज तिवारी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पोषण कुमार कश्यप एवं मुख्य अभियंता (टी.एण्ड क्यू.) आशीष श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पश्चात् भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के.कटियार, पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश शुक्ला सहित कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे। प्रबंधक निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशकगण कटियार एवं शुक्ला ने अपनेह्य उद्बोधन में सेवानिवृत्त अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को कंपनी हित में बहुमूल्य निरूपित किया। कंपनी हित में किये गये कार्यों की उन्होंने प्रशंसा की एवं उनकी बेहतर कार्यशैली से पॉवर कंपनी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साधुवाद दिया एवं सुखद सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में तिवारी, कश्यप एवं श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा किये। तीनों अधिकारियों ने अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया।

डीपी विप्र कालेज के खिलाफ कार्रवाई की मांग एनएसयूआई के नेताओ ने कुलपति से की भेंट

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में एनएसयूआई छात्र प्रतिनिधि मंडल द्वारा डीपी विप्र कॉलेज के द्वारा स्वयं को ऑटोनॉमस घोषित कर भ्रामक विज्ञापन प्रचारित करने के विरोध में डीपी कॉलेज के ऊपर जाँच कर कड़ी कार्रवाई करने हेतु अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ए डी एन वाजपेयी को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि लगातार छात्रों की शिकायतें आ रहीं हैं कि वे इस भ्रम में हैं कि बिलासपुर जिले में संचालित डी.पी. विप्र कॉलेज ऑटोनॉमस है अथवा नहीं इस संबंध में अटल विश्वविद्यालय प्रबंधन से चर्चा के बाद ज्ञात हुआ कि अटल विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक डी.पी. कॉलेज को ऑटोनॉमस का एनओसी नहीं दिया गया है उसके बावजूद भी डी.पी. कॉलेज अपने आपको ऑटोनॉमस घोषित कर समाचार पत्रों में भ्रामक विज्ञापन जारी करवाया जा रहा है।रंजीत सिंह ने राज्य एवं केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरीके से नीट एवं नेट जैसी परीक्षाओं को प्राइवेट संस्थाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है,और ये प्राइवेट संस्था लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को दांव में लगाकर लगातार पेपर लीक करवा रहे हैं। जब लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा देने वाली अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय डीपी कॉलेज को ऑटोनॉमस का एनओसी नहीं दे रही है क्योंकि ऑटोनॉमस बनने के बाद उस महाविद्यालय में विश्वविद्यालय का हस्तक्षेप लगभग समाप्त हो जाता है और प्राइवेट कॉलेज के ऑटोनॉमस होने के बाद सभी कार्य उसके चेयरमैन के इशारों में होता है इसके कारण विश्वविद्यालय द्वारा एनओसी नहीं दिया जा रहा है इसके बावजूद इस बीजेपी सरकार की मंशा साफ समझ आ रही है कि वो डी.पी. कॉलेज को ऑटोनॉमस बनाकर शिक्षा को प्राइवेटाइजेशन की ओर ले जाने का काम कर रही है। साथ ही रंजीत सिंह ने डीपी कॉलेज के ऊपर उच्च स्तरीय जाँच समिति बनाकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है एवं किए गए समस्त कार्रवाई की जानकारी लिखित रूप में एनएसयूआई छात्र संगठन को दिये जाने की मांग की है,मांग पूरी नहीं होने पर एक सप्ताह के बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी भी एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह द्वारा दिया गया है।

अधीक्षण अभियंता के पहल पर लागा नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के चेहरे खुशी खिले

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

अंबिकापुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता आर.के. मिश्रा के पहल पर तत्काल 63 के.व्ही.का ट्रांसफार्मर लगाया गया इसके बाद ग्राम पंचायत पुरान डीह के सैकड़ो उपभोक्ताओं ने राहत की सास ली। गौरतलब है कि दिन बुधवार 26 जून को शाम के समय बारिश होने एवं बिजली चमकने के कारण नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 से लगे हुए ग्राम पंचायत पुरान डीह में ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके कारण वहां के सैकड़ो उपभोक्ता बिजली विहीन हो गए थे। जब ट्रांसफार्मर जलने की सूचना सरगुजा अंबिकापुर वृत के अधीक्षण अभियंता आर.के.मिश्रा को दी गई तो उन्होंने तत्काल पहल करते हुए 63 के.बी.का ट्रांसफार्मर लगाने के आदेश दिए। बलरामपुर जिले में बैठे अधिकारियों ने उनके आदेश का तत्काल पहल करते हुए नया ट्रांसफार्मर भेजा और रामानुजगंज के कनिष्ठ अभियंता ने अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर लगवाने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी। लाइन सप्लाई होते ही उपभोक्ताओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहां के उपभोक्ताओं ने अपने सगे संबंधित एवं रिश्तेदारों को फोन कर बताया कि विद्युत आपूर्ति बाहर हो गई है और हम लोगो के घरों में बिल्कुल पानी नहीं था लेकिन लाइन आने के बाद टंकी फुल कर लिया हूं घरों में रोशनी पा कर सभी उपभोक्ता काफी प्रसंचित नजर आए।

महाविद्यालय में ज्वाईनिंग कराने की मांग अतिथि व्याख्याता संघ के पदाधिकारीयों ने किया

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

छ.ग. राज्य के शासकीय महाविलयों में अध्यापन कार्य कराने वाले अतिथि व्याख्याताओं के व्दारा अपने भविष्य की सुरक्षा को लेकर लड़ी गई लम्बी लड़ाई (आन्दोलन और न्यायालीन कार्यवाही) के बाद अंततः राज्य सरकार ने महाविघालीन अतिथि व्याख्याता नीति 2024 बनाया है जो शिक्षण सत्र 2024-25 से लागू होगी । इस नीति के प्रावधान के अनुसार पीएचडी नेट/सेट और एम फिल्ल डिग्री धारक अतिथि व्याख्याताओं को जब तक उसके स्थान पर नियमित प्राध्यापक की नियुक्ति/ स्थनान्तरण से पद भरा नही जाता तब तक वह उस स्थान पर अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्य करता रहेगा और यदि उसके स्थान पर कोई नियमित प्राध्यापक की नियुक्ति हो जाती है या स्थनान्तरण से कोई नियमित प्राध्यापक आ जाते है तो उस अतिथि व्याख्याता को जहां उसके विषय का पद रिक्त होगा वहां उसे नियुक्ति दिया जायेगा। और जो अतिथि व्याख्याता केवल स्नातकोत्तर पास है उसके स्थान पर प्रत्येक नए शिक्षा सत्र में विग्यापन जारी किया जायेगा और यदि किसी पीएचडी, नेट/सेट ,एम फिल उपाधि धारक का आवेदन आता है तो उन्हे मेरिट के आधार पर ज्वाईनिंग कराया जायेगा और यदि उक्त डिग्रीधारी का आवेदन नही आने पर पूर्व में कार्य कर रहे स्नातकोत्तर उपाधि धारक अतिथि व्याख्याता को ही सेवा में रखा जायेगा। यह नीति इसी शिक्षा सत्र 2024-25 से लागू हो रहा है लेकिन इस नीति से अभी तक यह स्पस्ट नही हो पाया कि जो अतिथि व्याख्याता पीएचड़ी, नेट/सेट एवं एम फिल डिग्री धारी है और हाईकोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर वर्षो से अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्य कर रहे है उन्हे इस नीति के प्रावधान के तहत इस शिक्षण सत्र 2024-25 में बिना विग्यापन जारी किये उनके पूर्व स्थान पर ज्वाईनिंग करायेंगे या उनके लिए भी विग्यापन जारी किया जायेगा।

2 करोड़ की लागत से बगिया में बनेगा सीएम कैम्प कार्यालय, सीएम पत्नी कौशल्या ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बगिया में स्थापित सीएम कैंप कार्यालय का लाभ निरंतर लोगों को प्राप्त हो रहा है। इस कार्यालय को और सुविधायुक्त बनाने के लिए सरकार ने कैंप कार्यालय में भवन निर्माण के लिए 206.17 लाख की राशि स्वीकृत की है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में भवन निर्माण के लिए सीएम पत्नी कौशल्या साय ने विधि-विधान से भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और उनकी परेशानियों का समाधान भी कर रहे हैं। जनता की सेवा निरंतर जारी रहेगी। भवन निर्माण होने से कैंप कार्यालय में आने वाले लोगों की सुविधाओं में भी और इज़ाफा होगा। ज्ञात हो कि सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह ग्राम बगिया, विकासखंड कांसाबेल को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय का उद्देश्य जनता की बातों को मुख्यमंत्री साय तक पहुंचाकर उनके विचारों को सुना जाना और इसके साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान करना है।

जरूरतमंदों को मिल रही सहायता-उल्लेखनीय है कि सीएम कैम्प बगिया में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिला जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ से स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य समस्याओं और मांगों को लेकर लोग फोन से सम्पर्क कर रहे हैं। साथ ही यहां आयोजित होने वाले जनदर्शन में भी लोग पहुंच रहे हैं। इन सभी जरूरतमंदो को तत्काल सहायता पहुंचाई जा रही है।

सीएम निवास कार्यालय में विधायक रायमुनी, कृष्ण कुमार ने सरगुजा संभाग के पहाड़ी कोरवाओं को मिलाया सीएम से

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनदर्शन के बाद गुरूवार की रात अपने निवास कार्यालय में जशपुर विधायक रायमुनि भगत के नेतृत्व में सरगुजा संभाग से पहुंचे कोरवा परिवारों से मुलाकात की। सीएम साय ने उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

जिला खनिज विभाग ने एनजीटी के आदेश पर रेत उत्खनन बंद करने नदियों में जाकर जेसीबी से सड़क को बंद कराया

- नदियों से रेत परिवहन के लिए बनाए गए रास्ते में लगाया गया अंकुश

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार खनि अधिकारी चिरंजीव कुमार के नेतृत्व में खनि निरीक्षक आर.एल. राजपूत, खनि सिपाही राजूलाल बरेठा के द्वारा जशपुर जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में मौका जांच किया गया। जिसमें खनिज रेत के अवैध उत्खनन कर परिवहन करते पाये गए वाहनों पर खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा में उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है, तथा नदियों से रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन पर नियंत्रण करने हेतु रेत खदान पहुंच मार्ग को जेसीबी मशीन के माध्यम से विच्छेदित, काटा जाकर रास्ता बंद कराया गया। ताकि नदी से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन पर अंकुश लग सके।

यहां चलाया जेसीबी -विगत् 2 दिवस के भीतर लावा नदी में रातामाटी रेत खदान व भुड़केला रेत घाट पहुंच मार्ग तथा ईब नदी में बलुवाबहार रेत खदान व सिकिरमा रेत घाट पहुंच मार्ग को जेसीबी मशीन से काट कर बंद कराया गया। तथा सिकिरमा घाट से रेत का अवैध परिवहन करते पाये गये 01 ट्रैक्टर को जप्त किया जाकर फरसाबहार थाना के अभिरक्षा में रखा गया तथा ग्राम बलुवाबहार में खनिज मिट्टी ईट (बंगला भट्ठा) अवैध उत्खनन के 01 प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त पत्थलगांव क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन पर रोकथाम के लिए राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त टीम द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन के 08 प्रकरण तथा गिट्टी अवैध परिवहन करते 02 हाईवा खनिज अधिनियम के तहत् जप्त किया जाकर पुलिस थाना पत्थलगांव के अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन के दर्ज प्रकरणों में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा (21) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर रोकथाम के लिए कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

गजराज ने गांव में दी दस्तक, एक मकान को ढहाया, 03 बोरी धान को किया चट

मशाल जलाकर रतजगा करने पर मजबूर हुए ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से लगे हुए गांव में बीती रात जंगली हाथी ने दस्तक देते हुए एक ग्रामीण के मकान को क्षतिग्रस्त करते हुए घर के अंदर रखे तीन बोरी धान का चट कर जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला रायगढ़ वन मंडल क्षेत्र का है। रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूर में स्थित बंगुरसिया गांव के बरझरिया पारा बस्ती में बीती रात एक हाथी ने उत्पात मचाया है। जंगली हाथी ने यहां घुराउ लकड़ा के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए घर के अंदर रखे तकरीबन तीन बोरी धार को चट कर दियाए साथ ही साथ घर के अंदर रखा आलमारी के अलावा अन्य सामानों को क्षतिग्रस्त किया है। रात में गांव के अंदर अचानक हाथी के आमद के बाद गांव में भगदड की स्थिति निर्मित हो गई और फिर गांव के ग्रामीण एकजुट होकर जंगली हाथी को गांव से खदेडने अपने.अपने स्तर पर प्रयास करने लगे। जहां कुछ ग्रामीणों हो हल्ला करके हाथी को भगाने लगे तो कुछ ग्रामीण गांव में जगह-जगह मशाल जलाकर जंगली हाथी को भगाने के प्रयास में जुटे रहेए इस दौरान कई घंटों की मशक्कत के बाद जंगली हाथी वापस जंगलों की ओर चला गया तब जाकर गांव के लोगों ने राहत की सांस ली।

कार की ठोकर से आटो क्षतिग्रस्त, मामला पहुंचा थाने

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कार चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आटो चालक को जोरदार ठोकर मार दी। घटना की रिपोर्ट के बाद चक्रधर नगर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी पतासाजी में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बैंक कालोनी संजय नगर निवासी विष्णु मंडल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने आटो से स्कूली बच्चों को स्कूल छोड़ने जाता है। रोजाना की भांति वह कल सुबह पौने 5 बजे अपने घर से आटो क्रमांक सीजी 13 एएल 1009 को चलाते हुए बोईरदादर चैक पहुंचा और वहां आटो स्टैण्ड में अपने आटो का खडा कर ही रहा था कि करीबन सवा 6 बजे एक कार क्रमांक सीजी 11 बीडी 4012 के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आटो को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे आटो चालक आटो से दूर छिटककर जमीन पर गिर गया जिससे विष्णु मंडल के सीना, माथा, गर्दन, कमर, हाथ के अलावा शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट आई है। साथ ही साथ उसका आटो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

ब्राम्हण सेवा समिति को ओपी ने दिया 20 लाख का अनुदान

भवन बनाने के लिये समाज करेगा उपयोग

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित ब्राम्हण सेवा समिति को शासन द्वारा दी गई जमीन पर अब जल्द ही धर्मशाला का निर्माण कार्य शुरू होगा। इससे पहले समाज के लोगों ने खुद एकजुटता दिखाते हुए कुछ धनराशि इकट्ठी की थी इसके बाद अब रायगढ़ विधायक व छ.ग. के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी 20 लाख का अनुदान देने की घोषणा की है। एक जानकारी के अनुसार ब्राम्हण सेवा समिति रायगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं सचिव आदित्य शर्मा टिंकू महाराज के द्वारा माननीय वित्त मंत्री, विधायक रायगढ़ ओ पी चौधरी को परशुराम भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये अनुदान के लिये ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसके लिये संवेदनशील विधायक एवं वित्त मंत्री के द्वारा के द्वारा आज इस पुनीत कार्य हेतु स्वीकृति भी प्रदान की गयी द्य इस पुनीत कार्य में सभी ब्राम्हण सेवा समिति के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थित रही। ओपी की इस पहल को लेकर ब्राम्हण समाज के सभी पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

जल जीवन मिशन के लापरवाह ईई को प्रमुख अभियंता ने हटाया

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

गत दिनों 20 जून 2024 को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के द्वारा पूरे प्रदेश भर में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का समीक्षा कर रहे थे जिसमें उन्होंने पाया कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले में पदस्त कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप सिंह का कार्य संतोष जनक नहीं है। और उनके लापरवाही के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण उनको तत्काल प्रभाव से हटाते हुए आगामी आदेश तक बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। वही उनके स्थान पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंडल अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता सुशील कुमार सिन्हा को बलरामपुर खंड के कार्यपालन अभियंता का प्रभार सौंपा गया है।

शिक्षा के मंदिर को भी चोरों ने नही बख्शा, शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पश्चात नगदी रकम समेत सामानों की हो गई चोरी

रायगढ़। रायगढ़ जिले में अज्ञात चोरों ने सरकारी स्कूल से नगदी रकम के अलावा हजारों रूपये के सामानों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। प्रधान पाठक की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच मामले को जांच में ले लिया है।

राजधानी के 5 स्थानों में फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन विद्युत मंत्रालय की गाईड लाईन अनुसार लगाए जाएंगे

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन चार्जिंग से प्राप्त आय का 10 प्रतिशत नगर निगम के साथ शेयर किया जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर रायपुर में रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति में शहर में भिन्न 5 स्थानों पर नगर पालिक निगम रायपुर एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा सहभागिता से प्रथम चरण में फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन विद्युत मंत्रालय द्वारा 14 जनवरी 2022 को जारी गाईड लाईन के अनुसार शीघ्र लगाये जाने का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। रायपुर जिला कलेक्टर की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के डिविजनल इंस्टीट्यूशनल बिजनेस हेड संजय कछवाहा ने इस संबंध में हुए एमओयू पर हस्ताक्षर किये। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने राज्य शासन की लोककल्याणकारी मंशा के अनुसार नगर निगम रायपुर और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सहभागिता से प्रथम चरण में राजधानी शहर के 5 स्थानों में फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन की शीघ्र स्थापना हेतु प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे नागरिको को श्रेष्ठ सुविधा शासन की मंशा अनुरूप शीघ्र उपलब्ध हो सकेगी। उन्होने इस कार्य को शीघ्र प्राथमिकता से करवाने अधिकारियों को निर्देशित किया। अब राजधानी शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम परिसर, गॉधी उद्यान, पुराना स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय परिसर, आउटडोर स्टेडियम परिसर, अनुपम गार्डन (महावीर पार्क), सेन्ट्रल लाईब्रेरी के सामने और जवाहर बाजार पार्किंग में फास्ट 4 व्हीलर ईव्ही चार्जिंग स्टेशन शीघ्र लगाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। चार्जिंग स्टेशन की स्थापना हेतु भूमि रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा उपलब्ध करवायी जायेगी तथा चार्जिंग स्टेशन की स्थापना पर होने वाला समस्त व्यय (आपरेशन मेंटेनेंस सहित) इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा वहन किया जायेगा। इसके साथ ही इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा चार्जिंग से प्राप्त आय का 10 प्रतिशत रायपुर नगर पालिक निगम के साथ शेयर किया जायेगा। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के सिनियर इंजीनियरिंग ऑफिसर सौरभ प्रियदर्शन, रायपुर नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता मोहम्मद इमरान खान सहित रायपुर नगर पालिक निगम और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के डिविजनल कार्यालय के संबंधित प्रतिनिधि अधिकारीगण इस अवसर पर रायपुर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उपस्थित थे।

कला केन्द्र से निखर रहा है हर आयु वर्ग के कलाकारों का कला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से 10 मार्च 2024 को शुभारंभ हुए कलाकेन्द्र से अबतक कुल 18 सौ 90 कलाकारों ने लिया 23 अलग-अलग विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जहां वर्तमान में 9 सौ से अधिक प्रशिक्षणार्थियों के साथ नियमित रूप से सुबह 06 से 10 बजे एवं शाम 04 बजे से रात्रि 08 बजे तक अलग अलग तीन पालियों में कला केन्द्र संचालित हो रहा है। इसमें हर एक विधा में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा संबंधित विधा को बारीकि से सिखाया जाता है और प्रैक्टिकल रूप से ट्रेनिंग दी जाती है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र का संचालन हो रहा हैं। इस केंद्र में बच्चे और युवाओं को कुल 23 विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कला केंद्र परिसर में गाने की रिकॉर्डिंग के लिए कक्ष का निर्माण भी किया गया है। परिसर में निर्मित ओपन मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय-समय पर प्रस्तुतियां होती है। प्रत्येक कमरा वातानुकूलित है और परिसर में शुद्ध पेयजल-शौंचालय के साथ पार्किंग की व्यवस्था है। परिसर में सुरक्षा के लिए गार्ड भी रहते है। कला केंद्र का संचालन कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित कर किया जा रहा है। प्रशिक्षर्थियों के लिए सौ रूपये में पंजीयन एवं पांच सौ रूपये प्रतिमाह की दर से प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है।

राज्यपाल के विधिक सलाहकार को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव अपनी अर्धवार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे है। इस अवसर पर उनको राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्रीवास्तव ने राजभवन में पदस्थापना के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता पूर्वक किया है। किसी भी फाइल के निराकरण में कानूनी पहलूओं की जानकारी महत्वपूर्ण होती है। विधिक सलाहकार के पद पर रहते हुए श्रीवास्तव ने दक्षता पूर्वक अपना कार्य करते हुए फाइलों के सही तरीके से निराकरण में सहयोग किया। भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना है कि उनका भावी जीवन सुखमय रहे। राज्यपाल ने श्रीवास्तव को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यपाल के सचिव यशंवत कुमार ने भी श्रीवास्तव के सुखद भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भारत से निकल कर पूरी दुनिया में पहुंच रहा है आयुर्वेद : श्याम बिहारी जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 28-30 जून 2024 को कृषि मंडपम, रायपुर, छत्तीसगढ़ में 3 दिवसीय रायपुर आरोग्य मेले का आयोजन किया है। कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। उद्घाटन समारोह के अन्य गणमान्य व्यक्तियों में आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, आयुष निदेशालय, छत्तीसगढ़ के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील कुमार दास, आईजीकेवी के डीन डॉ. जी. के. दास, छत्तीसगढ़ चैप्टर पीएचडीसीसीआई के चेयरमैन शंकर बजाज, निदेशक मिली दुबे शामिल थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष, आयुर्वेद, जैविक उत्पाद, यूनानी, सिद्ध, हर्बल, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, कोल्ड चेन, उद्योग और कोल्ड सप्लाई चेन नेटवर्क पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसका उद्देश्य निवेश और व्यापार के अवसरों को बढ़ाना है। यह विभिन्न हितधारकों, उद्योग, शैक्षणिक और नीति एजेंसियों को एक सामान्य मंच पर लाकर योजनाओं और प्रोत्साहनों, बाजार विकास प्रक्रियाओं, विकास और प्रबंधन प्रथाओं, बहु-मॉडल परिवहन सुविधाओं, और संबंधित वस्तुओं पर राज्य और केंद्रीय सरकारों के साथ संवाद स्थापित करने का एक मंच प्रदान करेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आरोग्य मेले में आयुष पवेलियन का दौरा किया और कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों के लिए 3 दिनों के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क औषधि वितरण का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्ध और औषधीय पौधों के डॉक्टरों से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स के स्टॉल्स का भी दौरा किया, जो छत्तीसगढ़ में बने विभिन्न आयुष उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

विचाराधीन बंदी दुर्गेश यादव के मृत्यु प्रकरण में पांच लाख रुपए आर्थिक क्षतिपूर्ति का भुगतान

- जेल अभिरक्षा में हुई मौत के प्रकरण में, पांच लाख रुपए की क्षतिपूर्ति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग की अनुशंसा के आधार पर, विचाराधीन बंदी दुर्गेश यादव की जेल अभिरक्षा में हुई मौत के प्रकरण में विभाग द्वारा राशि 5 लाख (पांच लाख) रूपये के भुगतान का आदेश बतौर आर्थिक क्षतिपूर्ति मृतक के पिता को प्रदान किया है। ज्ञात हो, न्यायालयीन लंबित प्रकरण के आधार पर विचाराधीन बंदी दुर्गेश यादव, को बेमेतरा उपजेल में 29.03.2019 को निरुद्ध किया गया था, जांच रिपोर्ट में इस आशय का उल्लेख है कि 06.07.2019 को जेल की पाकशाला में, चांवल का भगोना उतारते वक्त, विचाराधीन बंदी दुर्गेश यादव का पैर फिसल गया, जिसके कारण चांवल के भगोने का गरम माड़ (पेज), बंदी के पैर एवं शरीर के अन्य भाग में गिर गया, और वह गंभीर रूप से जल गया, जेल प्रशासन, बेमेतरा द्वारा आरोपी को तत्काल केंद्रीय जेल, रायपुर स्थानांतरित करते हुए, ईलाज हेतु डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल, रायपुर के बर्न यूनिट में कराया गया, परन्तु 09.07.2019 को बंदी की मृत्यु हो गई। आयोग द्वारा प्रकरण संज्ञान में लिया गया, एवं जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायपुर व पुलिस अधीक्षक, रायपुर से प्रतिवेदन आहूत किया गया।

कांग्रेस ने बैलेट पेपर से हो नगरीय निकाय चुनाव होने की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव को बैलेट पेपर से कराये जाने की मांग लेकर कांग्रेस पार्षदों ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। महापौर एजाज ढेबर समेत कांग्रेसी पार्षदों ने निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह से मुलाकात की। महापौर ने नगरीय चुनाव ईवीएम की जगह मत पत्र से कराने की मांग है। कांग्रेसी पार्षदों ने बैलेट पेपर से निकाय चुनाव कराने की मांग की।

बीएएसएलपी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि में वृद्धि

रायपुर। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाक, कान व गला रोग विभाग (ई.एन.टी) के अंतर्गत संचालित बैचलर ऑफऑडियोलॉजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी (बी.ए.एस.एल.पी) पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश लेने हेतु आवेदन फॉर्म 28 मई 2024 से ऑनलाइन प्रारंभ किया गया था। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा सामान्य डाक द्वारा 27 जून 2024 तक तथा विलंब शुल्क के साथ 29 जून 2024 तक जमा किये जा सकते थे। परंतु 27.06.2024 को हुए विभागीय बैठक के निर्णय अनुसार फार्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई 2024 एवं विलंब शुल्क के साथ 12 जुलाई 2024 तक कर दी गयी है।

कृषि के विकास में वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान : रामविचार नेताम

कृषि मंत्री ने तीन दिवसीय कृषि विज्ञान केद्रों की क्षेत्रीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि देश में कृषि और उद्यानिकी के विकास में कृषि वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कृषि वैज्ञानिकों को वर्तमान दौर में लोगों के जरूरत के मुताबिक कृषि क्षेत्र में अपडेट रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले देश में भुखमरी की स्थिति थी। आवश्यकता के अनुरूप अनाज का उत्पादन नहीं हो पाता था, जिसके कारण अन्य हमें देशों पर निर्भर रहना पड़ता था। हमारे देश के कृषि वैज्ञानिकों, रिसर्चर, प्रोफेसर के नीत नए तकनीकों की खोज और उत्पादन में वृद्धि के प्रयास का प्रतिफल है कि हमारे पास अन्न का पर्याप्त भंडार है और दूसरे देशों को निर्यात भी करते हैं। मंत्री नेताम कृषि महाविद्यालय रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्रों की 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला' के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री नेताम ने इस मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा पत्रिकाओं का विमोचन किया। कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''एक गांव, एक फसल'' का आव्हान किया है। देश को सक्षम और समृद्धशाली बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के इस सोंच के अनुरूप कृषि वैज्ञानिकों और इस क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को नवीन तकनीक और दलहन-तिलहन व मिलेट्स फसलों का खोज कर उत्पादन में वृद्धि करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश भर में अनेक जिलों में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक का रिसर्च और किसानों में विभिन्न फसलों के प्रति जागरूकता उनकी महती योगदान को दर्शाता है। नेताम ने इस मौकें पर उन्होंने हरित क्रांति के जनक महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामी नाथन को भी याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. (कर्नल) गिरिश चंदेल ने कहा कि कृषि के विकास और किसानों को समृद्ध बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मूल रूप से कृषि विश्वविद्यालय का काम शिक्षा विस्तार और शोध का है। लेकिन वास्तव में कृषि विद्यालय के शोध को किसानों तक पहुंचाने का काम कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किया गया है। यह एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि कृषि को सुदृढ़ बनाने विज्ञान केन्द्रों द्वारा नए-नए तकनीकों किसानों तक पहुंचने का काम किया गया है। जिससे कम लागत और उत्पादन में वृद्धि संभव हुआ है। आज बाजार आधारित कृषि विकास की जरूरत है कृषि विज्ञान केन्द्र इस पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब धान का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है। देश में चावल निर्यात में छत्तीसगढ़ का 17 से 18 प्रतिशत का योगदान है। उन्होंने कहा कि मिलेट फसलों कोदो-कुटकी का अच्छा बाजार का भी उपलब्ध हो रहा है। मिलेट फसल के अच्छे भाव मिलने से किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403